22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:37 AM Page 1

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 266 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 04 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज: 12 मूल्य 05 रुपया

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक कैरी बैग मुक्त दिवस पर छात्रों को अखबार का लिफाफे बनाना सिखाया

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा नारी प्रगति सोशल फाउंडेशन ने विचार-धारा के तहत यशोदा पब्लिक स्कूल के छात्रों को पोलीथीन का प्रयोग रोकने के लिये पुराने न्यूज पेपर के लिफाफे बनाने सिखाये। बच्चों

द्वारा बनाये हुए लिफाफे वेंडर्स को दिये जायेंगे जिससे पोलीथीन के प्रयोग पर रोक लगाने में सफल होंगे और बच्चों के साथ साथ माता-पिता भी जागरूक होंगे ।इसके साथ-साथ सबसे महत्तवपूर्ण, वेंडर्स पोलीथीन के स्थान पर बच्चों द्वारा बनाए गए लिफाफे प्रयोग करेंगे और उसके लिए बच्चों को पाठ्य लेखन सामग्री देंगे।प्रत्येक शनिवार छात्रों द्वारा पुराने न्यूज पेपर के लिफाफे बनाएं जायेगे और लिफाफे वेंडर्स को दिये जायेगे। यह पॉलिथीन रोकने का बहुत ही सराहनीय प्रयास है। जिससे समाज मे एक जागरूकता का अभ्युदय होगा।और इससे समाज मे फैल रही तमाम बीमारियों से निजात मिलेगी। प्रदूषण पर भी अवरोध लगेगा।

दोहरे हत्याकांड से पिनाहट मे विरोध स्वरूप बाजार बंद

एसएसपी घटना स्थल पहुंच अधीनस्थो के कसे पेंच

आगरा (बी एन मिश्रा) पिनाहट में एक गल्ला व्यापारी और उनकी पत्नी

की बदमाशों ने लूटपाट के दौरान हत्या कर दी। हत्या के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वारदात की जानकारी होते ही कस्बे का बाजार पूरी तरह से बंद हो गया। सभी दुकानदार मौके पर आ गये। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। सुरेश चंद गुप्ता की क्षेत्र में आढ़त और तेल मिल है। शनिवार को वह आगरा में अपने बेटे के पास गए थे। शाम को वापस लौटने के बाद उन्होंने मिल खोली। रात को वह घर चले गए। आज दोपहर तक सुरेश चंद्र गुप्ता और उनकी पत्नी कृष्णा घर से बाहर नहीं निकले तो पड़ोसियों को कुछ अनहोनी का शक हुआ। पड़ोसियों ने घर में घुसकर देखा तो प्रथम तल पर कमरे में सुरेश चंद गुप्ता बेड पर लहूलुहान पड़े हुए थे। वहीं उनकी पत्नी का शव फर्श पर पड़ा हुआ था। दोनों के गले पर निशान थे। घर में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई । सामान बिखरा पड़ा होने के कारण लूट की भी आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। इसके साथ ही मृतक के परिवार वालों से भी बात की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोहरा हत्याकांड का जल्दी खुलासा किया जाए। एसपी पूर्वी सोमेंद्र मीणा ने भी मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि ये मामला लूटपाट का मालूम पड़ रहा है। व्यापारी के घर में सीसीटीवी कैमरे नहीं थे। आसपास के कैमरा से छानबीन की जा रही है। व्यापारी के परिजन भी आगरा से आ गए है।उनसे भी बातचीत की जा रही है।

विशेष लोक अदालत में 111 वादों का निस्तारण किया गया

देव मणि शुक्लब्यूरो प्रभारी

नोएडा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आर्बिटेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 03.07.2022 को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें विभिन्न जिला न्यायालयों द्वारा कुल 111 वादों का निस्तारण किया गया।

सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि माननीय जिला जज श्री अवनीश सक्सेना द्वारा 09 वाद, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय श्री अनुपम कुमार द्वारा 24 वाद, अपर जिला जज प्रथम वेद प्रकाश वर्मा द्वारा 07 वाद, अपर जिला जज तृतीय पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा 05 वाद, अपर जिला जज चतुर्थ ज्योत्सना सिंह द्वारा 11 वाद, अपर जिला जज पंचम मोना पवार द्वारा 48 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी प्रथम डा0 अनिल कुमार सिंह द्वारा 03 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी द्वितीय राजीव कुमार वत्स द्वारा 04 वाद का निस्तारित किया गया।

उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 111 मामलों का निस्तारण किया गया।

हैदराबाद में BJP ने भरी हुंकार, तेलंगाना की जनता से PM मोदी ने किया ये वादा

हैदराबाद परेड ग्राउंड में पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए तेलंगाना के विकास कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

हैदराबाद में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परेड ग्राउंड में रैली को संबोधित किया. पीएम ने कहा कि आज ऐसा लग रहा है कि जैसे पूरे तेलंगाना का स्नेह यहां इस मैदान में ही सिमट आया है. तेलंगाना के अलग-अलग जिलों से आप यहां इतनी बड़ी संख्या में आये हैं. आपके इस स्नेह के लिए, इस आशीर्वाद के लिए मैं आपका अभिनन्दन करता हूं, तेलंगाना की धरती का वंदन करता हूं.

हैदराबाद हर टैलेंट की उम्मीदों को नई उड़ान देता है

पीएम मोदी ने कहा कि जिस तरह हैदराबाद शहर हर टैलेंट की उम्मीदों को नई उड़ान देता है. वैसे ही भाजपा भी देश की आशाओं-अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दिन रात मेहनत कर रही है. तेलंगाना के लोग, पूरी दुनिया में कड़ी मेहनत और देश के विकास के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं. तेलंगाना में कला, कौशल, कर्मठता भरपूर है. तेलंगाना, प्राचीनता और पराक्रम की पुण्य स्थली है.

तेलंगाना का विकास भाजपा की प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि तेलंगाना का विकास, चौतरफा विकास, भारतीय जनता पार्टी की पहली प्राथमिकताओं में से एक है. सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए हम तेलंगाना के विकास का निरंतर प्रयास कर रहे हैं. बीते 8 वर्षों में हमने हर भारतीय के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया है. देशवासियों के जीवन कैसे आसान हो, विकास का लाभ कैसे हर व्यक्ति, हर क्षेत्र तक पहुंचे, इसके लिए हमनें निरंतर काम किया है. जो

वंचित, शोषित रहे उनको भी राष्ट्रीय योजनाओं के माध्यम से हमने विकास में भागीदार बनाया है.

सबका साथ, सबका विकास

यही कारण है कि गरीब, दलित, वंचित, पिछड़े, आदिवासी सभी को आज लगता है कि भाजपा सरकार उनकी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं दोनों की पूर्ति कर रही है. देश की महिलाओं को भी आज महसूस हो रहा है कि उनका जीवन आसान हुआ है, उनकी सुविधा बढ़ी है. अब वो राष्ट्र के विकास में अधिक योगदान दे सकती हैं. तेलंगाना के गरीबों को मुफ्त राशन हो, गरीबों को मुफ्त इलाज हो, भाजपा सरकार की नीतियों का लाभ सभी को बिना भेदभाव मिल रहा है. यही तो सबका साथ, सबका विकास है.

जब भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली

पीएम मोदी ने कहा कि इसी वजह से आज देश के सामान्य नागरिक का भाजपा पर इतना विश्वास है. आपका ये उत्साह, आपका ये प्यार आज पूरे देश को पता चल रहा है. 2019 के चुनाव में भाजपा ने जितना जनसमर्थन तेलंगाना में हासिल किया था, उसमें निरंतर वृद्धि हो रही है. भाजपा ने जितना जनसमर्थन तेलंगाना में हासिल किया था, उसमें निरंतर वृद्धि हो रही है. ग्रेटर हैदराबाद के चुनावों में इसकी एक और झलक हमने देखी, जब भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली.

तेलंगाना की लाखों गरीब बहनों को धुएं से मुक्ति मिली

स्वच्छ भारत अभियान से तेलंगाना की लाखों गरीब माताओं-बहनों-बेटियों को सम्मान का जीवन मिला है. उज्जवला योजना से मिले मुफ्त गैस कनेक्शन से तेलंगाना की लाखों गरीब बहनों को धुएं से मुक्ति मिली है. मातृत्व के समय पोषण से लेकर टीकाकरण की सुविधाओं को हमनें तेलंगाना के गांव-गांव तक पहुंचाया है. इसी का परिणाम है कि आज बहनों बेटियों का स्वास्थ्य भी सुधर रहा है और उनके जीवन पर संकट भी कम हुआ है. हम इस 21वीं सदी में देश के नारी शक्ति को राष्ट्रशक्ति बनाने का ईमानदार प्रयास कर रहे हैं.

तेलंगाना भारत में Research और Innovation का एक बड़ा केंद्र

हाल ही में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक बैंकों में जमा धनराशि में महिलाओं की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है. ग्रामीण महिलाओं के मामले में ये आंकड़े और भी ज्यादा हैं. जन धन योजना के तहत पूरे देश में 45 करोड़ बैंक खाते खोले गए. जिनमें से 1 करोड़ से ज्यादा जन धन बैंक खाते तेलंगाना में खोले गए हैं, इनमें से 55% से ज्यादा खाते महिलाओं के हैं. तेलंगाना भारत में Research और Innovation का भी एक बड़ा केंद्र है.

तेलगु में टेक्नोलॉजी और मेडिकल की पढ़ाई होगी

कोरोना काल में वैक्सीन्स को लेकर, दूसरे साजो सामान को लेकर जो काम यहां हुआ है, उसने पूरी दुनिया में करोड़ों जीवन बचाने में मदद की है. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हमने स्थानीय भाषा में पढ़ाई को प्राथमिकता दी है. जब तेलगु में टेक्नोलॉजी और मेडिकल की पढ़ाई होगी, तो तेलंगाना के गांवों की, गरीब परिवार की माताओं के सपनें सच होंगे. आत्मनिर्भर भारत अभियान को रामागुंडम खाद कारखाना भी सशक्त कर रहा है. बीते दशकों में देश के जो अनेक खाद कारखाने बंद हुए थे, उनमें से ये भी एक था. 2015 में हमनें इसे फिर से चालू करने के लिए काम शुरू किया, लगभग साढ़े 6 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया.

तनाव रहित पत्रकारिता के लिए ध्यान का महत्व

(हरेश उपाध्याय)नोएडाः-ब्रहमा कुमारीज,दिल्ली जोन के मीडिया विंग के सौजन्य से ब्रहमा कुमारीज राजयोग सेंटर सेक्टर -26 नोएडा में विशेषकर मीडिया परसोर्नेल के लिए तनाव रहित पत्रकारिता के लिए एक सेमीनार का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार से ध्यान के द्वारा तनाव रहित पत्रकारिता की जा सकती है।सेमीनार का आगाज मुख्य अतिथि व अध्यक्ष प्रोफेसर संजय द्विवेदी आईआईएमसी निदेशक व मारवाह स्टूडियोज व एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एवं टेलीविजन नोएडा के प्रेसिडेंट डाक्टर संदीप मारवाह ने किया।मंच का बखूबी संचालन सुशांत भाई ने किया तो लक्ष्मी व सुदेश और सुजाता तथा ललिता, वर्षा दीदियों ने मीडिया कर्मियों के बावत राजयोग व ध्यान के गोल्डन टिप्स पर प्रकाश डाला।इस मौके पर इंडियन जर्नलिस्ट वेलफेयर असोसिएशन के प्रेसिडेंट व वरिष्ठ पत्रकार राजीव निशाना,आल इंडिया रेडियो के एडवाइजर उमेश चतुवेर्दी, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सुनिल मिश्रा, राजेश

डांग, रीडर्स मैसेंजर समूह के प्रतिनिधि, दैनिक जागरण समाचार पत्र के प्रमुख संपादक रमन झा सहित तमाम मीडिया कर्मी गणमान्य लोग व नोएडा राजयोग सेंटर के भाई बहन मौजूद रहें। सेमीनार के अंत में, दीदी प्रमुख ने ब्रहम भोजन के लिए आमंत्रित कर मीडिया कर्मियों को ईश्वरीय सौगात से भी नवाजा।

मगध विवि के पूर्व वीसी राजेंद्र प्रसाद परजारी हुआ गैर जमानतीय वारंट।

समाज जागरण पटना बिहार हेड(आर.के.पांडेय)

पटनाः कॉपी व ई-बुक खरीद में करोड़ों के गबन के

मामले में मगध विश्वविद्यालय के पूर्व वाइस चांसलर डॉ राजेंद्र प्रसाद बुरी तरह से फंस गये हैं। निगरानी के विशेष लोक अभियोजक आनंदी सिंह ने बताया कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का अग्रिम आवेदन उच्च न्यायालय द्वारा खारिज होने के बाद गैर जमानतीय वारंट जारी हुआ है। ऐसे में अब उन्हें कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। हालांकि इसी मामले में नामजद अभियुक्त डॉ पुष्पेंद्र कुमार वर्मा, जयनंदन प्रसाद सिंह, विनोद सिंह, व सुबोध कुमार को उच्च न्यायालय से नियमित जमानत मिल चुकी है।मगध विश्वविद्यालय में तय कीमत से अधिक दाम पर उत्तर पुस्तिकाओं की खरीद, प्रश्नपत्रों की छपाई और सुरक्षा गार्डों की संख्या ज्यादा बताकर उनके वेतन भुगतान से संबंधित अनेक वित्तीय अनियमितताओं के आरोप पूर्व वीसी डॉ राजेंद्र प्रसाद पर लगे हैं। इस घटना को लेकर शिक्षा जगत के अलावा राजनीतिक गलियारे में काफी उनकी आलोचना हुई थी।

सरकार ने भी उनके खिलाफ जांच कराने की मांग करते हुए कुलाधिपति कार्यालय को पत्र लिखा था। भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद कुलपति राजेंद्र प्रसाद के कई ठिकानों पर सतर्कता अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने एक साथ छापेमारी की थी। इस कार्रवाई में लाखों की संपत्ति मिली थी। इस मामले में पटना उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी थी. इन आरोपों और जांच के चलते प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर अवकाश पर चल रहे थे. वित्तीय अनियमितताओं के मामले में पटना उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उन पर लगे वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कड़ा रुख अख्तियार किया था और और उनके द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा था कि उन्हें गिरफ्तारी पर रोक लगाने की छूट नहीं दी जा सकती।

20 करोड़ के गबन का है आरोपः

एमयू के पूर्व वीसी सहित सभी अभियुक्तों पर आरोप है कि विश्वविद्यालय के उच्च पदाधिकारियों ने पद का दुरुपयोग करते हुए आपसी साजिश कर नियमों को ताक पर रख बिना कमेटी की अनुमति के व नियमों का उल्लंघन करते हुए अपने नजदीकी कंपनियों को कॉपी व इ-बुक खरीदने का ठेका देकर करीब 20 करोड़ रुपये का गबन किया है।

बबराला बार वैलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अधिवक्ताओं ने एक आपात बैठक बुलाई।

जिसमे लेखपाल वसीम व उनके साथियों ने हमारे अधिवक्तागण की पिटाई एंव उनकी चेन व एक हजार नकद छीनने का दोषी होते हुए भी उल्टी एफआईआर कराने के लिए प्रार्थना पत्र एसडीएम के समक्ष देने पर विचार किया गया।उक्त घटना से अधिकतर अधिवक्ताओं ने रोष व्यक्त किया है।इस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समस्त अधिवक्तागण उचित समाधान

पूरी होगी बिहार की मुरादे, मिलेंगे नए तोहफे।

समाज जागरण पटना से बिहारहेड (राजेंद्र कुमार पांडेय की रिपोर्ट)

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 जुलाई को बिहार और झारखंड के दौरे पर आने संभावना है. उनके दौरे को लेकर दोनों राज्यों में गहमागहमी तेज है।सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी 12 जुलाई को पटना आएंगे. वे यहां बिहार विधानसभा के शताब्दी समारोह में भाग लेंगे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे. हालांकि उनके दौरे का मुख्य केंद्र झारखंड माना जा रहा है जहाँ वे देवघर जाएंगे।

पीएम मोदी के 12 जुलाई को पटना के बाद देवघर जाने की संभावना है. वे देवघर में बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा कर सकते हैं। बाद में वहां देवघर हवाईअड्डे का उदघाटन करेंगे और देवघर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।इस दौरान पीएम मोदी एक रोड शो भी करते हैं. हालांकि उनके कार्यक्रम की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन देवघर में इन दिनों तैयारियां जोरों पर है।बिहार और झारखंड के इस दौरे के दौरान वे दोनों राज्यों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते हैं. खासकर देवघर हवाई अड्डे की शुरूआत के आलावा रेल और सड़क से जुडी कई परियोजना को स्वीकृति मिलने की संभावना है।सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी संथाल परगना के पांच जिलों समेत बिहार के बांका के लिए गैस पाइप लाइन योजना की शुरूआत करेंगे। इससे बिहार के बांका में बड़े स्तर पर लोगों को फायदा होगा।

इसी तरह देवघर एम्स में 250 बेड का अस्पताल और एकेडमिक बिल्डिंग की घोषणा हो सकती है. देवघर से बनारस के लिए गतिमान एक्सप्रेस भी शुरू होनी है। इस नई ट्रेन से सात घंटे में दोनों धार्मिक स्थलों के बीच का सफर पूरा होगा।देवघर एम्स और गतिमान एक्सप्रेस दोनों ही न सिर्फ झारखंड बल्कि बिहार के लिए बेहद खास है।दरअसल, पूर्वी बिहार के कई जिलों बांका, जमुई, भागलपुर, मुंगेर आदि को हवाई सफर के लिए अब विकल्प के तौर पर एक नया हवाई अड्डा मिल जाएगा. साथ देवघर एम्स भी बिहार के इन जिलों के लिए बड़ी राहत देगा।मौजूदा दौर में इन जिलों के लोगों को उपचार और हवाई सफर के लिए पटना पर निर्भर रहना पड़ता है. अब उन्हें वे सुविधाएं देवघर में मिल जाएंगी।

इसी तरह गतिमान एक्सप्रेस शुरू होने से पटना सहित बिहार के कई शहरों के लोगों को बनारस और देवघर जाना आसान हो जाएगा. लम्बे समय से राज्य के लोग एक तेज गति की ट्रेन की मांग करते रहे हैं। हंसडीहा-महागामा फोर लेन सड़क, गोड्डा स्टेशन में कोचिंग यार्ड, मधुपुर स्टेशन में वाशिंग पिट, जसीडीह रेल बाईपास कुछ ऐसी योजना है जिसकी सौगात पीएम मोदी दे सकते हैं।

साधना पथ (भाग 185)

देव मणि शुक्ल

साधको एक प्रश्न बहुत ही विचारणीय है, कि हम सब अपने पास आने वालों से सदैव याचना ही क्यों करते है? वैसे शास्त्र तो यही कहता है कि त्याग से बढ़कर प्रत्यक्ष और तुरन्त फलदायी और कोई वस्तु नहीं है। त्याग की कसौटी मनुष्य के अच्छे , बुरे रूप को दुनियाँ के सामने प्रस्तुत करता है। मन में जमे हुए कुसंस्कारों और विकारों के बोझ को हल्का करने के लिए त्याग से बढ़कर अन्य कोई साधन नहीं हो सकता।

मित्रों -हम आप संसार से कुछ प्राप्त करना चाहते हैं, विद्या, बुद्धि सम्पादित करना चाहते हैं, तो त्याग कीजिए! आपके पास में जो है उसे दीजिए ! अगर हमें कुछ लेना है तो कोई भी वस्तु मुफ्त में नहीं मिलती। हमारे आपके पास पैसा, रोटी, विद्या, श्रद्धा, सदाचार, भक्ति, प्रेम, समय, शरीर जो भी हो, मुक्त-हस्त होकर दुनियाँ को दीजिए! बदले में हमें आपको बहुत कुछ मिलेगा।

भरत जी ने सिंहासन का त्याग किया, हनुमान जी ने अपना मान छोड़ा , उन्होंने जो छोड़ा था, उससे अधिक पाया। विश्वकवि रवीन्द्रनाथ टैगोर अपनी कविता में कहते हैं-" उसने हाथ पसार कर मुझसे कुछ माँगा, मैंने अपनी झोली में से अन्न का एक छोटा दाना उसे दे दिया। शाम को मैंने देखा कि मेरी झोली में उतना ही छोटा एक सोने का दाना मौजूद था। मैं फूट-फूट कर रोया कि क्यों न मैंने अपना सर्वस्व न डाला, जिससे मैं भिखारी से राजा बन जाता। कहने का तात्पर्य सिर्फ इतना है कि त्याग ही हमें महान भी बनाता है , बन्धन से मुक्त भी करता है और हमें बहुत कुछ प्राप्त भी कराता है ।

शिक्षा की ठोष बुनियाद एवं सम्यक आर्थिक वैज्ञानिक नीति राष्ट्र की आवश्यकता।

हर राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा का अति महत्वपूर्ण किरदार होता है जिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक तथा वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

अतीत से सीखें

अतीत की कड़वी सच्चाइयों से सीखने का प्रयास करें। जीवन से जो चला गया है उसका गम मनाने की बजाय जो बचा हुआ है, उसे सँभालने का प्रयास करें। कुछ नई योजनायें बनाकर, नई उम्मीदों के साथ फिर कर्म के रण में उतर जाएँ। जो खो गया है वह तो लौटकर नहीं आ सकता है। अपने नुकसान के लिए किसी को भी दोषी मानने की बजाय, और उससे बदला लेने की बजाय अपनी ऊर्जा को पुनः अपने उद्देश्य में लगायें। अपने पुराने दुःख से, अतीत की बुरी स्मृति से जब तक आप मुक्त ना होंगे तब तक भविष्य का सुनहरा कल आपका आलिंगन कैसे करेगा ? वक्त सबको मिलता है, जीवन बदलने के लिए।

आजाद हिन्द फौज की स्थापना

सामान्य धारणा यह है कि आजाद हिन्द फौज और आजाद हिन्द सरकार की स्थापना नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने जापान में की थी; पर इससे पहले प्रथम विश्व युद्ध के बाद अफगानिस्तान में महान क्रान्तिकारी राजा महेन्द्र प्रताप ने आजाद हिन्द सरकार और फौज बनायी थी। इसमें 6,000 सैनिक थे।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इटली में क्रान्तिकारी सरदार अजीत सिंह ने ह्यआजाद हिन्द लश्करह्न बनाई तथा ह्यआजाद हिन्द रेडियोह्न का संचालन किया। जापान में रासबिहारी बोस ने भी आजाद हिन्द फौज बनाकर उसका जनरल कैप्टेन मोहन सिंह को बनाया। भारत को अंग्रेजों के चंगुल से सैन्य बल द्वारा मुक्त कराना ही इस फौज का उद्देश्य था।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस 5 दिसम्बर, 1940 को जेल से मुक्त हो गये; पर उन्हें कोलकाता में अपने घर पर ही नजरबन्द कर दिया गया। 18 जनवरी, 1941 को नेताजी गायब होकर काबुल होते हुए जर्मनी जा पहुँचे और हिटलर से भेंट की। वहीं सरदार अजीत सिंह ने उन्हें आजाद हिन्द लश्कर के बारे में बताकर इसे और व्यापक रूप देने को कहा। जर्मनी में बन्दी ब्रिटिश सेना के भारतीय सैनिकों से सुभाष बाबू ने भेंट की। जब उनके सामने ऐसी सेना की बात रखी गयी, तो उन सबने इस योजना का स्वागत किया।

जापान में रासबिहारी बसु द्वारा निर्मित 'इण्डिया इण्डिपेण्डेस लीग' (आजाद हिन्द संघ) का जून 1942 में एक सम्मेलन हुआ, जिसमें अनेक देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके बाद रासबिहारी बसु ने जापान शासन की सहमति से नेताजी को आमन्त्रित किया। मई 1943 में जापान आकर नेताजी ने प्रधानमन्त्री जनरल तोजो से भेंट कर अंग्रेजों से युद्ध की अपनी योजना पर चर्चा की। 16 जून को जापानी संसद में नेताजी को सम्मानित किया गया।

नेताजी 4 जुलाई, 1943 को आजाद हिन्द फौज के प्रधान सेनापति बने। जापान में कैद ब्रिटिश सेना के 32,000 भारतीय तथा 50,000 अन्य सैनिक भी इस फौज में सम्मिलित हो गये। इस सेना की कई टुकड़ियाँ गठित की गयीं। वायुसेना, तोपखाना, अभियन्ता, सिग्नल, चिकित्सा दल के





साथ गान्धी ब्रिगेड, नेहरू ब्रिगेड, आजाद ब्रिगेड तथा रानी झाँसी ब्रिगेड बनायी गयी। इसका गुप्तचर विभाग और अपना रेडियो स्टेशन भी था।

9 जुलाई को नेताजी ने एक समारोह में 60,000 लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा, "यह सेना न केवल भारत को स्वतन्त्रता प्रदान करेगी, अपितु स्वतन्त्र भारत की सेना का भी निर्माण करेगी। हमारी विजय तब पूर्ण होगी, जब हम ब्रिटिश साम्राज्य को दिल्ली के लाल किले में दफना देंगे। आज से हमारा परस्पर अभिवादन ह्यजय हिन्दह्न और हमारा नारा ह्यदिल्ली चलोह्न होगा।"

नेताजी ने 4 जुलाई, 1943 को ही ह्यतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगाह्न का उद्घोष किया। कैप्टेन शाहनवाज के नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज ने रंगून से दिल्ली प्रस्थान किया और अनेक महत्वपूर्ण स्थानों पर विजय पाई; पर अमरीका द्वारा जापान के हिरोशिमा और नागासाकी नगरों पर परमाणु बम डालने से युद्ध का पासा पलट गया और जापान को आत्मसमर्पण करना पड़ा।

भारत की स्वतन्त्रता के इतिहास में आजाद हिन्द फौज का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। यद्यपि नेहरू जी के सुभाषचन्द्र बोस से गहरे मतभेद थे। इसलिए आजाद भारत में नेताजी, आजाद हिन्द फौज और उसके सैनिकों को समुचित सम्मान नहीं मिला। यहाँ तक कि नेताजी का देहान्त किन परिस्थितियों में हुआ, इस रहस्य से आज तक पर्दा उठने नहीं दिया गया।

विश्वविजेता स्वामी विवेकानंद

यदि कोई यह पूछे कि वह कौन युवा संन्यासी था, जिसने विश्व पटल पर भारत और हिन्दू धर्म की कीर्ति पताका फहराई, तो सबके मुख से निःसंदेह स्वामी विवेकानन्द का नाम ही निकलेगा।

विवेकानन्द का बचपन का नाम नरेन्द्र था। उनका जन्म कोलकाता में 12 जनवरी, 1863 को हुआ था। बचपन से ही वे बहुत शरारती, साहसी और प्रतिभावान थे। पूजा-पाठ और ध्यान में उनका मन बहुत लगता था।

नरेन्द्र के पिता उन्हें अपनी तरह प्रसिद्ध वकील बनाना चाहते थे; पर वे धर्म सम्बन्धी अपनी जिज्ञासाओं के लिए इधर-उधर भटकते रहते थे। किसी ने उन्हें दक्षिणेश्वर के पुजारी श्री रामकृष्ण परमहंस के बारे में बताया कि उन पर माँ भगवती की विशेष कृपा है। यह सुनकर नरेन्द्र उनके पास जा पहुँचे।

वहाँ पहुँचते ही उन्हें लगा, जैसे उनके मन-मस्तिष्क में विद्युत का संचार हो गया है। यही स्थिति रामकृष्ण जी की भी थी; उनके आग्रह पर नरेन्द्र ने कुछ भजन सुनाये। भजन सुनते ही परमहंस जी को समाधि लग गयी। वे रोते हुए बोले, नरेन्द्र मैं कितने दिनों से तुम्हारी प्रतीक्षा में था। तुमने आने में इतनी देर क्यों लगायी ? धीरे-धीरे दोनों में प्रेम बढ़ता गया। वहाँ नरेन्द्र की सभी जिज्ञासाओं का समाधान हुआ।

उन्होंने परमहंस जी से पूछा - क्या आपने भगवान को देखा है ? उन्होंने उत्तर दिया - हाँ, केवल देखा ही नहीं उससे बात भी की है। तुम चाहो तो तुम्हारी बात भी करा सकता हूँ। यह कहकर उन्होंने नरेन्द्र को स्पर्श किया। इतने से ही नरेन्द्र को भाव समाधि लग गयी। अपनी सुध-बुध खोकर वे मानो दूसरे लोक में पहुँच गये।

अब नरेन्द्र का अधिकांश समय दक्षिणेश्वर में बीतने लगा। आगे चलकर उन्होंने संन्यास ले लिया और उनका नाम विवेकानन्द हो गया। जब रामकृष्ण जी को लगा कि उनका अन्त समय पास आ गया है, तो उन्होंने विवेकानन्द को स्पर्श कर अपनी सारी आध्यात्मिक शक्तियाँ उन्हें दे दीं। अब विवेकानन्द ने देश-भ्रमण प्रारम्भ किया और वेदान्त के बारे में लोगों को जाग्रत करने लगे। उन्होंने देखा कि ईसाई पादरी निर्धन ग्रामीणों के मन में हिन्दू धर्म के बारे में तरह-तरह की भ्रान्तियाँ फैलाते हैं। उन्होंने अनेक स्थानों पर इन धूर्त मिशनरियों को शास्त्रार्थ की चुनौती दी; पर कोई सामने नहीं आया। इन्हीं दिनों उन्हें शिकागो में होने जा रहे विश्व धर्म सम्मेलन का पता लगा। उनके कुछ शुभचिन्तकों ने धन का प्रबन्ध कर दिया। स्वामी जी भी ईसाइयों के गढ़ में ही उन्हें ललकारना चाहते थे। अतः वे शिकागो जा पहुँचे।



शिकागो का सम्मेलन वस्तुतः दुनिया में ईसाइयत की जयकार गुँजाने का षड्यन्त्र मात्र था। इसलिए विवेकानन्द को बोलने के लिए सबसे अन्त में कुछ मिनट का ही समय मिला; पर उन्होंने अपने पहले ही वाक्य ह्यअमरीकावासियो भाइयो और बहिनोह्न कहकर सबका दिल जीत लिया। तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूँज उठा। यह 11 सितम्बर, 1893 का दिन था। उनका भाषण सुनकर लोगों के भ्रम दूर हुए। इसके बाद वे अनेक देशों के प्रवास पर गये। इस प्रकार उन्होंने सर्वत्र हिन्दू धर्म की विजय पताका लहरा दी।

भारत लौटकर उन्होंने श्री रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो आज भी विश्व भर में वेदान्त के प्रचार में लगा है। जब उन्हें लगा कि उनके जीवन का लक्ष्य पूरा हो गया है, तो उन्होंने 4 जुलाई, 1902 को महासमाधि लेकर स्वयं को परमात्म में लीन कर लिया।

4 जुलाई महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1698 - ब्रिटेन के थॉमस सेवरी ने पहले व्यवसायिक स्टीम इंजन का पेटेंट हासिल किया।
1751 - स्वीडन के रसायनशास्त्री और खदान विशेषज्ञ फ्रेडरिक क्रोन्स्टलर निकेल नामक धातु का पता लगाने सफल हुए।
1760 - मराठा सेना ने दिल्ली पर कब्जा किया।
1776 - अमरीका के 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने फिलाडेल्फिया नगर में इस देश की स्वतंत्रता के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये। इसी लिए इस दिन को अमेरिका की आजादी के तौर पर जाना जाता है।
1789 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेशवा और निजाम के साथ टीपू सुल्तान के खिलाफ संधि की।
1934 - लियो जिलार्ड ने परमाणु बम के चेन रिएक्शन का पेटेंट कराया।
1943 - आजाद हिन्द फौज की स्थापना हुई।
1947 - ब्रिटिश संसद के सामने भारतीय स्वतंत्रता बिल का प्रस्ताव रखा गया था। जिसके तहत देश का भारत और पाकिस्तान में बंटवारा हुआ।
1997 - अमेरिकी यान ह्यसोजर्नरह्न मंगल ग्रह पर पहुँचा।
1998 - जापान ने मंगल ग्रह के बारे में जानकारी

हासिल करने के लिए ह्यप्लेनेट-बीह्न नामक अपना प्रथम अंतराग्रहिक मिशन भेजा।
1998 - ब्रिटेन के एक पावरबोट ह्यद केवल एंड वायरलेस एडवेंचरह्न ने 74 दिन 20 घंटे व 38 मिनट में यात्रा पूरी करके सबसे शीघ्र विश्व भ्रमण का रिकार्ड तोड़ा।

जन्मदिवस-
1897 - प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू का जन्म हुआ ।
1898 - भारत के भूतपूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नन्दा का जन्म हुआ।
1941 - सरल सौभ्य शालिग राम का जन्म हुआ।
1943 - भाषाविज्ञान, कोश निर्माण, पाठालोचन, अनुवाद और सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले भारतीय विमलेश कांति वर्मा का जन्म हुआ।

पुण्यतिथि-
1902 - साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान स्वामी स्वामी विवेकानन्द का निधन हुआ था।
1963 - राष्ट्रीय ध्वज को डिजायन करने वाले स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेकैय्या का निधन हुआ था।

अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

संजीव-नी।।

पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत।

गुमान हो गर ,जमीर में झांक कर देख,
मजलूम पर, जिन्दगी खाक कर देख।

पराई दीवारो में झांकना,आसां बहुत,
कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।

चादरों में सुराख करना,आसां बहुत,
अपनी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।

खुश है, नुक्स पर पराई मीनारों के,
बारिश में ढहती दीवार ढांक कर देख,

भ्रम है, तुझे,जिंदगी रंगीन है बहुत, मुफलिसी में जरा झांक कर देख,

गैर की दौलत से किसका भला हुआ,
फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,

बेईमीनी चार दिन की चाँदनी, ,
एक दिया पाक जला कर देख,

जलते घरो से हाथ सेंकना, आसां,
तिनका खुद का जरा जलाकर देख,

खुशी अभी रूठी नहीं है, तुझसे संजीव,
खिलखिलाहट में मासूम की, झांक कर देख,

गणेश गीता (गीता भाग 102)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान


विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य को उपदेश देते हुए आगे बताते हैं :--

यदनादीन्द्रियैहीर्नं,
गुणभुग्गुणवर्जितें
अव्यक्तं सदसद्भिन्नं
इन्द्रयार्थावभासकं

हे राजन ! जो अनादि व इन्द्रिय रहित, सत असत तय आदि गुणों का भोक्ता है,किन्तु गुण वर्जित ,अव्यक्त ,सत असत से परे तथा इन्द्रियों का प्रकाशक है..

विश्वभृच्चखिलव्यापि,
त्वमेव नानेव भाषते
बाह्यभयंतरतः पूर्णसंगमं
तमसः परम ,

हे राजन ! वह परमात्मा विश्व को धारण करने वाला है`सभी जगह विद्यमान है ,एक होता हुआ भी अनेक रूपों में भासित है वह परमात्मा बाहर भीतर से पूर्ण है` वह असंग और अंधकार से परे है

दुज्ञेर्यं चादिसूक्ष्मतवात
अदीप्तनामापि भासकं
ज्ञेयं एताद्दशं विद्ध,
ज्ञानगम्यं पुरातनं

हे राजन! परमात्मा अत्यन्त ही सूक्ष्म है जिसके कारण जाना नहीं जाता,वह प्रकाश को भी प्रकाशित करता है, इस प्रकार से ज्ञान से जानने योग्य उस पुरातन पुरुष को ज्ञेय ब्रह्म थानों

जयदेव परं ब्रह्म
ज्ञेयमात्मा परोऽव्ययः
गुणान् प्रकृतिजान भुंक्ते
पुरुषः प्रकृतेः परः

यही परब्रह्म ज्ञेय है ,यही आत्मा ,पर ,अव्यय तथा प्रकृति से परे पुरुष कहलाता है यही प्रकृति से उत्पन्न गुणों को भोगता है

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:37 AM Page 3

संक्षिप्त न्यूज

"मैं आगरा हूं" पुस्तक का हुआ विमोचन

साहित्य कला व संस्कृति के संरक्षण की आवश्यकता : डॉ. राजेंद्र पैंसिया

आगरा (वी एन मिश्र) साहित्य, कला व संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण से ही हम दृढ़ता से आगे बढ़ सकते हैं और इसके लिए इन क्षेत्रों में संलग्न वरिष्ठ जनों का वरद हस्त रहने पर सारा परिवेश पुष्पित और पल्लवित भी हो जाता है । ये विचार आगरा विकास प्राधिकरण के निवर्तमान उपाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र पैंसिया "मैं आगरा हूं" पुस्तक के

विमोचन के अवसर पर व्यक्त कर रहे थे ।

उन्होंने कहा कि वरिष्ठ साहित्यकारों व संस्कृति कर्मियों को समाज के लोग पूरा सहयोग दें और उनके अनुभवों का लाभ उठाएं । "मैं आगरा हूं" पुस्तक में आगरा के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व पौराणिक विषयों पर तथ्यात्मक जानकारी दी गई है । यह आगरा के नागरिकों के साथ साथ पर्यटकों के लिए भी लाभप्रद होगी । उन्होने डॉक्यूमेंट्री फिल्म "मैं एडीए हूं" तथा यूट्यूब पर जारी विडियो आगरा का गीत..." को भी महत्वपूर्ण कृति बताया । पुस्तक के लेखक डॉ. उषा राजेंद्र पैंसिया और आदर्श नंदन गुप्ता हैं, जिसका प्रकाशन ओसवाल बुक्स ने किया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री भवेंद्र शर्मा ने कहा कि "मैं आगरा हूं" पुस्तक जिस मिशन और विजन को रख कर प्रकाशित की गई है, उसके दूरगामी परिणाम होंगे । इससे पाठकों को आगरा को ताज के अलावा भी सैकड़ों दर्शनीय आध्यात्मिक स्थलों का पता चलेगा ।

वरिष्ठ इतिहासकार श्री अरुण डंग ने इस पुस्तक को उनके द्वारा 1990 में चलाए "आगरा बियांड द ताज" अभियान की मजबूत कड़ी के रूप में बताया और कहा कि इससे पर्यटन उद्योग को लाभ मिल सकता है ।

डॉ. लवकुश मिश्र ने कहा कि आगरा नगर व जनपद के असंख्य देवालयों की पर्यटन की दृष्टि से ब्रांडिंग करने में यह पुस्तक मार्ग दर्शक के रूप में कार्य करेगी । प्रमुख उद्योगपति श्री पूरन डावर ने कहा कि आगरा के साहित्य जगत में एक ऐसी पुस्तक की आवश्यकता थी जिसे डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देशन में प्रकाशित किया गया ।

इस अवसर पर आगरा विकास प्राधिकरण एवं ब्रज डेवलपमेंट काउंसिल द्वारा डॉ. राजेंद्र पैंसिया के स्थानांतरण पर सम्मान भी किया गया ।

वक्ताओं में मुख्य अभियंता चक्रेश जैन, सहायक अभियंता सतीश राजपूत, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय कुमार सिंह, उप निदेशक उद्यान कौशल कुमार नीरज, ओसवाल बुक्स के नरेश जैन, फिल्म प्रोड्यूसर रंजीत सामा, पत्रकार पवन सिंह, डॉ. ज्योत्सना शर्मा आदि ने विचार रखे । पुस्तक के लेखक आदर्श नंदन गुप्ता का संदेश संजय गुप्त ने पढ़ कर सुनाया । इस अवसर पर डॉ. रंजना बंसल, राजीव वासन, मनमोहन निरंकारी, मधुकर चतुर्वेदी, सूरज तिवारी, संजय गुप्त, मयंक अग्रवाल, पंकज खंडेलवाल, अरविन्द शर्मा, राजेश उपाध्याय, अनिल शर्मा, आर.डी. शर्मा, बृजेश शर्मा, अजय शर्मा, शरद गुप्त, डॉ. भानु प्रताप सिंह, डॉ. महेश धाकड़, सत्यभूषण सिंह, प्रभात कुमार, विवेक, सुधांशु शर्मा, बृजेश शुक्ला, धर्मवीर चौहान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। गायत्री शक्तिपीठ की ओर से सम्मान किया गया।

जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक चौबे ने अतिथियों का स्वागत किया तथा संचालन सुशील सरित ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. डी वी शर्मा ने किया ।

रोटरी क्लब बरवाला ने शहर के चिकित्सकों को किया सम्मानिते

हिसार (राजेश सलूजा) : समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब बरवाला के तत्वावधान में वार्ड नंबर 2 बरवाला में स्थित क्लब के कार्यालय में डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अमेरिका से आए समाजसेवी जयपाल सिंधु ने शिरकत की और अध्यक्षता क्लब

प्रधान व पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा ने की। मंच का संचालन कर रहे प्रधान विक्की रहेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बरवाला शहर के चिकित्सको डॉक्टर राज मेहता, डॉक्टर दिनेश कथूरिया, डॉक्टर अमित रहेजा, डॉक्टर पवन और डॉक्टर संदीप तनेजा को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी जयपाल सिंधु ने क्लब द्वारा सम्मानित किए गए शहर के चिकित्सकों की कार्यप्रणाली की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रधान रोटेरियन विक्की रहेजा, सचिव रोटेरियन संजय संदूजा, कोषाध्यक्ष रोटेरियन मनोज कथूरिया, बिल्लू बजाज, मनोहर जावा, राजेश मनूजा, दिनेश मेहता, मैनेजर विपिने उप्पल, तेजेंद्र गिल, अभिषेक सरदाना, पूर्व प्रधान सरदार बेअंत सिंह, रोटेरियन सोमू रहेजा, पूर्व प्रधान देवेंद्र गिल व कृष्ण पिलानी आदि मौजूद रहे।

नगर पंचायत दारानगर की दलित बस्ती में लगा गंदगी का अंबार ।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण कौशांबी सिराथू तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत दारानगर कड़ा की वार्ड नम्बर 1 दलित बस्ती दारा नगर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे दलित बस्ती के लोग परेशान हो गए हैं। पूरा मोहल्ला नरक में तब्दील हो गया है बार-बार शिकायत के बाद भी नगर पंचायत द्वारा दलित बस्ती की सफाई नहीं कराई गई है बरसात शुरू हो चुकी है जिससे गंदगी कीचड़ में परिवर्तन हो गया है गंदगी कीचड़ में परिवर्तन हो जाने के बाद कीड़े मकोड़े उत्पन्न हो रहे है जिससे बीमारी फैल रही है दलित बस्ती में पीने के पानी की विकराल समस्या है तीस घरों के बीच में एक हैंडपंप लगा है जिससे पानी के लिए लोगों के बीच मारामारी मची रहती है। दलित बस्ती के बीच साफ-सफाई और पीने के पानी की समस्या के समाधान को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गंभीर नहीं है। दलित बस्ती के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए साफ सफाई कराए जाने और पीने के पानी की व्यवस्था के लिए हैंडपंप लगवाए जाने की मांग की है।

हिन्दूराव अस्पताल में बुजुर्ग मरीजों की सेवा के लिए लगाया गया स्टॉल

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-जम जम फाउन्डेशन के द्वारा हिन्दूराव अस्पताल में लगने वाली वरिष्ठ नागरिक सम्मान ओपीडी में आज एक वरिष्ठ नागरिक सेवा स्टॉल लगाकर अस्पताल आने वाले सभी लगभग 200 बुजुर्ग मरीजों को एक पानी की बोतल, जूस,बिस्कुट, डाइट मिक्चर व मास्क के साथ साथ गर्मी में धूप से बचने के लिए एक एक गमछा भी वितरित किया गया।इसके अलावा प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र मल्का गंज की तरफ से एक मेडिकल किट भी बांटी गई तथा ई-केअर डायग्नोस्टिक्स पाथलैब के द्वारा वरिष्ठ नागरिक को सभी ब्लड टेस्टों पर 60 प्रतिशत तक छूट के कूपन भी दिए गए।इस अवसर पर जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान

हिन्दूराव अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक श्रीमती डॉ. अनु कपूर मेडिसन विभाग के एचओडी डॉ. हेमन्त शर्मा आई विभाग से डॉ. अनुराग जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्षा श्रीमती पूजा ठुकराल व श्रीमती सविता यादव सचिव मौहम्मद रहीस त्यागी कोषाध्यक्ष जहीर आलम सहित श्रीमती सुचित्रा यादव मौहम्मद कामिल गुल्ताज शरीफ पूनम शर्मा समीम अख्तर मीनाक्षी शर्मा रिदम शर्मा विद्या शर्मा श्री अनिल कुमार गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

जम जम फाउन्डेशन के प्रमुख संरक्षक योगेन्द्र सिंह मान व अध्यक्ष शमीम अहमद खान ने वरिष्ठ नागरिक सेवा स्टॉल में अपना सहयोग देने वाले सभी फाउन्डेशन के सदस्यों को सम्मानित भी किया।

उत्तर पूर्व जिला भाजपा की दो दिवसीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली :- उत्तर पूर्वी जिला भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश की दो दिवसीय कार्यकारिणी की बैठक अंबिका प्लेस भजनपुरा में संपन्न हुई। कार्यकारिणी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहन गोयल ने दीप प्रज्जवलन से की। उद्घाटन सत्र की शुरूवात पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश उपाध्याय की। जिला अध्यक्ष मोहन गोयल ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि कार्यकारिणी एक कार्यशाला के रूप में होती है।यहां पर हर कार्यकर्ता कुछ ना कुछ सीखता है। जैसे अनुशासन और संगठन । प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संवाद करते हुए सभी कार्यकताओं को संबोधित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। चर्चा में अनुमोदन विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने किया और कहा कि हमें दिल्ली सरकार की सारी नाकामियों को जन जन तक लेकर जाना है, क्योंकि दिल्ली की अगर तरक्की करनी है तो इस झूठी और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है। अगर बात करें योजनाओं की तो मदन लाल खुराना के समय की योजनाओं को बताते हुए उन्होंने कहा कि आज चाहे मेट्रो की बात करें या फ्लाईओवर की बात करें अथवा दिल्ली में स्वास्थ्य की बात करें। यह सब योजनाएं उस समय भारतीय जनता पार्टी द्वारा बनाई गई।दिल्ली में बैठी सरकार तो सिर्फ अपना प्रचार और प्रसार कर जनता की गाढ़ी कमाई उसी में फूंक रही है। कार्यकारिणी का उद्बोधन जिला प्रभारी सत्यनारायण गौतम ने किया। कार्यकारिणी में कौशल मिश्रा, बृजेश राय,महक सिंह, सीताराम गुप्ता, संजय त्यागी, डॉ यूके चौधरी, गुलाब सिंह राठौर, सचिन मावी, दिनेश धामा, बृजेश सिंह, दीपक चौहान, राजा इकबाल सुरेंद्र

सिंह बिट्ठ, सत्यदेव चौधरी गंगाधर,राम दत्त पाण्डेय व जिले और मंडल के पदाधिकारियों भी मौजूद रहें।

चिटफंड का आरोपी अजय तिड़के सलाखों के पीछे से चुनाव जीतकर बना सरपंच

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। एक महीने पहले लांजी नगर चिटफंड घोटाला के लिए सोशल मीडिया से लेकर अखबार और न्यूज चैनलों का सुर्खियां बना हुआ था लेकिन लेकिन जैसे ही चिटफंड के आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल में डाला तबसे मामला शांत हो गया था लेकिन एक बार फिर से लांजी सुर्खियां बटोर रहा है इस बार चिटफंड घोटाले के लिए नही,अपितु चिटफंड घोटाले का आरोपी अजय तिड़के जेल में रखकर सरपंच पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया और चुनाव में आरोपी अजय तिड़के सरपंच बन गया।अब सवाल यह उठता है कि क्या अजय तिड़के जेल में रहकर पंचायत के कार्यो को करेगा या जेल से बाहर आएगा? अजय तिडके पैसा डबल करने का लालच देकर पैसे ऐंठने के मामले में आरोपी है। अजय चिटफंड के तहत लोगो को बेवकूफ बनाकर रुपया डबल करता था जिस पर आरोप

था कि यह कंपनी लोगों से पैसे लेकर उनके साथ धोखाधड़ी करती है। जिसके कारण अजय को जेल हो गई।

अजय तिडके ग्राम पंचायत जामडीमैटा से सरपंच पद के लिया उम्मीदवार था।भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उसने 6 जून को नामांकन पत्र दाखिल किया था। 1 जुलाई को हुए मतदान में आरोपी ने सरपंच का चुनाव जेल में रहकर जीता। अजय तिड़के अपने प्रतिद्वंद्वी को पटखनी देते हुए भारी बहुमत प्राप्त कर चुनाव जीतकर सरपंच बना।

जिला पंचायत से चुनाव हारी अजय की पत्नी

वही आरोपी की पत्नी ने जिला पंचायत चुनाव हार गई है जिससे यह संदेश जाता है कि अजय तिड़के की पहुंच अपने गांव तक ही सीमित थी जिस कारण वह चुनाव तो जीत गया लेकिन उसकी पत्नी चुनाव हार गई। दरअसल, अजय टिडके मुख्य आरोपी सोमेंद्र कंकारने और अन्य 11 के साथ 16 मई से डबल मानी मामले में जेल में है। उनकी पत्नी भी जिला पंचायत क्षेत्र 5 से उम्मीदवार थी, लेकिन वे चुनाव हार गई। बालाघाट में कुछ लोग लंबे समय से चंद समय में रकम दुगुनी कर वापस लौटने का कारोबार कर रहे थे। उसी कड़ी में अजय तिडके आरोपी है और अभी फिलहाल जेल में बंद है।

साली के लिए पत्नी को निकाला घर से बाहर

2साल पहले हुई थी शादी, पति ने छीन ली विवाहिता की मार्कशीट

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी में एक युवती अपने ही जीजा से दिल लगा बैठी। जीजा उसे अपने साथ रखने लगा। उसने पत्नी को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। डीएम ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं।पीड़िता का आरोप है कि पति ने उसके शैक्षिक प्रमाण पत्र भी अपने पास रख लिए हैं। घटना जिले के अमेठी तहसील इलाके की है। यहां की रहने वाली पूनम की शादी 2020 में आशीष से हुई थी। शादी के बाद कुछ माह तक तो सब ठीक चलता रहा, इसके बाद युवती की बहन की नजदीकियां जीजा के साथ बढ़ने लगी। विवाहिता ने इसका विरोध जताया तो पति मारपीट करने लगा।

पिता होमगार्ड, शादी में खर्च कर दी पूरी कमाई

युवती के अनुसार उसके पिता होमगार्ड हैं। उसकी शादी में उन्होंने पूरी कमाई खर्च कर दी। अब वह उसके पति से परेशान है। विवाहिता का कहना है कि उसकी बहन ही उसका वैवाहिक जीवन उजाड़ने पर जुटी है। बहन से नजदीकियां बढ़ने पर पति को टोका तो वह मारपीट करने लगा। पिता और पुत्री ने न्याय की गुहार लगाई है।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को बताई परेशानी

अमेठी तहसील में जिला अधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में

समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचकर पीड़िता ने अपनी परेशानी बताई। बताया कि बहन भी समझाने पर उसकी बात नहीं मान रही है। डीएम ने जांच कर मामले में कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पुलिस ने शिकायत की जांच शुरू कर दी है।

1 वर्ष से मंझनपुर के नगरवासी झेल रहे हैं समस्या।

करोड़ों के बजट से नगर पालिका में हो रहा कार्य समय सीमा बीत जाने के बाद नहीं पूरा हो सका कार्य

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही के चलते आम जनता है परेशान ।

कौशांबी नगर पालिका परिषद मंझनपुर में बीते 1 वर्षों से अधिक समय से नगर वासियों को परेशान करने में नगर पालिका के अधिकारी लगे हैं जल निकासी की समस्या से नगरवासी जूझ रहे थे सड़कों पर गांठ तक पानी भर जाता था जिससे नगर के लोगों को सड़कों पर निकलने में दिक्कत होती थी नगर की समस्या दूर करने के लिए योजनाएं बनाई गई करोड़ों के बजट स्वीकृत हुए ठेकेदारों को कार्य सौंप दिया गया है सरकारी खजाने से ठेकेदारों को बड़ी रकम अवमुक्त भी कर दी गई लेकिन नगरपालिका में ठेकेदारों ने क्या कार्य किया है इसे देखने वाले कुंभकरण की नींद सो रहे हैं जिससे ठेकेदार अपने मन के मालिक और तानाशाह बन चुके हैं जिसका खामियाजा नगर की जनता भुगत रही है नगर की मुख्य सड़क चलने लायक नहीं है सड़क की पटरिया उखड़ी पड़ी है जो नाला बनाए गए हैं उन नालों के अगल-

बगल सड़क तक समतल नहीं किया गया है जिससे सड़कों पर निकलने में दिक्कतें होती हैं 2 महीने पहले नाला के ऊपर बनाया गया पुल टूट रहा हैं इसे देखने वाला कोई नहीं नगर पालिका में भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी का अंदाजा लगाया जा सकता है आधे अधूरे कार्य को छोड़कर ठेकेदार भाग खड़े होते हैं और अधिकारियों के साथ बैठकर गुलछर्रे उड़ाते हैं सरकारी खजाने पर ठेकेदारों की सांठगांठ से अधिकारियों की नियत खराब है जिसका खामियाजा बार-बार नगर की जनता भुगत रही है तहसील मोड़ से लेकर दुल्हन गेस्ट हाउस तक नगर पालिका दुर्दशा में तब्दील है आम जनता अधिकारियों को कोस रही है लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों की सेहत पर फर्क पड़ता नहीं दिखाई पड़ रहा है नगर क्षेत्र में विकास कराए जाने के नाम पर करोड़ों से कराए जा रहे कार्यों में नगर पालिका के अधिकारी धृष्टराष्ट बने हुए हैं नगर के लोगों ने जिला अधिकारी और मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नगर की समस्या का समाधान करने की मांग की है

आर्बिटेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के उद्देश्य से आयोजित विशेष लोक अदालत में कुल 111 वादों का निस्तारण किया गया।

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में आर्बिटेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के उद्देश्य से विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सेना की अध्यक्षता एंव दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 03.07.2022 को जनपद न्यायालय, गौतमबुद्धनगर में किया गया। जिसमें विभिन्न जिला न्यायालयों द्वारा कुल 111 वादों का निस्तारण किया गया। सचिव, पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर श्री जयहिंद कुमार सिंह द्वारा न्यायालयवार प्राप्त विवरण के अनुसार बताया गया कि माननीय जिला जज श्री अवनीश सक्सेना द्वारा 09 वाद, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय श्री अनुपम कुमार द्वारा 24 वाद, अपर जिला जज प्रथम वेद प्रकाश वर्मा द्वारा 07 वाद, अपर जिला जज तृतीय पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा 05 वाद, अपर जिला जज चतुर्थ ज्योत्सना सिंह द्वारा 11 वाद, अपर जिला जज पंचम मोना पवार द्वारा 48 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी प्रथम डा0 अनिल कुमार सिंह द्वारा 03 वाद, अपर जिला जज/एफ0टी0सी द्वितीय राजीव कुमार वत्स द्वारा 04 वाद का निस्तारित किया गया। उपरोक्तानुसार विशेष लोक अदालत में कुल 111 मामलों का निस्तारण किया गया। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

इंडिया डिजाइनर शो सीजन 3 का दिल्ली में हुआ आगाज

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली के एरो सिटी में स्थित होटल में इंडिया डिजाइनर शो के तीसरे सीजन का आयोजन किया गया।डिजाइनर शो में खादी के असाधारण भारतीय स्पर्श के बाद एक उभरती हुई युवा डिजाइनर के द्वारा बनाए गए हैंडलूम सूट कढ़ाई साड़ी जैसे कपड़ों को प्रदर्शित किया गया। इस शो में बॉलीवुड सिंगर शिवानी कश्यप, ज्वाइंट सीपी आईआरएस साहिल सेठ, हिना खान और कायनात अरोडा भी शामिल हुई।

इस कार्यक्रम में पहुंचे बॉलीवुड सिंगर शिवानी कश्यप ने अपने गाने गाए और रैंप पर जलवा बिखेरा इंडिया डिजाइनर शो 2022 विशेष रूप से मेंस क्राफ्ट मेटास्पेस टाइकून मैगजीन जूस बकेट आर्चीज ब्रांड जैसे ब्रांडो को दिखाया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मीडिया से बात करते हुए बॉलीवुड सिंगर शिवानी कश्यप ने बताया कि क्विड कार के बाद ऐसा प्रोग्राम हो रहा है।काफी खुशी है इससे हमारी भारतीय संस्कृति और भारत के परिधान है। उसको समझने का मौका मिलेगा और आज का जो कार्यक्रम हुआ है,इंडिया डिजाइनर शो का तीसरा आयोजन दिल्ली में हुआ है। इसके लिए ऑगेनाईजर का शुक्रिया ।

भारी वाहनों के आवाजाही की वजह से ब्रिटिश काल की पुलिया हुई क्षतिग्रस्त

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। वारासीवनी नगर के रामपायली रोड पर ब्रिटिश काल में बनी नहर की पुलिया भारी वाहनो के आवाजाही की वजह से धसकने लगी है। पुलिया से जयस्तंभ से होकर रामपायली मुख्य मार्ग को जोड़ने वाले इस मार्ग पर करीब एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों का आना-जाना जारी रहता है।

मेढ़ में आई दरारें

हैरानी की बात तो यह है कि पुलिया की मेढ़ धसकने के बाद भी अब तक मरम्मत का काम नहीं किया जा सका है। जानकारी के अनुसार बड़ी नहर पर लाल किवाड़ी के नाम से पहचाने जाने वाले ब्रिटिश काल की पुलिया की अनदेखी को लेकर ग्रामीण जनों के बीच आक्रोश है।

रात भर रहता है दबाव

शहर के जयस्तंभ चौक और रामपायली मुख्य मार्ग पर इस पुलिया से रोजाना ही सैकड़ों की संख्या में छोटे-बड़े वाहनों का परिवहन होता है। लोगों ने कहा कि यह मार्ग खैरलांजी, रामपायली क्षेत्र से नगर में प्रवेश करने का आसान रास्ता होने के कारण इस रास्ते पर देर रात तक यातायात का दबाव बना रहता है।

भारी वाहनों के कारण बना रहता है खतरा

रामपायली मुख्य मार्ग से नगर में पहुंचने के लिए यह शॉर्ट कट रास्ता बताया जाता है। इस मार्ग से आने-जाने से करीब 10 किमी का फेरा बच जाता है। यही वजह है कि इस मार्ग से भारी वाहनों का भी आवागमन होने लगा है। जबकि इस मार्ग की क्षमता इतने भारी वाहनों को सहने की नहीं है। रहवासी क्षेत्र में लोहा, सीमेंट के गोदाम होने के कारण भारी वाहन आते रहते हैं। जिससे हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

कानपुर में गंगा में डूबे 2 दोस्त एक की लाश मिली

-रावतपुर थाना क्षेत्र से 5 दोस्त एक साथ आए थे गंगा नहाने

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां नहाने के दौरान गंगा में डूब कर युवाओं के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में पांच और लड़के गंगा में डूब गए । जिनमें 3 बच गये। एक की लाश गोताखोरों ने बरामद करली, जबकि दूसरे की तलाश की जा रही है` घटना ग्वालटोली थाना क्षेत्र के परमट घाट पर हुई ,जहां रावतपुर थाना क्षेत्र से 5 दोस्त 15 से लेकर 21 साल की उम्र वाले राजेश सरवन महेश रंगा और राजू गंगा नहाने आए थे। इसी दौरान सभी तेज बहाव में जा फंसे`

यह देखकर जब वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो गोताखोरों ने उन सभी को बचाने का प्रयास किया। जिनमें तीन बच गए, लेकिन दो गंगा में डूब गये । काफी तलाश के बाद एक लड़के गोलू की लाश बरामद हुई। जबकि दूसरे की तलाश समाचार लिखे जाने तक जारी है घटना से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

अवगत करते चलें कि इसके पहले भी ढोड़ी घाट बिठूर, परमट और सिद्धनाथ आदि घाटों पर कई लड़कों की डूब कर मौत हो चुकी है।

साथ में लाए थैला,ना करें अपने प्रयागराज को मैंला*

जूट,कपड़े के झोले,सैनिटाइजर मास्क व साबुन की बट्टी वितरित

दैनिक समाज जागरण प्रयागराज /प्लास्टिक मानव जीवन के साथ-साथ प्रकृति के लिए भी हानिकारक है। युक्त विचार सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ रश्मि शुक्ला वा भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने सब्जी व फल मंडी में भ्रमण करते हुए व्यापारियों व ग्राहकों को जूट,कपड़े के झोले, सैनिटाइजर, मास्क व साबुन की बट्टी वितरित करते हुए कहा कि सिंगल यूज

प्लास्टिक में जहरीले रसायन होते हैं जो समस्त मानव जाति के स्वस्थ के लिए बेहद हानिकारक होते हैं सिंगल यूज प्लास्टिक में जो रसायन होते हैं उनका इंसान के स्वस्थ और पर्यावरण पर काफी बुरा असर पड़ता है' उन्होंने आगे कहा कि कपड़े,जूट का झोला उठाकर चलने की आदत डाल ले हमें यह समझना होगा कि किसी भी रूप में प्लास्टिक का उपयोग हमारे साफ-साफ पर्यावरण के लिए भी लाभदायक नहीं है' वर्तमान में कोरोना के केस भी बढ़ रहे हैं इसलिए लापरवाही ना करें 2 गज दूरी बनाकर रखें मास्क,सैनिटाइजर का प्रयोग अवश्य करें' जन जागरूकता वा सामग्री वितरित वालों में प्रमुख रूप से डॉ रश्मि शुक्ला, सरदार पतविंदर सिंह,अंजली प्रजापति,राजेश थापा,संजय श्रीवास्तव, ऋषिकेश,हरमनजी सिंह,दलजीत कौर सहित तमाम राष्ट्रभक्त स्वयंसेवक उपस्थित रहे'

जनपद मुरादाबाद विधानसभा कुंदरकी क्षेत्र ग्राम पंचायत इमरतपुर उधौ मैं पहले ही बारिश में ग्राम वासियों का रास्ते में निकलना हुआ दुश्वार

जुबेर आलम की रिपोर्ट जिला ब्यूरो चीफ मुरादाबाद

ग्राम इमरतपुर उधो मे सड़कों के हुए हालात खराब नाली नहीं बनने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है और ग्राम वासियों को सड़क पर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम वासियों का कहना है अभी नहीं सड़क बनी है और नहीं नालिया बनी है पानी के चार बूंद पढ़ने से रास्ते में कीचड़ हो जाती है और पानी भर जाता है बारिश के मौसम में निकलना रास्ते पर दुश्वार हो जाता है ग्राम पंचायत इमरतपुर उधो से फतेहपुर खरंजा को जाने वाला रोड पर चारो तरफ गंदगी फैली हुई है आने जाने वाले सवारियों को बहुत दिक्कत उठानी पड़ रही है बारिश होने के कारण सड़क पर पानी भर जाता है पानी का कोई निकास नहीं है रोड की हालत बहुत खराब है ग्राम वासियों का कहना है कि रोड के किनारे कूड़ा डालते हैं उसकी सफाई कराई जाए और पानी निकलने के लिए नाला बना दिया जाए

कल्याण मल देवता के मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

जनपद बिजनौर के रायपुर सादात के गांव कोट में कल्याण मल देवता के मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब हर वर्ष अषाढ़ माह के प्रत्येक रविवार को कल्याणमल देवता के मंदिर पर लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाया। थाना नगीना देहात क्षेत्र के गांव कोटकादर में कल्याणमल देवता के मंदिर पर अषाढ़ माह के प्रत्येक रविवार को मेला लगता है। यहां श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं व कुंडारे लगाते हैं। मान्यता है की नवविवाहित जोड़ों का कुंडारा लगाने से वैवाहिक जीवन सफल होता है। मेला कमेटी ने मेला स्थल पर काफी इंतेजाम किये थे। इस मेले में कुंडारे लगाने वालों की तादाद पिछले मेलों से बहुत अधिक रही। इस मेले में भीड़ होने की वजह से सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही मेले में सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहा।

सीओ गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व मे निकाला गया फ्लैग मार्च

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद आपको बता जनपद बिजनौर के नजीबाबाद मे पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व मे आगामी त्योहारो को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से फ्लैग मार्च निकाला गया फ्लैग मार्च निकालने का उद्देश्य शरारती तत्वो मे खौफ बना रहे और जनता भी भय मुक्त रहे फ्लैग मार्च सराय चौकी से लेकर सुराही बाजार होते हुए शहर के विभिन्न मार्गो मे निकाला गया फ्लैग मार्च मे पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह थाना प्रभारी रविंद्र कुमार वर्मा क्राइम इंस्पेक्टर अर्जुन सिंह व भारी पुलिस बल के साथ निकाला गया

नगर पालिका किरतपुर ने चलाया पालिथीन मुक्त अभियान

दैनिक समाज जागरण शरीफ मलिक

किरतपुर। सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रमण तथा उसके सम्बन्ध में लगाए गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से रविवार को किरतपुर पालिका अधिशाशी अधिकारी हरिलाल पटेल के नेतृत्व में नगर में पालीथीन मुक्त अभियान चलाया गया। जिसके अन्तर्गत दूकानदार, फड़ वाले, ठेले-ठेली वाले सब्जी विक्रेताओं आदि दुकानों पर पालीथीन चेकिंग अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने पालीथीन इस्तेमाल ना करने के निर्देश देते हुए कहा कि पालीथीन का पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध है। अब अगर कोई पालीथीन में सामान बेचते हुए या इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ निश्चित रूप से कार्यवाही होगी।25000 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला जाएगा। पालिका टीम को निर्देश दिये की उक्त अभियान नगर में रोज चलाया जाये। पालीथीन मुक्त अभियान 'रेस' में रविवार को पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारी नारायण दत्त पाठक व विवेक राजपूत मुख्य रूप से शामिल हुए। पालिका टीम में सुरेंदर सिंह, बाबूराम, मुस्तकीम, प्रशांत, नासिर, सुंदर, महेश, आदि रहे।

नौजवानों को अग्निपथ योजना में जाना चाहिए डॉ आफाक फैज

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर समाजसेवी और तामीरे वतन संस्था का महामंत्री डॉ आफाक फैज का कहना है कि नौजवानों को अग्निपथ योजना में जाकर अपना भविष्य और देश की सेवा करनी चाहिए अग्निपथ योजना को शानदार योजना बताते हुए डॉ आफाक फैज ने कहा कि सरकार ने अग्निपथ योजना का कार्यकाल रखा है उसकी प्रशंसा करनी चाहिए क्योंकि ऐसा होने से एक तो सबको आर्थिक फायदा होगा दूसरे सेना भी जवान रहेगी और वो बार्डर पर दुश्मनों का सही तरीके से डट कर मुकाबला करेगी डॉ आफाक फैज ने कहा कि ऐसी योजनाएं दूसरे देशों में चल रही हैं और कामयाब भी हुई हैं अग्नि पथ योजना का विरोध करने वालों की कड़ी निन्दा करते हुए डॉ आफाक फैज ने कहा कि वो युवाओं को भड़काने और उनका भविष्य बर्बाद करने मे लगे हैं जो देश और नौजवानों के हित में नहीं है डाक्टर आफाक फैज ने नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि यह देश सेवा का एक सुनहरा अवसर है और जिसको नौजवानों को नजरंदाज नहीं करना चाहिए डॉ आफाक फैज ने कहा कि अग्निपथ योजना में जाने के लिए उच्च शिक्षा की कोई जरूरत नहीं है और कम पढ़े लिखे नौजवान भी इस योजना में शामिल हो सकते हैं मोदी सरकार की अग्निपथ योजना की तारीफ करते हुए डॉ आफाक फैज ने कहा कि उसने जो कम पढ़े लिखे हुए नौजवानों के लिए अग्निपथ योजना शुरू की है उससे लाखों बच्चों का भविष्य उज्जवल और सुदृढ़ हो सकता है

इंडो बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन के तत्वधान में फिट इंडिया प्रतियोगिता का शुभारंभ

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

इंडो बॉडीबिल्डिंग फिटनेस एसोसिएशन के तत्वधान में फिट इंडिया के तहत स्वास्थ्य के प्रति बरेली मंडल में कल दिनाक 2/7/22 को बरेली मंडल कप बाॅडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन मैत्री सामुदायिक केंद्र इज्जतनगर मैं किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऋषि पांडे सीनियर कमांडेंट आरपीएफ ने किया उन्होंने बताया कि इज्जतनगर रेलवे में बॉडीबिल्डिंग को प्रोत्साहित करने हेतु इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके लिए बरेली बाॅडीबिल्डिंग एसोसिएशन बधाई के पात्र हैं।विशिष्ट अतिथि मंडल क्रीड़ा अधिकारी सनत जैन,कारखाना क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार,नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी व रूपक तिवारी रहे।बरेली मंडल अध्यक्ष नदीम खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाड़ियों ने पबरेली मंडल से आकर प्रतिभाग किया।इस तरह की प्रतियोगिता लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती है। निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विष्णु चौहान,राष्तिये सचिव आर डी तिवारी,राष्ट्रीय नेशनल जज भूपेंद्र बघेल, मोहम्मद इमरान अंसारी, सोनू अंसारी ,इमरान हशमी,शशि कपूर,शहबाग खान,विककी खान,हरबंश कुशबहा,देवेंद्र अग्रवाल,अमरीश जैन,सुनील भाटिया आदि रहे। प्रोटियोगीता मे नवाजिश बरेली मंडल श्री बने, मसल मेन धीरेंद्र रहे और बेस्ट पोजर तोसिफ रहे,बही फिजिक्स फिटनेस मेन का खिताब अनस रहे,बुमेन फिटनेस मिथलेश शर्मा आगरा रही आयोजन समिति मे नदीम खान,पंकज अग्रवाल, निसार पहलवान,गिरजेश कुमार, आलम सिद्दीकी, अनुराग शर्मा, शेखर लाल ,प्रवीण भारदुआज,नसीम खान,अनमोल सक्सेना,हाफिज खान,शोहेब अंसारी,रोहित तिवारीआदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्लास्टिक मुक्त जन जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका द्वारा शव यात्रा निकाली गई

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना। प्लास्टिक के एकत्रीकरण तथा उसके संबंध में लगाए गए प्रतिबंध को प्रभावी तरीके से लागू कराए जाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह के निर्देश पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से तथा पर्यावरण स्वच्छता व स्वास्थ्य की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए तथा पॉलिथीन प्लास्टिक बैग व सिंगल यूज प्लास्टिक से शहर को बचाने के लिए प्लास्टिक मुक्त जन जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिका खाद्य एवं सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा के नेतृत्व में सिंगल यूज प्लास्टिक की शव यात्रा पूरे बैंड बाजों के साथ नगीना शहर के मुख्य मार्गो से नगर पालिका के द्वारा निकाली गई जिसमें नगरपालिका के वरिष्ठ लिपिक मदन पाल सिंह इक्तेदार आलम जैदी,व पालिका के दर्जनों सफाई कर्मचारियों एवं नगर पालिका के सभासदों के साथ पालिका से सिंगल यूज प्लास्टिक की शव यात्रा को लेकर नगर के मुख्य बाजार व आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में घूम कर नगर वासियों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाली शरीर में तरह-तरह की बीमारियों से बचने व नगर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाते हुए। लोगों को कपड़े के थैलों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया तथा उसके बाद सिंगल यूज प्लास्टिक की शव यात्रा का नगीना कोतवाली रोड स्थित श्मशान घाट पर लेजाकर अंतिम संस्कार किया। इस मौके पर ईओ इंद्रपाल सिंह ने नगर वासियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब कोई प्लास्टिक की पोलीथीन में सामान देता पाया गया,या गिलास, आदि अन्य प्लास्टिक का उपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

5 तारीख को जीतपुर खरक में होगी महापंचायत किसानों से पहुंचने का आह्वान , चौधरी राजेंद्र सिंह

चलो जीतपुर खरक आने वाली 5 तारीख को महापंचायत.

महापंचायत में राष्ट्रीय महासचिव चौधरी राकेश टिकैत होंगे उपस्थित

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

बिजनौर ,भारतीय किसान यूनियन के धामपुर तहसील अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने बताया । कि दिनांक 5/7/2022 को जनपद बिजनौर के ग्राम जीतपुर खरक मे भारतीय किसान यूनियन महापंचायत करने जा रही है। महापंचायत को कामयाब बनाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के धामपुर तहसील अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र सिंह ने ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचने का किसानों से आह्वान किया। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जीतपुर खरक मे विद्युत विभाग के कर्मचारियों के गांव में छापेमारी के दौरान ग्राम वासियों के साथ झड़प हुई थी जिसमें कई किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था । उन्होंने बताया कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव आदरणीय माननीय चौधरी राकेश टिकैत जी महापंचायत में होगें उपस्थित प्रशासन का होगा पूरा इलाज मालूम हो कि भारतीय किसान यूनियन ने 28 तारीख को जीतपुर खरक में महापंचायत की थी ।जिसका फल हमारे 3 किसान साथियों को तो प्रशासन ने जेल से रिहा कर दिया लेकिन और बहुत सारे मुद्दे हैं जिन पर अभी सहमति नहीं बनी है इसलिए 5 तारीख दिन मंगलवार को पुणे महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है सभी किसान साथियों से अनुरोध है ज्यादा से ज्यादा संख्या में ठीक समय 11:00 बजे जीतपुर खरक में पहुंचकर महापंचायत को सफल बनाएं ।

अब्दुल कलाम सेवा समिति ट्रस्ट के सौजन्य से जनता के लिए निशुल्क कैंप लगाया गया

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

जनपद बिजनौर के कस्बा जलालाबाद मैं दिनांक 3 जुलाई 2022 को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट देहरादून द्वारा अब्दुल कलाम सेवा समिति ट्रस्ट कार्यलय पर नेत्र जांच निशुल्क कैंप कात्रह्ण आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन समाजसेवी मोअज्जम खान द्वारा फीता काटकर किया गया आपको बताते चलें कि जलालाबाद अब्दुल कलाम सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक दानिश शेख के द्वारा कार्यलय पर 3 जुलाई 2022 को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट देहरादून द्वारा निशुल्क नेत्र जांच का निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया कैम्प का समय 10:30 बजे से लेकर अपराहन एक बजे तक नेत्र शिविर का आयोजन किया गया नेत्र शिविर में कुल लाभर्ती की संख्या 250 रही तथा जिसमें 35 मोतियाबिंद के मरीजों को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट के संरक्षण में भेजा गया साथ ही साथ मरीजों को दवाईयां चश्मे मरीजों को वितरण भी किये गए हिमालयन अस्पताल से एडमिन डॉ मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि हम हर माह में फ्री कैंप का आयोजन करते हैं जिसमें निशुल्क दवाईयां एवं चश्मे तथा जांच भी करते हैं और उसके आधार पर मरीजों को दवाईयां चश्मे में भी वितरण करते हैं जो आपरेशन के लाभदायक होता है उसको जौलीग्रांट देहरादून ले जाकर ऑपरेशन भी करते हैं तथा अब्दुल कलाम सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक दानिश शेख के इस कार्य की सभी जलालाबाद वासीयों ने सराहना करते हुए दानिश शेख का दिल से आभार व्यक्त कर रहे हैं और दानिश शेख के इस कार्य से जलालाबाद वासियों में एक खुशी का माहौल बना हुआ है और सभी जलालाबाद वासियों में खुशी की लहर दिखाई दे रही है

शिक्षा इंसान को निखारने का काम करती है डॉ, ए के अंसारी

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

धामपुर । नौजवान समाज सेवी डॉ ए के अंसारी का कहना है कि शिक्षा इंसान को निखारने और संवारने का काम करती है लिहाजा हमें चाहिए कि चाहे जो भी हालात हों इंसान को ना सिर्फ. खुद शिक्षा हासिल करनी चाहिए बल्कि शिक्षा हासिल करने वालों की सहायता भी करनी चाहिए शिक्षा का महत्व बताते हुए डॉ ए के अंसारी ने कहा कि जो इंसान अशिक्षित होता है वो ना सिर्फ समाज पर बल्कि देश पर भी एक बोझ के समान है अतः इंसान अशिक्षित ना रहे इसकी अति आवश्यकता है डॉ ए के अंसारी ने कहा कि उनकी संस्था हमेशा शिक्षा के प्रति रुचि रखने वालों को प्रोत्साहित करती रहती और उनका मार्गदर्शन करने के साथ साथ उनकी आर्थिक सहायता भी करती रहती है डॉ ए के अंसारी ने समाज के प्रतिष्ठित और अग्रणी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वो और कामों से ज्यादा बच्चों को शिक्षित करने का पुण्य कार्य करें ताकि समाज और देश उच्च शिक्षा में और देशों के मुकाबले में मजबूत सक्षम और प्रथम नजर आये

दो पालियों में होगी बीएड परीक्षाः जिलाधिकारी उमेश मिश्रा

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बीएड संयुक्त प्रदेश परीक्षा 20-22 की तैयारियां के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा ने उपस्थित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक स्केटिंग मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षक एवं परीक्षा में संलग्न अन्य अधिकारी कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। परीक्षा में मोबाइल वे अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लाना प्रतिबंधित है केंद्र प्रचायो एवं केंद्र व्यवस्थापक निर्देश दिए केंद्रों के आसपास केंद्र में स्थित शौचालय एवं केंद्र के मैदानों इत्यादि की परीक्षा से पूर्व अच्छी तरह से जांच कर ले कि कहीं कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस अथवा अन्य कोई संदीप चीज छुपी हुई ना हो प्रथम पाली की परीक्षा प्रात 9: से 12: तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपरांत 2:बजे से 5: बजे तक संपन्न होगी 8 परीक्षा केंद्र पर 8000 परीक्षथो परीक्षा देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा कब परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व खोले जाएं तथा 45 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र के मुख्य गेट पर परिक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरांत ही परीक्षार्थियों को प्रवेश किया जाए। उन्होंने कहा है कि कोई बाहरी व्यक्ति किसी दिशा में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करने का है इस अवसर पर एडीएम प्रशासन विनय कुमार सिंह एएसपी ग्रामीण राम आठ जे डी आई को है बी एस ए. स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र प्रचार्य केंद्र व्यवस्थापक सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

त्यौहारों के मद्देनजर थाना प्रांगण में एक बैठक शांति व्यवस्था को लेकर हुई :सीओ इंदू सिद्धार्थ

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

धामपुर । पुलिस क्षेत्र अधिकारी एवं कोतवाली प्रभारी माधौ सिंह बिष्ट ने क्षेत्र के प्रधानों और शहर के गणमान्य व्यक्तियों और व्यापारी गण एवं शहर के सभी मस्जिदों के इमाम एवं आमजन लोगों के साथ एक मीटिंग में पुलिस क्षेत्राधिकारी इंदु सिद्धार्थ ने संबोधित करते हुए कहा है कि त्योहारों को शांतिपूर्वक और भाई चारे के साथ मनाने की अपील की है । उन्होंने कहा है कि त्योहारों को सभी लोग आपस में मिलजुल कर मनाएं माहौल को खराब करने का प्रयास ना करें उन्होंने कहा है कि ईद उल अजहा पर विशेषकर मुस्लिम समुदाय से अपील की है कि साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें उन्होंने कहा है कि किसी भी स्थिति मैं खुले एवं सर्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी ना करें दूसरी तरफ उन्होंने कहा है कि कावड़ यात्रा को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जो गाइडलाइन जारी की गई है उसका पूरी तरह पालन कराया जाएगा। जिन जानवरों की कुबार्नी की अनुमति नहीं है उनकी कुबार्नी ना की जाए मांस खुले में अवशेष ना डालें उन्होंने कहा है कि नियमों का पालन करने का हम सब का कर्तव्य बनता है कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी । और मास का फोटो वीडियो व्हाट्सएप फेसबुक पर शेयर ना करें सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचने चाहिए। पुलिस क्षेत्र अधिकारी इंदू सिद्धार्थ ने कहा है की शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें पुलिस आप लोगों की सेवा में हर समय उपस्थित रहती है आप का भी फर्ज बनता है की पुलिस को सहयोग करें।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एंबुलेंस का शुभारंभ

सहसपुर में कुंवर साद उल्ला खान का जलवा : नगर वासियों के लिए 24 घंटे निशुल्क एंबुलेंस सेवा

सहसपुर /संवाददाता (मनव्वर अंसारी)

सहसपुर। नगर पंचायत सहसपुर के लिऐ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिऐ 108 एंबुलेंस का हॉट स्पॉट नगर पंचायत सहसपुर को बनाया गया। जिसका शुभारंभ श्रीमती हुमा खान पत्नी सादुल्लाह खान व अधिशासी अधिकारी श्री धर्म देव सिंह के कर कमलों द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधान लिपिक सलमान अली, जमशेद अली,आदि मौजूद रहे।हुमा खान पत्नी सादुल्ला खान ने बताया की नगर पंचायत सहसपुर के अथक प्रयास के बाद ये सेवा प्राप्त हुई।एंबुलेंस में सारे आपातकालीन उपकरण मोजूद हैं जैसे ऑक्सीजन,सिलेंडर,ऑक्सीमीटर, ए सी,हीटर फर्स्ट एड आदि अध्यक्षा ने आगे बताया कि सहसपुर की जनता को निःशुल्क सेवा दी जाएगी और 24 घंटे नगर पंचायत में उपलब्ध रहेगी।

दबंगों ने निजी खेत में रात में गाड़ा बिजली पोल पीड़ित ने अधिकारियो से लगाया न्याय की गुहार।

आशु खरवार

रसड़ा (बलिया)। चिलकहर ब्लॉक के बड़ेसरी गांव में मध्यरात्री हमारी खेत गाटा संख्या 259में जेसीबी मशीन से गडढा खोदकर सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय शुदर्शन, राहुल पुत्र स्वर्गीय शिवजी, छोटू पुत्र दुखनती देवी, वीरेंद्र पुत्र स्वर्गीय मुन्नी, गणेश पुत्र मुनेश्वर, ने पोल गाड़ दिया है। सुबह मैं जब मौके पर पहुंचा तो मेरे खेत में पोल गड़ा हुआ था। चिलकहर ब्लॉक के बड़सरी निवासी वीर बहादुर वर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व पुलिस अधीक्षक बलिया व अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड को भी पत्रक भेज कर न्याय की गुहार लगाये है।

राशिद हुसैन को खूब मिला हाईकमान से प्यार व आशीर्वाद

दैनिक माज जागरण/शरीफ मलिक)

किरतपुर (बिजनौर)। वरिष्ठ सपा नेता राशिद हुसैन ने समाजवादी पार्टी जिला बिजनौर के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा लगातार विपक्ष में रहकर किये गये संघर्ष व मेहनत तथा सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं वरिष्ठ नेताओं से मिले प्यार और आशीर्वाद का आभार व्यक्त करता हूं। राशिद हुसैन ने कहा कि संगठन भंग होना व गठन होना सतत प्रक्रिया है। पार्टी के लिए मेहनत संघर्ष जारी रहेगा, टीम के सभी साथियों का भी बहुत बहुत आभार। उल्लेखनीय है कि पार्टी हाईकमान ने प्रदेश में लोकसभा के चुनाव से पूर्व संगठन में बदलाव के संकेत देते हुये प्रदेश मे सपा की प्रदेश एंव जिलास्तरीय कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी है। बिजनौर में सपा की कमान राशिद हुसैन के हाथों में थी। प्रेस को जारी ब्यान में राशिद हुसैन ने टीम का आभार जताया है।

बाइक की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत

दैनिक समाज जागरण गुलफाम राजा

नूरपुर। बीती रात मुरादाबाद मार्ग स्थित स्टेट बैंक के पास एक बाइक की टक्कर से दूसरे बाइक सवार व्यक्ती की दर्दनाक मौत हो गई।व्यक्ति की मोत से परिजनो मे कोहराम मचा हुआ है।टक्कर मारने वाला बाइक सवार युवक फरार हो गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के निकटवर्ती ग्राम हसूपुरा निवासी 40 वर्षीय नवावुदीन पुत्र तौफीक अहमद शाम 9:30 बजे बाइक द्वारा अपने घर वापस जा रहा था।स्टेट बैंक के पास की गली से एक अज्ञात बाइक सवार आया और नवावुद्दीन की बाइक से टकरा गया। जिससे नवावुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।राहगीर नवाजुद्दीन को उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई । मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया।ओर वह ईद के बाद सऊदी अरब जाने वाला था।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एंबुलेंस

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। सहसपुर के लिऐ 108 एंबुलेंस का हॉट स्पॉट नगर पंचायत सहसपुर को बनाया गया।जिसका शुभारंभ चेयरपर्सन हुमा खान व अधिशासी अधिकारी धर्म देव सिंह व चेयरपर्सन पति कु. शाद उल्ला खां ने फीता काटकर किया। चेयरपर्सन हुमा खान ने बताया की नगर पंचायत सहसपुर के अथक प्रयास के बाद एम्बुलेंस सेवा प्राप्त हुई। एम्बुलेंस सेवा से सहसपुर की जनता को लाभ मिलेगा उन्होंने बताया कि एंबुलेंस में सारे आपातकालीन उपकरणे ऑक्सीजन,सिलेंडर,ऑक्सीमीटर, ए सी,हीटर फर्स्ट एड आदि मौजूद हैं। अध्यक्षा ने आगे बताया कि सहसपुर की जनता को निःशुल्क सेवा दी जाएगी और 24 घंटे नगर पंचायत में उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर प्रधान लिपिक सलमान अली जमशेद अली ,रिजवान ,मो,कलीम,डॉ हैदर,नितिन यादव, गुड्डू आदि मौजूद रहे

शादी का झांसा देकर तीन साल तक किया दुराचारे

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। स्योहारा - क्षेत्र के एक गाँव शादी का झांसा देकर तीन साल तक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है पीड़िता नें थाने मे तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है । क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि गांव निवासी एक युवक ने पहले उसे प्रेम जाल मे फंसाया और बाद मे उससे शादी करने की बात कहते हुए तीन बर्ष से शारीरिक सम्बंध बनाता रहा । जब भी शादी के लिए उससे कहती तो युवक मना कर देता था । जिसके बाद मामला परिजनों के सामने आया तो परिजनों ने मामले के निपटारे के लिए आपस मे बात की तो शादी पर सहमति बनी लेकिन उसके बाद फिर शादी को मना कर दिया । जिसपर पीड़िता ने थाने मे तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की थानाध्यक्ष राजीव चौधरी का कहना है कि मामला संज्ञान में है जाँच कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

सूचना



दैनिक समाज जागरण पेपर के लिए पत्रकारों की आवश्यकता है

रेहड, बादीगड, अफजालगढ़ शेरकोट भूतपुरी, हरे बली रायपुर बढ़ापुर किरतपुर बालावाली भागू वाला मंडावली बिजनौर चंदक बास्टा चांदपुर हीमपुर दीपा सहसपुर सिव हारा काठ हल्दौर झालु पैजनिया नजीबाबाद जलालाबाद कोतवाली वह ग्रामीण रिपोर्टर नगर रिपोर्टर ब्लॉक रिपोर्टर तहसील रिपोर्टर पूरे बिजनौर क्षेत्र के लिए रिपोर्टरों की आवश्यकता है इच्छुक पत्रकार बंधु हाई स्कूल व इंटर होना आवश्यक है जो पत्रकार बंधु पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं पत्रकारिता करना चाहते हैं वो वह पत्रकार बंधु तुरंत संपर्क करें फोन नंबर 97 20 96 65 33 पर संपर्क करें

जिला ब्यूरो चीफ मोहम्मद आबिद खान दैनिक समाज जागरण बिजनौर

13:24

युवती ने लगाया शादी का झांसा देकर रेप का आरोप, केस दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण/अखिलेश सिंह

हरदोई । कछौना कोतवाली में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, घर में बुलाकर रेप करने और धमकी देने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है ।पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके युवती को मेडिकल के लिए भेजा है जबकि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है ।कछौना कोतवाली में दर्ज कराई गई एफआईआर में बघौली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का कहना है कि वह 19 साल की है और कॉलेज के दौरान कछौना कोतवाली के मोहल्ला पतसेनी निवासी गोविंद, पुत्र जयराम के साथ उसकी जान पहचान हो गई थी. युवती का कहना है कि गोविंद ने उससे कहा था कि वह उसके साथ शादी करेगा और इसी को लेकर पिछले 1 साल से वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा ।युवती का आरोप है 18 जून को करीब 10 बजे दिन में गोविंद ने कस्बा पतसेनी में बने अपने मकान पर उसको बुलाया. जब उसने गोविंद से शादी करने की बात कही तो गोविंद ने शादी करने से मना कर दिया और उसके साथ जबरदस्ती रेप किया और जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसने यह भी कहा कि उसको जो कुछ करना है कर ले. इसके बाद उसने अपने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। सीओ बघौली विकास जायसवाल ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और युवती को मेडिकल के लिए भेजा गया है।आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

यातायात सड़क सुरक्षा अभियान

दैनिक समाज जागरण संभल

आज दिनांक 3 जुलाई 2022 को यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया तथा नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के चालान एम वी एक्ट के अंतर्गत किए गए तथा वाहन चालकों को रोड पर वाहन पार्क न करने की हिदायत दी गई , अभियान के अंतर्गत दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट, तथा दो पहिया वाहन पर ट्रिपल ड्राइविंग ,रॉन्ग साइड वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए अभियान के अंतर्गत 62 वाहनों के चालान किए गए तथा ऑनलाइन तथा आफलाइन ₹10500 शमन शुल्क वसूला गया

ड्यूटी से छुट्टी लेकर घर आ रहे फौजी की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों में मचा कोहराम

कर्नलगंज, गोण्डा। ड्यूटी से छुट्टी लेकर अपने घर आ रहे एक फौजी की कर्नलगंज रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय गोंडा भेजा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की सुबह की है। फौज में तैनात परसपुर थाना क्षेत्र के गंगापुरवा गांव निवासी करीब 25 वर्षीय महेश प्रताप सिंह पुत्र वासुदेव सिंह भोपाल से अपने घर आ रहे थे। शुक्रवार की सुबह कर्नलगंज रेलवे स्टेशन के निकट किसी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और कोहराम मचा है। पुलिस द्वारा कागजी कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जनपद मुख्यालय भेजा गया है। उक्त घटना के संबंध में जानकारी करने पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि घटना जीआरपी के क्षेत्र की है, जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये गोंडा भेजा है।

पिता की तहरीर पर नाबालिग पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

कर्नलगंज/परसपुर गोण्डा । थाना परसपुर अन्तर्गत ग्राम मलांव के कृपा पुरवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री 29 जून बुधवार की रात्रि दो बजे घर से निकलकर कहीं चली गयी है। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर नाबालिग पुत्री के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। उक्त सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर की रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए मामले की जाँच उपनिरीक्षक दीवान चन्द रावत को सौंपी गई है।

सीएचसी कर्नलगंज में कई वर्षों से जमे अधीक्षक डाक्टर सुरेश चंद्रा का स्थानांतरण

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय क्षेत्र में अपने निरंकुश कार्यशैली को लेकर व विवादों से गहरा नाता रखने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डाक्टर सुरेश चंद्रा के तबादले का ऐसा फरमान जारी हुआ कि वह जुलाई का वेतन अब नई तैनाती स्थल से ही ले सकेंगे और तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित स्थल पर पहुँचकर कार्यभार ग्रहण कर शासन को सूचित करेंगे। ऐसा आदेश शायद ही कभी किया गया हो। बताते चलें कि लम्बे अरसे से कर्नलगंज में मलाई काट रहे व कुछ लोगों की निगाह में रसूखदार बने डाक्टर सुरेश चंद्रा को शासन द्वारा तत्काल प्रभाव से हटाकर उन्हें संत कबीर नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी के अधीन रखा गया है और उन्हें तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर शासन को सूचित करने का सख्त निर्देश जारी किया गया है। अब इन्हें जुलाई माह का वेतन नवीन तैनाती स्थल से ही मिल सकेगा। बताते चलें कि डाक्टर सुरेश चंद्रा कर्नलगंज सीएचसी पर करीब छह वर्ष से तैनात हैं, जबकि एक डाक्टर को तीन वर्ष से ज्यादा एक स्थान पर तैनात रहना नियम विरुद्ध माना जाता है। डा० सुरेश चंद्रा के कार्यकाल में अस्पताल से बच्चा चोरी, नवजात शिशुओं की मौत पर हंगामा, अस्पताल गेट पर प्रसव का गैर जिम्मेदाराना मामला, अस्पताल में दवाओं का जलाया जाना, इनकी प्राइवेट प्रैक्टिस तथा अपने स्वार्थ के चलते स्थानीय दो व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज कराने जैसा विवादित मामला अखबार की सुर्खियों में खूब रहा। सूत्रों की मानें तो अपने इसी कार्यकाल में इन्होंने कर्नलगंज क्षेत्र में कई अचल संपत्तियों को भी अपने या अपने परिजनों के नाम से अर्जित किया। फिलहाल यह तो जांच का विषय है। वहीं इन पर फर्जी मेडिकल करने सहित कई और गंभीर आरोप हैं। जिसको लेकर 2019 में सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह द्वारा इनकी शिकायत मुख्यमंत्री से की जा चुकी है जिसकी जांच शायद अभी होना बाकी है। लोगों का कहना है कि यदि इनके पूरे कार्यकाल की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कराई जाए तो इनके और कई कारनामे सामने आ सकते है। मालूम हो कि समाचार पत्र एवं न्यूज चैनलों द्वारा बीते कुछ महीनों से स्थानीय सीएचसी पर फैली अव्यवस्थाओं व मरीजों को हो रही परेशानियों को लेकर लगातार खबरें चलाई जा रही थी तथा सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सुरेश चंद्रा के कार्यकाल व उनकी निरंकुश कार्यशैली को उजागर किया जा रहा था। वहीं डा० सुरेश चंद्रा के स्थानांतरण हेतु शासन द्वारा जारी किए गए पत्र के बारे में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोंडा से पूछा गया तो उन्होंने गोलमाल जवाब दिया और कहा कि मुझे जानकारी नहीं है, इसकी पुष्टि अब सोमवार को हो पायेगी।

पुलिस चौकी सरायतरीन में पालिका मेंबर, और नगर के संभ्रांत लोगों के साथ एसडीएम व थाना हयातनगर प्रभारी ने की मीटिंग।

आगामी त्योहारों को देखते हुए की गई पीस कमेटी की मीटिंग

दैनिक समाज जागरण संभल।

सराय तरीन पुलिस चौकी पर आगामी त्यौहारों के मद्देनजर एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में काफी संख्या में शहर के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। इस दौरान एसडीएम ने उपस्थित लोगों के समक्ष कहा कि जिस तरह से आगे कई त्यौहार आ रहे हैं, इसको लेकर मीटिंग का आयोजन पुलिस चौकी सरायतरीन में किया गया है। ईद उल अजहा के त्यौहार को देखते हुए शहर में शांति व्यवस्था और स्वछता को बनाये रखने के लिए लोगों ने अपनी बात एसडीएम और अधिशासी अधिकारी के समक्ष रखी। वहीं मेंबर राजकुमार ने बताया को पालिका क्षेत्र में आ रहे सरायतरीन हयातनगर रोड स्थित नाले की सफाई होनी है, सफाई न होने के चलते यहां गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। तो पूर्व मेंबर इफ्तेखार ने भी अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था के विषय मे बात की। मेंबर रेहान ने कहा कि मोहल्ला नवादा चौक में सड़क पर कूड़ा डाला जाता है जिससे नालियां बन्द हो जाती हैं और पानी सड़क पर आ जाता है। ईदुल अजहा के विषय पर बोलते हुए जामा मस्जिद सरायतरीन के इमाम ने कहा कि ईदुल अजहा का त्योहार हमे कुरबानी का संदेश देता है। जब हम कुरबानी पर हजारों रुपये खर्च करते हैं तब उसकी सफाई व्यवस्था का भी हमे खयाल रखना चहिए। जानवरों के बचे अवशेषों को खुले में न फेंककर नगर पालिका द्वारा लगाई गई ट्रॉलियों या अन्य वाहनों में ही डालना चाहिए। वहीं अटल ने कहा कि भाई चारा बनाने की जिम्मेदारी समाज मे रहने वाले सभी समुदायों की होती है। इसीलिए यदि त्योहार के चलते किसी बात से कोई आपत्ति हो तो जिम्मेदार लोगों की मौजूदगी में प्रेम से समस्या को सुलझा लेना चाहिए। समस्या का समाधान न होने रिश्तों में कड़वाहट होती है और व्यापार प्रभावित होता है ।इस अवसर पर एसडीएम विनय कुमार मिश्र, अधिशासी अधिकारी रामपाल, हयातनगर थाना प्रभारी राजेश सोलंकी सरायतरीन चौकी प्रभारी सुंदर लाल, हयातनगर चौकी प्रभारी एवं अन्य समाजसेवी लोग मौजूद रहे।

जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद गठन पर जताई प्रसन्नता

संभल को पर्यटन स्थल बनाने की योजना को मिलेगा मूर्त रूप- अजय शर्मा

दैनिक समाज जागरण संभल ।

शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी संभल द्वारा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन होने पर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। संभल को यथाशीघ्र पर्यटन स्थल का सम्मान प्राप्त होगा ऐसा विश्वास व्यक्त किया है। मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में स्थित ज्ञानदीप मंदिर में हिंदू जागृति मंच की बैठक में भगवान श्री कल्कि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। कल्कि महामंत्र का 5 बार उच्चारण करके प्रारंभ हुई बैठक में हिंदू जागृति मंच के अजय कुमार शर्मा ने कहा कि शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी संभल द्वारा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन किया गया है। परिषद जनपद क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहरों का संज्ञान लेकर 68 तीर्थ 19 कूपों को वजूद में लाने को मूर्त रूप प्रदान करेगी। कौन सा तीर्थ कहां है? कितने क्षेत्रफल में तीर्थ था? उस प्राचीन नापतोल को हिंदू जागृति मंच प्रशासन का और नवगठित परिषद का सहयोग करेगा। उन्होंने जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से संभल को पर्यटन स्थल घोषित करने और बनाने का विश्वास व्यक्त किया ।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनन्त कुमार अग्रवाल ने सक्रिय, ईमानदार, संवेदनशील और न्याय प्रिय जिलाधिकारी संभल से अपेक्षा की कि संभल के ऐतिहासिक सामाजिक और धार्मिक महत्व का संज्ञान लेते हुए संभल को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का प्रस्ताव शासन को यथाशीघ्र भेजा जाना चाहिए। प्रदेश कार्य अध्यक्ष अजय गुप्ता सर्राफ ने कहा कि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को समाज के विभिन्न वर्गों के साथ बैठक आयोजित करके क्षेत्र के आध्यात्मिक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी, भ्रमण तथा सजाने संवारने का कार्य यथाशीघ्र अमल में लाना चाहिए। सुभाष चंद्र मोंगिया, विष्णु कुमार, अरुण कुमार अग्रवाल, सुबोध कुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, वैभव गुप्ता, नवनीत कुमार, शलभ रस्तोगी, नेहा मलय आदि ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद का गठन होने पर अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी संभल सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यथाशीघ्र परिषद द्वारा पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की ओर कदम बढ़ाने की अपेक्षा की।
बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्याम शरण शर्मा ने कहा कि संभल जनपद के राजनैतिक नेतृत्व, एवम् जनप्रतिनिधियों को भगवान कल्कि अवतार स्थली एवं 68 तीर्थों की नगरी संभल को पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए वातावरण बनाना चाहिए और शासन स्तर से यह मांग पूरी कराने को सफल प्रयास करना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता श्याम शरण शर्मा ने की संचालन अरविंद शंकर शुक्ला ने किया।

शजर पत्थर से कलाकृति बनाने बाले कलाकार का स्वर्णकार समाज बंधुओं ने किया सम्मान

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बाँदा - जिले के शजर पत्थर से कलाकृति बनाने वाले कलाकार का स्वर्णकार समाज ने सम्मान किया बता दे कि अपने जिला बांदा को देश विदेशों तक (शजर पत्थर) की कारीगरी से जाना जाने लगा है। जिसकी हम कभी कल्पना भी नहीं कर सकते थे। इसका पूरा श्रेय स्वर्णकार समाज के सम्मानित एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों में से एक नाम श्री द्वारिका प्रसाद सोनी, का है जिन्होंने अपनी इस शिल्प कला से बाँदा जिले का नाम रोशन किया। आज दिनांक 3-7-22 को समाज के प्रतिनिधि मंडल के द्वारा द्वारिका प्रसाद सोनी के निवास बलखंडी नाका, में पहुचकर उनका माल्यार्पण, पुष्प व अंगवस्त्र भेंट करते हुए मुख मीठा करा करके उनको बधाइयां दी कि वह आने वाले समय में और भी उम्दा कार्य करके समाज व जिला बांदा का नाम रोशन करें आपको बता दे कि द्वारिका प्रसाद सोनी ने शजर पत्थर से बहुत सी कलाकृतियां बनाई है विश्व प्रसिद्ध ताज महल,कालिंजर किला ,टेबल लेम्प, भारत देश का नक्शा, टेबल लैंप के लिए सन 2011 में राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है साथ ही कई राज्य स्तर के भी पुरुस्कार मिल चुके है भारत सररकर के द्वारा यह तंजानिया ,नीदरलैंड भी जा चुके है सोनी नई ने बताया कि शजर पत्थर केबल केन नदी और नर्मदा नदी से ही मिलते है और पूरे विश्व में केवल बाँदा जिले में ही यह बनता है समाज , बाँदा ओर देश का नाम रोशन करने के लिए आज अयोध्यावासी स्वर्णकार ने सम्मानित किया इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष हरि शंकर सोनी (टिकरी वाले) महामंत्री राम प्रकाश सोनी (पप्पू भैया) प्रबंधक अनिल सोनी व महेश सोनी कील वाले, मुन्ना सोनी सुपा वाले, ईश्वर चंद्र सोनी , संतराम सोनी, राजू सोनी खंडे वाले, संजय सोनी, बृजेश सोनी, श्याम बाबू सोनी, गनेश बाबू सोनी, आलोक सोनी, सीताराम सोनी, राम बाबू सोनी, भरत सोनी आशीष जडिया,एवम् शिव किशोर सोनी जी शामिल रहे।

ग्राम पंचायत भरखरी में लगा गंदगी का अंबार जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - पूरा मामला बड़ोखर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम भरखरी का है जहां सालो से जमा कीचड़ नहीं हो रहा साफ जो कि गांव के बीच रास्ते में है यहां से सभी ग्राम वासियों का आना जाना रहता है और वही बगल में हनुमान जी का मंदिर भी है आय दिन बच्चे बुजुर्ग गिर भी जाते है निकलने में ना ही कोई गाड़ी निकल पाती है और ग्रमहिंडो को झेलनी पड़ती है आय दिन मुसीबत जो कि जिम्मेदार ध्यान ही नहीं दे रहे आय दिन गंदगी की वजह से लोग बीमारी का शिकार हो रहे है वहीं कूड़ा दान रखा हुआ है सालो से कूड़ा दान से कूड़ा भी तक नहीं हटाया गया जब से कुड़ादान रखा गया है सालो से ये हालात है जो कि अब बारिश का मौसम भी आ रहा है यहां जहरीले कीड़े तक आ जाते है रात में और लोगो को एक अनायास डर रहता है और निकलना दूभर रहता है और बारिश कि वजह से जमा पानी और कीचड़ में बीमारी उत्पन्न होती है एक तरफ जहां सूबे प्रदेश की सरकार योगी आदित्यनाथ जी स्वच्छता को लेकर काफी चिंतित हैं और अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं वहीं कुछ मातहत सरकार की मंशा को पानी फेर रहे है सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे है जहां बांदा के मंडलायुक्त दिनेश कुमार सिंह रात दिन शहर हो या गांव माडल बनाने में लगे है वहीं कुछ मातहतों की वजह से गंदगी का अंबार लगा हुआ है जो कि गांव में दो दो सफाई कर्मी लगे हुए है उनको मैंने जानकारी भी दिया कुछ दिवस पहले कि उक्त जगह में काफी मात्रा में और लगभग सालो से कीचड़ और पानी जमा है उनकी सफाई भी कर दे वो महिला कर्मचारी सीधे बोले मेरे बस की नहीं है केवल और केवल खाना पूर्ति होती है सफाई कर्मचारियों और सफाई के नाम से आखिर देखना ये होगा कि कुछ होता है या यू ही ग्राम वासी कीचड़ के दलदल से और महामारी डेंगू जैसी बीमारियों से कब तक जूझते रहेंगे

तालाब पर अवैध कब्जे के चलते गांव की सड़क पर भारी जलभराव

कुछ दबंग किस्म के लोगों ने पटाई करके कर रखा है अवैध अतिक्रमण, जल निकासी बाधित

कर्नलगंज, गोण्डा। एक तरफ जहाँ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने तालाब सहित अन्य खाते की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने का फरमान जारी कर रखा है तो वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार संबंधित विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की उदासीनता के कारण जलमग्न तालाब को अवैध तरीके से पाटकर लोग कब्जा करके पक्का निर्माण कर लिये हैं जिससे ग्रामीणों की जल निकासी बाधित है और गांव के मार्ग पर जलभराव की स्थिति हो गई है। प्रकरण तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनवार का है, यहां के निवासी एवं ग्राम पंचायत सदस्य मेवाराम शुक्ल ने गाँव में स्थित तालाब की भूमि गाटा संख्या 477, 478 पर कुछ दबंग किस्म के लोगों द्वारा पटाई करके करके किये गए किये गये अवैध कब्जे व निर्माण के संबंध में और प्रश्नगत अवैध कब्जे के चलते ग्रामीणों की जल निकासी बाधित होने के साथ ही गांव के मार्ग पर भारी जलभराव की समस्या के संबंध में अनेकों बार उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी व अन्य आला अधिकारियों को एवं संपूर्ण समाधान दिवस, जनसुनवाई पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देते हुये ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया जा चुका है ।लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जिससे उसने विवश होकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर तालाब से अवैध कब्जा हटवाने व कब्जेदार पर कार्रवाई करते हुए जल निकासी कराने की गुहार लगाई है। मेवाराम शुक्ल निवासी सोनवारा परगना पहाड़ापुर ने अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह गांवसभा का सदस्य है और उसके गांव में गाटा संख्या 377 व 378 जो कि तालाब के खाते की भूमि है। उक्त तालाब में गांव के तमाम हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों का का पानी बरसात में व घर का पानी निकासी होता था, परंतु अनेकों दबंग लोगों द्वारा तालाब को पाटकर पक्का मकान बना लिया गया है व अवैध कब्जा कर लिया गया है और कुछ भूमि को पाट लिया गया है। जिससे गाँव घर का पानी रास्ते में अक्सर भरा रहता है व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्रार्थी ने तालाब खाली कराने हेतु कई बार प्रार्थना पत्र दिया है और उक्त संबंध में कई बार स्थानीय अधिकारियों से लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं अधिकारियों के आदेश के बावजूद तालाब से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है। मामले में तहसीलदार महोदय के न्यायालय पर बेदखली के आदेश हेतु वाद पत्रावली काफी दिनों से लंबित है जिसमें उपजिलाधिकारी द्वारा लंबी तारीख ना लगाकर प्रकरण का शीघ्र निस्तारण करने को भी कहा जा चुका है। इसके बावजूद जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों, कर्मचरियों द्वारा जानबूझ कर मामले का निस्तारण ना करके तालाब की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने में हीला हवाली की जा रही है। जबकि बरसात का महीना आ चुका है जिससे गाँव के रास्ते पर काफी जलभराव की स्थिति हो गई है जिससे जलनिकासी की व्यवस्था हेतु तालाब की भूमि से अवैध कब्जा शीघ्र खाली कराया जाना जनहित में नितांत आवश्यक है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से तालाब से अवैध कब्जा शीघ्र हटवाने की मांग की है। उपजिलाधिकारी हीरालाल से दूरभाष के माध्यम से जानकारी करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन नही उठा। वहीं तहसीलदार नरसिंह नरायन वर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में नही है। लेकिन यदि ऐसा है तो जांच करवाकर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

रफ्तार का कहर, महिला को ट्रक ने रौंदा घटनास्थल पर महिला की हुई मौत,

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - तेज रफ्तार ट्रक का कहर आज रविवार को सुबह देखने को मिला है। जहां बबेरु तहसील क्षेत्र के अलिहा गांव में एक 23 वर्षीय महिला जुग्गी देवी पत्नी कालीचरण अपनी मासूम बच्ची को लेकर सुबह सड़क के किनारे बने मकान पर जानवरों को चारा डालने के लिए जा रही थी। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को पीछे से कुचल दिया। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वही मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना को दरखते हुवे ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया है। जाम तकरीबन डेढ़ घंटे लगा रहा,सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्यप्रकाश शर्मा ने समझा-बुझाकर जाम को खुलवाया हैं। और घायल बच्ची को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है।

पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेश अवस्थी (संजय), व जिला कोषाध्यक्ष बने संदीप दीक्षित

रिपोर्ट - समाज जागरण ब्यूरो श्रीकांत श्रीवास्तव

बांदा - पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अंकित अवस्थी के निदेर्शानुसार भारत के सभी राज्यों एवं सभी जिला कार्यकारिणीयों का गठन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बांदा में लगातार सदस्यता अभियान चलाकर के पत्रकारों को संगठन से जोड़ा जा रहा है ।आपको बताते चलें की पत्रकार एकता महासंघ फाउन्डेशन के द्वारा ब्रजेश अवस्थी "संजय" को जनपद बांदा उत्तर प्रदेश के जिला उपाध्यक्ष व संदीप दीक्षित जिला कोषाध्यक्ष मुलायम चंद को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन द्वारा मनोनयन की ह्रदय से बधाई देते हुए आशा की है। कि पत्रकारों को संगठित करते हुए पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन का विस्तार करेंगे एवं पत्रकार एकता महासंघ फाउंडेशन के पद की जिम्मेदारी का निर्वाहन पूरी जिम्मेदारी से करेंगे ।जिला अध्यक्ष श्रीकांत श्रीवास्तव ने सभी संगठन के नए पदाधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं और आशा की है सभी सदस्य संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे

कटरा बाजार के ग्राम पंचायत रायपुर में दबंग कोटेदार डाल रहा गरीबों के निवाले पर डाका

कर्नलगंज/कटरा बाजार गोण्डा। तहसील क्षेत्र के विकास खंड कटरा बाजार के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रायपुर में दबंग कोटेदार के द्वारा सभी नियम निदेर्शों को दरकिनार कर राशन कार्डधारकों के एक यूनिट पर एक से दो किलो राशन की खुले आम कटौती की जा रही है। कार्ड धारकों का आरोप है कि कोविड काल मे सरकार द्वारा जारी किए गए प्राधिकार पत्र पर निःशुल्क वितरण होने वाले स्कूली बच्चों के राशन को भी कोटेदार डकार गया है। वहीं विभागीय संरक्षण प्राप्त भ्रष्ट कोटेदार राशन वितरण में धांधली करके कार्डधारकों के एक यूनिट पर एक से दो किलो राशन की खुले आम कटौती करते हुए अपनी व अपने आकाओं की जेब भर रहा है। यही नहीं कोटेदार के राजनीतिक रसूख के आगे विभाग भी नतमस्तक नजर आ रहा है । जिससे कोटेदार की दबंगई से तंग आकर अनेकों कार्ड धारकों ने सामूहिक रूप से उपजिलाधिकारी कर्नलगंज को प्रार्थनापत्र देकर दबंग कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही करने एवं न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

पीएम आवास से वंचित महिलाओं ने आवास दिलाने के लिए अधिकारियों से लगाई गुहार

मामले में एसडीएम हीरालाल ने बीडीओ हलधरमऊ को जांच कर कार्रवाई करने के दिये निर्देश

कर्नलगंज/हलधरमऊ गोण्डा। तहसील क्षेत्र के विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत पहाड़ापुर के दयाराम पुरवा की निवासिनी अनुसूचित जाति की महिलाओं ने शनिवार को तहसील पहुंचकर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई है। एसडीएम ने मामले में बीडीओ को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है ।मामला ग्राम पंचायत पहाड़ापुर (दयाराम पुरवा) विकास खंड हलधरमऊ गोंडा से जुड़ा है, यहाँ की निवासिनी अनुसूचित जाति की महिलाओं मुन्नी पत्नी अनोखी एवं रमकला पत्नी भगौती आदि लोगों ने शनिवार को समाधान दिवस में दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह लोग गरीब हैं जो किसी तरह से छप्पर युक्त घर में रहकर मेहनत मजदूरी करके जीविकोपार्जन करती हैं और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अन्तर्गत आवास प्राप्त करने की पात्रता रखती हैं, फिर भी जिम्मेदारों की जानबूझकर अनदेखी के चलते उन लोगों को आज तक आवास का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। जिसे यथाशीघ्र दिलाया जाना अपेक्षित है। महिलाओं ने बताया कि उनके पास रहने के लिए केवल एक कच्चा छप्पर नुमा मकान है और वह भी जर्जर हालत में हैं तथा तेज बारिश और आंधी पानी में गिर सकता है। उन्होंने कई बार प्रधानमंत्री आवास के लिए ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव से की मांग की लेकिन अभी तक उन लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल सका है। जबकि उन लोगों की आर्थिक स्थिति सही ना होने से वह पक्का मकान बनाने में असमर्थ हैं। जिससे महिलाओं ने मजबूर होकर शनिवार को तहसील पहुंचकर समाधान दिवस में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाई है। वहीं मामले में एसडीएम हीरालाल ने बीडीओ हलधरमऊ को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत 03 जुलाई को

गोण्डा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण , लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार के आदेशानुसार दिनांक 03 जुलाई दिन - रविवार को आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय गोण्डा में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक- 03 जुलाई दिन रविवार को आयोजित उक्त विशेष लोक अदालत की व्यापक सफलता हेतु अधिकाधिक संख्या में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण कराया जायेगा । अब तक सम्बन्धित न्यायालयों द्वारा कुल 92 आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों को निस्तारण हेतु चिन्हित किया गया है तथा सम्बन्धित न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों से अधिकाधिक संख्या में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों को चिन्हित कर निस्तारण कराये जाने का अनुरोध किया गया है । इस विशेष लोक अदालत में वादकारीगण दिनांक 03 जुलाई दिन रविवार को जनपद न्यायालय में आकर अपने आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण सम्बन्धित न्यायालय में उपस्थित होकर करा सकते हैं ।

22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:37 AM Page 6

अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 03 जुलाई से 15 जुलाई तक निःशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को दिनांक 03 जुलाई से 15 जुलाई तक के बीच निःशुल्क आवश्यक वस्तुओं का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल (कुल 35 किग्रा0) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक युनिट पर नमक चीनी चना रिफाइन तेल का वितरण भी आदेशानुसार ही होगा` सभी पात्र धारक निश्चित तारीख तक अपना राशन ले सकेंगे`

विशेष लोक अदालत में 12 आर्बिट्रेशन वादों का किया गया निस्तारण

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि आज रविवार को पूर्वान्ह 10 बजे से आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों से सम्बन्धित मामलों को समझौते के आधार पर निपटाने के लिये विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय परिसर में किया गया। आर्बिट्रेशन निष्पादन वादों के सन्दर्भ में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निदेर्शानुसार समस्त अपर जिला जज द्वारा अपने-अपने न्यायालयों में लम्बित आर्बिट्रेशन के वादों का निस्तारण किया गया। विशेष लोक अदालत में मा0 जनपद न्यायाधीश संजय शंकर पाण्डेय द्वारा कुल 05 वादों का निस्तारण किया गया। अन्य में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम सन्तोष कुमार तिवारी द्वारा 06 वादों का निस्तारण एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय आलोक द्विवेदी द्वारा 01 वाद निस्तारण किया गया। इस प्रकार से विशेष लोक अदालत में कुल 12 आर्बिट्रेशन वादों का सफल निस्तारण किया गया। लोक अदालत में समस्त पीएलवी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल एवं फौजदारी के रिक्त पदों हेतु 10 जुलाई तक करें आवेदन करें

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी ने जनपद के सिविल न्यायालयों में शासन की ओर से कार्य करने के लिये विधिक वर्ग संस्था (बार) के सदस्यों को सूचित किया है कि सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के रिक्त 02 पद एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के रिक्त 03 पद हेतु जो अधिवक्ता कार्य करने के लिये अपने नाम पर विचार कराने के इच्छुक हो वह निर्धारित प्रपत्र-क एवं प्रपत्र-ख में पूर्ण सूचना भरकर दिनांक 10 जुलाई 2022 तक के सायंकाल 5 बजे तक कलेक्ट्रेट कार्यालय के न्याय सहायक पटल पर जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा। उन्होने बताया है कि सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) के लिये न्यूनतम 10 वर्ष तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के लिये न्यूनतम 07 वर्ष की विधि व्यववास का अनुभव होना आवश्यक है। पूर्व शासकीय अधिवक्ता भी रिक्त पदों हेतु आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्य दिवस में न्याय सहायक कलेक्ट्रेट से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन 04 प्रतियों में देय होगा। आवेदन पत्र अपूर्ण/अस्पष्ट होने पर स्वत निरस्त माना जायेगा। नियुक्त/आबन्धित किये गये सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल)/सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) को शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निदेर्शों का अनुपालन करना होगा जिसके लिये शासन द्वारा अनुमन्य फीस देय होगी। अधिक जानकारी के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय के न्याय सहायक पटल से सम्पर्क कर सकते है।

पत्नी के रहते घर ले आया सौतन, पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझपहली पत्नी, बच्चों के होने के बावजूद युवक दूसरी बीवी घर ले आया। पहली पत्नी के विरोध करने पर युवक ने उसे डंडे से पीटा। पीड़िता ने पति के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है।हथिगवां थानाक्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी प्रेमनारायण तिवारी जीवकोपार्जन को पुणे में रहता था। वहीं तीन बच्चों की महिला से प्यार हो गया तो उसे पत्नी बनाकर घर ले आया। सौतन को देख उसकी पहली पत्नी माया देवी ने विरोध किया। माया देवी का आरोप है कि विरोध करने पर नाराज उसके पति ने उसे डंडे से इस कदर पीटा कि उसका दांत तोड़ दिया और मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने यूपी 112 को फोन किया तो पुलिस पहुंची तो मामला शांत हुआ। पीड़िता ने पति के खिलाफ पुलिस को नामजद तहरीर दी है। एसओ संतोष सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

अमेठी मे पुलिस की पैदल गस्त

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी अमेठीअपर पुलिस अधीक्षक अमेठी विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा शांति सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से थानाक्षेत्र गौरीगंज के कस्बाक्षेत्र में आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों में भ्रमण करते हुए आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन तथा नई उम्र के लड़को की चेकिंग व पूछताछ की गई ।*



मेरा बूथ सबसे मजबूत संकल्प के साथ करे कामः एमएलसी उमेश द्विवेदी

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ : प्रत्येक बूथ को मजबूत करने के लिए भाजपा द्वारा चलाई जा रही बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत आज 246 कुंडा विधानसभा के बिहार मंडल के सेक्टर शेखपुर के डीहा बुथ पर में शिक्षक विधायक आदरणीय उमेश द्विवेदी जी के साथ बिहार मंडल अध्यक्ष हिन्दू राजेश कुमार साहू क्षेत्र भ्रमण कर मुलाकात करते हुए साथ में सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह फौजी शीतला प्रसाद सोनकर प प्रेम नारायण ,चुनना तिवारी ,नीरज पाण्डेय अरुण आचार्य जी, सेबू खान हीरालाल पांडेय, प्रदीप साहू एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज, प्रतापगढ़। दुर्घटना में वृद्ध की मौत को लेकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। नगर पंचायत के मनीपुर सांगीपुर निवासी रवीन्द्र मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पिता रामभरोस मिश्र बीती अटठाईस जून को साइकिल से खजुरी गया हुआ था। वहां अज्ञात वाहन ने पिता को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल रामभरोस को नगर स्थित ट्रामा सेंटर लाया गया। हालत गंभीर होने पर उसे प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज मे चिकित्सकों ने रामभरोस को मृत घोषित कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात घटना को लेकर केस दर्ज किया है।

स्थापना दिवस के बाद पत्रकार महासंघ चलाएगा शुद्धिकरण अभियान -- मुनेश्वर मिश्र

स्थापना दिवस समारोह के बाद भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महा संघ का चलेगा शुद्धीकरण अभियान

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी जिला प्र . प्रतापगढ़

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ का 23 वां स्थापना दिवस समारोह आगामी 15 जुलाई 2022 दिन शुक्रवार को पूरे देश भर की विभिन्न इकाइयों द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा और इसके पश्चात देश भर में महासंघ अपनी इकाइयों को परिष्कृत और परिमार्जित करने के लिए शुद्धिकरण अभियान चलाएगा जिसमें क्षद्म अभिलेख प्रस्तुत करके बने हुए सदस्यों को निष्कासित किया जाएगा

उपरोक्त जानकारी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने देते हुए बताया कि मुख्य आयोजन प्रतापगढ़ जनपद की तहसील इकाई कुंडा द्वारा मानिकपुर के सनराइज अतिथि गृह में आयोजित किया जा रहा है जहां महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक डा० वृंदावन त्रिपाठी रत्नेश का हीरक जयंती समारोह भी मनाया जाएगा श्री धुरिया ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह के पश्चात सभी इकाइयों की समीक्षा की जाएगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुनेश्वर मिश्रा जी के निदेर्शानुसार सभी इकाइयों में शुद्धिकरण अभियान चलाया जाएगा जिसमें गलत अभिलेख अथवा क्षद्म जानकारी देकर सदस्य बने हुए साथियों को संगठन से निष्कासित कर दिया जाएगा और आगामी वर्ष में पूर्ण रूप से लेखन और पत्रकारिता को समर्पित साथियों को ही महासंघ ने जगह दी जाएगी श्री धुरिया ने बताया कि विगत दिनों कई जनपदों और प्रदेशों से ऐसी सूचनाएं प्राप्त हुई हैं कि पत्रकारिता से दूर दूर तक जिनका कोई वास्ता नहीं है वह भी क्षद्म अभिलेख प्रस्तुत करके संगठन की सदस्यता प्राप्त कर लिए हैं इसके लिए जिम्मेदार पदाधिकारियों को भी चेतावनी दी गई है और उन्हें सचेत किया गया है कि यदि उनके जिले अथवा तहसील में कोई भी गैर पत्रकार अथवा ऐसा कोई सदस्य जो पत्रकारिता से संबंध नहीं रखता है उसे सदस्य बनाया गया है तो तत्काल चिन्हित करके उसे हटाएं और अगले वर्ष उसका नवीनीकरण कदापि ना करवाएं अन्यथा उस पदाधिकारी के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी

एक अहम जानकारी देते हुए श्री धुरिया ने बताया कि व्हाट्सएप पर न्यूज पोर्टल और यूट्यूब चलाने वाले पत्रकारों में केवल संपादकों को ही संगठन से जोड़ा जाएगा और एक जिले में यूट्यूब अथवा न्यूज पोर्टल से सिर्फ एक सदस्य बनाए जाएंगे यह देखा गया है कि एक ही यूट्यूब चैनल के अथवा पोर्टल के एक ही तहसील में कई सदस्य बन गए हैं जिसका कोई अर्थ नहीं है ऐसी दशा में महासंघ शुद्धिकरण अभियान चलाकर अपनी साख बचाने के लिए संगठन को पूर्ण रूप से परिष्कृत एवं परिमार्जित करेगा श्री धुरिया ने बताया कि अनुशासन और जांच प्रकोष्ठ को अत्यधिक प्रभावी कर दिया गया है और उससे 31 अगस्त तक पूरा विवरण मंगाया गया है

जिलाधिकारी ने राजस्व ग्रामों में खतौनी पुनरीक्षण व खतौनी में अंकित सहखातेदार के अंश निर्धारण हेतु समय सारिणी जारी की

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि वर्ष 1430 फसली रोस्टर में आये समस्त तहसीलों के सूची में उल्लिखित राजस्व ग्रामों में खतौनी के पुनरीक्षण व खतौनी में अंकित प्रत्येक खातेदार सहखातेदार के गाटों के अंश का निर्धारण करने हेतु समय सारिणी जारी कर दी गयी है। समय सारिणी के अनुसार तहसील सदर के 67 गांव, तहसील कुण्डा के 88 गांव, तहसील पट्टी के 83 गांव, तहसील लालगंज के 66 गांव तथा तहसील रानीगंज के 50 गांव के खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण कार्यक्रम का संचालन प्रारम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उन्होने बताया है कि जुलाई माह से 31 अगस्त 2022 तक खतौनी में दर्ज खातेदारों/सहखातेदारों के खातावार एवं गाटा नम्बरवार अंश को प्रारम्भिक रूप से सहखातेदार एवं राजस्व समिति के परामर्श से लेखपाल द्वारा आकार पत्र ख0पु0-2 में तैयार किया जायेगा। दिनांक 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक लेखपालों द्वारा खतौनी में दर्ज सहखातेदारों के गाटा नम्बरवार प्रस्तावित अंश के उद्धरण को आकार पत्र ख0पु0-3 में तैयार किया जायेगा व राजस्व निरीक्षक द्वारा समस्त खातेदारों/सहखातेदारों को आर0सी0 प्रपत्र-8 में नोटिस जारी कर लेखपाल के माध्यम से तामील कराया जायेगा। दिनांक 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक खातेदारों/सहखातेदारों के द्वारा प्रारम्भिक रूप से किये गये अंश निर्धारण के विरूद्ध आपत्ति/शुद्धीकरण आकार पत्र ख0पु0-3 में विवरण अंकित करते हुये यथावश्यक अभिलेखों/प्रमाणों सहित सम्बन्धित लेखपाल अथवा राजस्व निरीक्षक अथवा रजिस्ट्रार कानूनगो को प्राप्त कराया जायेगा। दिनांक 01 नवम्बर से 30 नवम्बर तक राजस्व निरीक्षक द्वारा ग्राम राजस्व समिति के परामर्श/स्थानीय जांच पड़ताल एवं पक्षों के मध्य सुलह समझौते के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण कर अंश निर्धारण आदेश पारित करेगा। दिनांक 01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक खातेदार/सहखातेदार के अनिस्तारित आपत्तियों को राजस्व संहिता की धारा 116 के अन्तर्गत उपजिलाधिकारी को निर्णय हेतु अग्रसारित किया जायेगा।

चक मार्ग पर जेसीबी से काम मनरेगा योजना को चटाई धूल

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी। जिले के ब्लाक अमेठी की ग्राम पंचायत डेहरा मे मनरेगा कार्य जेसीबी से करवाये जाने की खबर है। ग्राम पंचायत सदस्य को भी जानकारी ना होने की खबर है। गाँव के चक मार्ग पर जेसीबी दहाड रही है।

ग्राम पंचायत डेहरा मे चक मार्ग शन्ति दास की कुटी से राम लखन मिश्र के खेत तक निर्माण कार्य चल रहा है। जाब कार्ड धारक के बजाय मशीन से काम शुरू है। मौके पर किसान की धान की नर्सरी बीरेन्द्र कुमार पुत्र नागेश्वर प्रसाद शुक्ल, गंगा कोरी पुत्र झुरहा कोरी को जेसीबी से खुदाई कर रही है। खास खबर है कि बीरेन्द्र कुमार शुक्ल को पुलिस थाना संग्रामपुर ले गयी है। और इधर खेत मे मशीन से काम चल रहा है। मामले की शिकायत जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, मुख्य बिकास अधिकारी से शिकायत की गई है। चक मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर खेल चल रहा है। यह जानकारी नही कि मशीन जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की आड मे मनरेगा योजना को झटका दिया जा रहा है। प्रशासन के इस खेल से लोग मनरेगा पर अंगुली उठा रहे है। ग्रामीण का कहना कि चक मार्ग पर अतिक्रमण है तो हटाए। कोई मना नही कर रहे है। लेकिन अतिक्रमण की आड मे मनरेगा का कार्य अनुचित है। निर्माण कार्य को लेकर गामीणो मे अकोश है। लेखपाल का कहना कि चक मार्ग पर

अतिक्रमण हटाने की शिकायत हुई थी। लेकिन मनरेगा कार्य की जानकारी नही है। मशीन जेसीबी से अतिक्रमण हटावाया गया। जेसीबी से काम हुआ। मामला श्रमदान घोषित कर दिया जायेगा। खण्ड बिकास अधिकारी अमेठी का कहना है कि मुझे जानकारी नही है। ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी से बात करे। ग्राम पंचायत बिकास अधिकारी से बात नही हो पायी।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत डेहरा मे मनरेगा योजना मे तालाब का जीर्णोद्धार जेसीबी से चला ।ग्रामीण ने शिकायत की। प्रशासन मे हडकंप मच गया। अब अतिक्रमण हटाने के नाम पर मनरेगा का कार्य चल रहा है। जब देखना है कि प्रशासन जेसीबी कार्य को श्रमदान करती है। या जाब कार्ड धारक के नाम पर भुगतान करती हो।

जालसाजी कर देवर ने हड़पे पांच लाख, केस

समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज, प्रतापगढ़। देवर द्वारा पीड़िता के खाते से कई बार में एटीएम से धोखाधड़ी के जरिए रुपए हड़प लिये जाने को लेकर केस दर्ज किया गया है। कोतवाली के बीजूमऊ निवासी स्व. दिनेश शर्मा की पत्नी पूजा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि उसका पति दिल्ली में प्राइवेट कम्पनी में काम करता था और इस दौरान उसकी मौत हो गयी। पीड़िता का एक खाता भारतीय स्टेट बैंक अगई में संचालित है। पति द्वारा बनवाये गये एटीएम कार्ड में देवर का मोबाइल नंबर डाला गया था। इस बीच डाक द्वारा एटीएम कार्ड को उसके देवर ने रिसीव कर लिया। देवर द्वारा एटीएम कार्ड से दस दस हजार तथा बीस-बीस हजार कर कई बार में पैसा निकाला गया। आरोपी द्वारा कुल पांच लाख रुपए निकाल लिये गये। जरूरत पड़ने पर वह बैंक गयी तो खाते से पांच लाख रुपए निकलने पर आवाक रह गयी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शनिवार की रात धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

हल्की फुल्की बारिश में कार्यो की उड़ी धज्जियां।

सफाईकर्मी के न आने से लगा गंदगी का अम्बार विभागीय उपेक्षा से मजबूर लोग खुद कर रहे हैं नालियों की सफाई।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी हल्की फुल्की बारिश शुरू होते ही मूरतगंज के जिल्लापर में कराए गए स्वच्छता अभियान के कार्यों की कलई खुल गई है पूरे क्षेत्र की गलियां गंदगी से बजबजा रही हैं नाली का कीचड़ और गंदगी गली सड़क पर बहने लगी है पूरे वर्ष जल निकासी की कार्य योजना बनाने वाले अधिकारियों के कारनामों की कलई खुल गई है नगर पालिका भरवारी में सफाई कर्मचारी के मूरतगंज के जिल्लापर में ना पहुंचने से गांव में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा है। नालियां चोक हो गई हैं जिस से दुर्गंध उठ रही है नालियों से उठने वाली दुर्गंध से ग्रामीणों का हाल खराब हो रहा है बार-बार शिकायत के बाद भी सफाई कर्मी के कारनामे पर विभागीय अधिकारी रोक नहीं लगा सके हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने काफी दिनों से सफाई कर्मी को क्षेत्र में देखा तक नहीं है। गांव में कूड़ा कई दिनों तक पड़ा रहता है नालियां गंदगी के कारण चोक हो गई हैं आम दिनों में

भी लोगों को भीषण गंदगी से जूझना पड़ रहा है। नालियों में बजबजा रही गंदगी से बीमारी का खतरा हमेशा बना रहता है। मजबूरी में ग्रामीण स्वयं सफाई करने को मजबूर हैं। नगर पालिका भरवारी में शिकायत करने का भी कोई असर सफाई कर्मी पर नहीं हो रहा है मूरतगंज के जिल्लापर जाने वाली मार्ग पर भी गंदगी का अंबार लगा है जिससे आमजनमानस को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग यूथ बालक/बालिका कैंप दिनांक 22 जून से 2 जुलाई 2022 तक हुआ आयोजित।

गौतमबुद्धनगर 02 जुलाई, 2022 उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप एवं जिलाधिकारी सुहास एलवाई के नेतृत्व में खेल विभाग एवं यू0पी0 ओलंपिक एसोसिएशन बॉक्सिंग के तत्वाधान में जिला खेल कार्यालय गौतमबुद्धनगर के मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग यूथ बालक/बालिका का कैंप दिनांक 22 जून 2022 से 2 जुलाई 2022 तक आयोजित किया गया। जिला क्रीडाधिकारी अनीता नागर ने बताया कि आज उत्तर प्रदेश की बॉक्सिंग टीम के खिलाड़ियों को खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के

अमेठी पर्यावरण को स्वच्छ एवं बेहतर बनाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है वृक्षारोपण

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी मानव सभ्यता का उदय तथा इसका आरंभिक आश्रय भी प्रकृति अर्थात वन वृक्ष ही रहे हैं ।मानव को प्रारम्भ से प्रकृति द्वारा जो कुछ प्राप्त होता रहा है और उसे निरन्तर प्राप्त करते रहने के लिए वृक्षारोपण अति आवश्यक है।

इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार द्वारा नियमित रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम प्रत्येक जिले के प्रत्येक ग्राम सभाओं में आये दिन होता रहता है।

सरकार द्वारा वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

उसी क्रम में अमेठी जनपद के व्लाक शाहगढ़ के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा जूठीपुर में वृक्षारोपण हेतु वृक्षों का वितरण एवं वृक्षारोपण का कार्य हुआ।

जहां ग्राम प्रधान जूठीपुर राम अवध के संरक्षण में एवं पूर्व ग्राम प्रधान पति तेजभान शुक्ला तथा पंचायत मित्र स्वामीनाथ की उपस्थित रही।अन्य गणमान्य सदस्यों में राधेश्याम मिश्रा,समीर भूषण मिश्र, दिनेश द्विवेदी, रामशंकर द्विवेदी,संजय द्विवेदी, आलोक द्विवेदी,सचिन पाठक,सत्यम मिश्रा, विनीत मिश्र आदि प्रमुख ग्रामीण सदस्यों की उपस्थिती रही। जिनकी देखरेख में वृक्षारोपण का वितरण कार्य सम्पन्न हुआ।

वृक्षों की अहमियत के विषय में जब ग्राम सभा के वयोवृद्ध राधेश्याम मिश्रा जी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि प्रकृति के संतुलन को बनाए रखना और मानव के जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का अपना विशेष महत्व है। अतः देश के प्रत्येक नागरिक को वृक्षारोपण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भागीदारी निभानी चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम 10 वृक्ष तो अवश्य लगाने चाहिए।

अमेठी मंदिर में पूजा-अर्चना करने पर आचार्य को पीटा पीड़ित ने CM से लगाई मदद की गुहार, पुलिस में दी तहरीर

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में एक आचार्य को मंदिर में पूजा-अर्चना करना महंगा पड़ गया। पूजा कर रहें आचार्य से दबंग युवक ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट भी की। आचार्य ने सम्बंधित मामले की शिकायत थाने पर करते हुए दबंग के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। साथ ही उक्त मामले का प्रार्थना-पत्र एसपी व मुख्यमंत्री को भेजा है।

संग्रामपुर की घटना

मामला अमेठी जनपद के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भिच्छुक मिश्र का पुरवा मजरे धोयें का है। जहां गांव निवासी आचार्य त्रिवेणी प्रसाद मिश्र पुत्र रामचन्द्र मिश्र ने थाने पर शिकायती पत्र देकर बताया कि नियमित दिन की भांति आज मां भगवती के पूजन के लिए स्वामी परमहंस धाम टीकरमाफी गया तो वहा के वर्तमान पुजारी मुकेश द्वारा यह कहते हुए पूजा करने से मना कर दिया गया कि पहले आप प्रबंधक से बात कर लें फिर यहां पूजा करें। जिस पर मैं प्रबंधक के पास गया और अनुमति लेकर पूजा शुरू कर दी।

गाली गलौज का भी आरोप

मैं पूजा कर ही रहा था कि सोनारी निवासी संजय सिंह वहा आ गया और पूजा करने से मना करते हुए मेरे साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। मैंने उसे गाली देने से मना किया तो संजय मुझसे मारपीट करने पर उतारू हो गया। वहा मौजूद विद्वानों द्वारा बीच-बचाव करने पर मेरी सुरक्षा हुई। संजय सिंह ने मुझे गाली व धमकी देते हुए कहा कि इस मंदिर के अगल-बगल दिखाई दिये तो अच्छा नही होगा।

कार्रवाई के लिए थाने में दी तहरीर

आचार्य त्रिवेणी प्रसाद मिश्र ने उक्त सम्बन्ध में एक शिकायती-पत्र थाने पर देकर संजय सिंह के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने की मांग की है साथ ही उक्त मामले की शिकायत एसपी व मुख्यमंत्री से कर आध्यात्मिक एवं नैतिक कर्तव्य (पूजा-पाठ) अनैतिक अवरोध उत्पन्न करने वाले संजय सिंह के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

युवक की पिटाई कर नकदी समेत मोबाइल छीना

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ :

हथिगवां थानाक्षेत्र के शीतल का पुरवा बेंती गांव निवासी श्रवण बहादुर कुंडा में काम करता है। शनिवार शाम वह काम खत्म कर घर जा रहा था। जैसे ही वह सूनसान रोड पर पहुंचा, बाइक सवार उच्चकों ने उसे रोककर दो हजार रुपये और मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर उसे पीटा और धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दी है। दरोगा भूपेश कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है मामले की जांच की जा रही है।

ग्यारह आरोपियों के खिलाफ मारपीट व बलवा का केस

समाज जागरण अरुण शुक्ल लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में ग्यारह आरोपियों के खिलाफ शनिवार की रात बलवा तथा धारदार हथियार से हमला करने व तोडफोड समेत कई गंभीर धाराओं में क्रास केस दर्ज किया है। कोतवाली के असैनापुर निवासी सुरेश वर्मा की पत्नी सोना देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पहली जुलाई को सुबह आठ बजे उसका पुत्र जीतेन्द्र टैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। आधे घण्टे बाद विपक्षी गांव के राधेश्याम व हंसराज तथा संतराम व प्रमोद, शिवम, उर्मिला, सुषमा, इंद्रावती, मोनी, कोमल लाठी डंडे से लैस होकर खेत पहुंच गयी। आरोपियों ने उसके बेटे को लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर पीड़िता पहुंची तो उसे भी मारापीटा और टैकक्टर मे तोडफोड कर दी। आरोपियों ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राधेश्याम वर्मा समेत ग्यारह के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसके पहले पहली जुलाई को राधेश्याम वर्मा की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने इसी विवाद में हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है।

शटर का ताला तोडकर उड़ाये सत्तर हजार, मुकदमा

समाज जागरण अरुण शुक्ल

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने सरेबाजार दुकान का ताला तोडकर सत्तर हजार रुपए की चोरी को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। अमावां बाजार में अभयराज पाण्डेय ने दुकान खोल रखी है। बीती तेईस जून की रात अज्ञात बदमाशों ने दुकान के शटर का ताला तोडकर चोरी की वारदात अंजाम दी। अज्ञात बदमाश दुकान से सत्तर हजार की नकदी चोरी कर ले गये। तहरीर के आधार पर शनिवार की रात अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया है।

आप कार्यकताओं ने भीख मांग कर व सर मुड़वा कर किया अग्निपथ योजना का विरोध

रावेंद्र शुक्ला जिला ब्यूरो

दैनिक समाज जागरण प्रयागराजः आम आदमी पार्टी के यूथ विंग कार्यकताओं ने रविवार को भिक्षा मांग कर और सर मुड़वा कर अग्निपथ योजना का विरोध किया।

यूथ जिला अध्यक्ष विशाल सिंह यादव ने कहा कि अग्निवीर योजना केवल युवाओं को ठगने की योजना है क्योंकि इस योजना में ना तो पेंशन, ना ही कोई चिकित्सा की व्यवस्था और ना ही युद्ध के दौरान शहादत देने पर शहीद का दर्जा दिया जायेगा।

यूथ प्रदेश सचिव चक्रधारी तिवारी ने कहा कि ये योजना अगर सही है सबसे पहले भाजपा के विधायक और सांसदों के बेटों को अग्निवीर बनाया जाए।

इसी क्रम में यूथ जिला उपाध्यक्ष राहुल सिंह पटेल और मेजा विधान सभा अध्यक्ष ओम मिश्रा (प्रशान्त) ने सर मुड़वा कर और भिक्षा मांग कर 420 रुपए का ड्राफ्ट बनवा कर प्रधानमंत्री को भेजकर इस योजना का विरोध दर्ज कराया।

इस विरोध प्रदर्शन दौरान विकास तिवारी,रितेश सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य भान कुशवाहा, विकास अग्रहरि,यूथ जिला महासचिव अमित

पुलिस टीम ने किया पैदल गस्त।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी प्रतिदिन की तरह शनिवार की देर रात्रि सीओ और मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कस्बा क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में पैदल भ्रमण किया है आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया है और कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया है पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को हिदायत दी है।

क्षेत्राधिकारी मंझनपुर एवं प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी के साथ प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर विनोद कुमार सिंह उपनिरीक्षक गण हमराही पुलिस बल के साथ फुट पेट्रोलिंग कस्बा मंझनपुर में पुलिस टीम द्वारा किया गया है जिसमें बिना नंबर प्लेट वाहनों को चेक किया गया तथा सड़क के किनारे अवैध रूप से ठेला लगाए व्यक्तियों के चालान किया गया बिना हेलमेट वाले वाहनों के चालकों का चालान किया गया तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करते हुए पुलिस टीम द्वारा पैदल मार्च किया गया।

मण्डलायुक्त ने वृक्षारोपण जनआन्दोलन के सम्बन्ध में अधिकरियों के साथ की समीक्षा।

माइक्रोप्लान बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण कराने के निर्देश।। अधिकारियों को पौधारोपण हेतु चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के निर्देश।।

एन डी तिवारी ब्यूरो प्रभारी दैनिक समाज जागरण

कौशाम्बी मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल नोडल अधिकारी संजय गोयल ने सम्राट उदयन सभागार में वृक्षारोपण जनआन्दोलन वर्ष-2022 में 05 जुलाई 2022 को जनपद में पौधारोपण की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागीय अधिकरियों के साथ समीक्षा की मण्डलायुक्त ने पौधारोपण के सम्बन्ध में विभागवार अब तक की गयी तैयारियों यथा पौधों की उपलब्धता गडढ़ा खुदान नर्सरी से पौधों की उठान एवं वितरण पौधारोपण हेतु चिन्हित स्थल तथा पौधारोपण हेतु कार्ययोजना आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए सभी अधिकारियों से कहा कि माइक्रोप्लान बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण सुनिश्चित किया जाय तथा पौधों के संरक्षण के लिये भी कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय उन्होने कहा कि जिन लाभार्थियों को व्यक्तिगत पौधा दिया जाना है उनकी सूची तैयार कर लिया जाय तथा उन्हें जागरूक किया जाय कि वे पौधों का संरक्षण भी करें उन्होंने सभी अधिकारियों को गम्भीरता पूर्वक जिम्मेदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने पौधारोपण के कार्य में ठीक प्रकार से तैयारी न किये जाने पर उपायुक्त मनरेगा से स्पष्ट्रीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये।।

मण्डलायुक्त ने कहा कि जनपद में यमुना नदी के किनारे पौधारोपण किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर पौधारोपण किया जाय उन्होंने कहा कि सामुदायिक रूप से लगाये जाने वाले पौधो के संरक्षण हेतु आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को पौधारोपण हेतु चिन्हित स्थलों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को भी 04 जुलाई 2022 की सायं तक अपने-अपने पौधारोपण साइट का निरीक्षण कर व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने जिलाधिकारी को पौधारोपण के सम्बन्ध में खण्ड विकास स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारियों को नामित करने के निर्देश दिये।।

22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:37 AM Page 7

न्यायालय के न्यायाधिकारी जज महोदय माननीय श्री सचिन वर्मा जी का ट्रांसफर प्रमोशन होने पर

न्यायालय के न्यायाधिकारी जज महोदय माननीय श्री सचिन वर्मा जी का ट्रांसफर प्रमोशन होने पर तहसील नानपारा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष की अध्यक्षता में ग्राम न्यायालय तहसील नानपारा में न्यायाधिकारी (जज) महोदय का विदाई समारोह आयोजित हुआ जिन्हें अंग वस्त्र ,प्रशति पत्र, एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया एल्डर कमेटी, संघ के अध्यक्ष एवं कमेटी पदाधिकारी ओ एव कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा जज महोदय को सम्मानित किया गया न्यायालय के न्यायाधिकारी श्री सचिन वर्मा जी ने कहा कि तहसील नानपारा के अधिवक्ता संघ के समस्त पदाधिकारी ओ ने मुझे बहुत सम्मान दिया तहसील अधिवक्ता संघ नानपारा के समस्त अधिवक्ता मुझे हमेशा याद आएंगे हम तहसील नानपारा के अधिवक्ता संघ को कभी नहीं भूल पाएंगे , आप सभी हमेशा याद आएंगे,, तहसील के महामंत्री जी ने कहा कि जज महोदय ने हम अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता ओ से हमेशा सम्मान से मधुरता से वार्ता की इसके लिए जज साहब का हम लोग हमेशा इन्तजार करेंगेऔर निवेदन किया कि बाद में जज साहब हम लोगों से जब औपचारिक मुलाकात के लिए नानपारा आएंगे तो हम अधिवक्ता संघ नानपारा के समस्त अधिवक्ता संघ नानपारा आपका स्वागत करने के लिए हमेशा तैयार रहेगा उपरोक्त कार्यक्रम बहुत सफल रहा इसके लिए सभी को बहुत बहुत धन्यवाद प्रेमकुमार त्तिपाठी महामंत्री,प्रेम कुमार श्रीवास्तव,स0 मंत्री, पुस्तकालयध्यक्ष धन्यवाद

4 जुलाई को होगा रक्तशिविर का आयोजन

बहराइच विकास खण्ड नवाबगंज के अंतर्गत C.H.C चरदा में होगा रक्तशिविर का आयोजन किया जाएगा ।जिसमे C.H.C प्रभारी आर. एन. वर्मा ने सभी सम्मानित व्यक्तियों से अनुरोध किया है कि 4 जुलाई समय 11 बजे पहुंचने का कष्ट करे। जिन लोगो को स्वेच्छा से रक्तदान करना है वो समय से पहुंच सकते है, मौके पर डॉक्टर डी. वी. शिंह, एस. के. गुप्ता,मनोज, विवेक वर्मा आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

जिला शान्ति समिति की बैठक आज

ब

ाहराइच 03 जुलाई। जनपद में आसन्न ईदुज्जुहा (बकरीद) के त्यौहार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत 04 जुलाई 2022 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता जिला शान्ति समिति की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट मनोज ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

थाने गेट के सामने प्रार्थना पत्र लेखक की सजी दुकानें

पीड़ितों की पीड़ा नही, लिख रहे पुलिस की बताई हुई कहानी

नवाबगंज बहराइच। थाने के गेट के सामने पीड़ित फरियादियों की प्रार्थना पत्र लिखने के लिए लगी दुकाने पीड़ित द्वारा स्वयं लिखी प्रार्थना पत्र की प्रति नहीं ली जाती है। बल्कि थाने से रजिस्टर्ड सामने सजी दुकानों द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र ही लिया जाता है। बताते चलें

कि नवाबगंज थाना गेट के सामने पीड़ितों का प्रार्थना पत्र लिखने के लिए दुकाने सजी हुई हैं। जिसके वजह यह हैं। कि पीड़ित द्वारा जो स्वंम प्रार्थना पत्र लिख कर लाया जाता है। उसमें कोई हेराफेरी नहीं कर सकता लेकिन थाने के सामने बैठे प्रार्थना लेखकों से पुलिस अपनी मनमर्जी के मुताबिक लिखवा रहे हैं। अगर किसी पीड़िता के साथ दुष्कर्म हुआ है तो पहले से सेट लेखक दुष्कर्म के बजाय छेड़छाड़ की बात लिख कर पुलिस का काम आसान कर देते हैं। अब ऊपर दिखाने के लिए पुलिस को छेड़छाड़ के हिसाब से कार्रवाई करनी है जिससे पुलिस महकमे की बदनामी न हो इसके अलावा प्रार्थना पत्र लिखने वाले पीड़ितों से भी धन उगाही करते हैं। जैसा केश वैसा दाम लेते हैं लेकिन पुलिस विभाग और प्रसाशन की आंख में धूल झोंक रहे इन तथा कथित लेखकों अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। और इस्की वजह यह है कि यह पुलिस का ही काम आसान कर रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा थाना कोतवाली जरवा का औचक निरीक्षण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री कुंवर प्रभात सिंह द्वारा थाना कोतवाली जरवा का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाने के मालखाना, मालखाना रजिस्टर, हवालात, प्रभारी निरीक्षक कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क एवं साफ सफाई आदि का निरीक्षण किया गया । कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों (अपराध , ग्राम अपराध , ठ्ठर निगरानी, त्यौहार, आगंतुक रजिस्टर आदि) को चेक कर अद्यतन हेतु निर्देशित किया गया । सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु ग्राम प्रहरियों की सहायता से अपने क्षेत्र के सक्रीय अपराधियों, तथा छोटी से छोटी घटनाओं के संबंध में लाभप्रद सूचनाओं से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ कर थानों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त विवेचको के साथ बैठक कर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये ।

मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित पुलिस एण्टी रोमियो टीम द्वारा सार्वजिनक स्थल/बाजार/चौराहों आदि पर भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

बलरामपुर। को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर नम्रिता श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में ह्लमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से बाजारों व सार्वजनिक स्थानों व गांव में जाकर महिलाओं व बालिकाओं को1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइट्ट, 102-स्वास्थ्य सेवा तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया । एन्टी रोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सतत निगरानी करते हुए व्यापक अभियान चलाया गया ।

भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक एवं प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

सिधौली सीतापुर। सीतापुर के ब्लॉक सिधौली परिसर में आज मंडल कार्यसमिति प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी ने किया। बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी सिधौली मंडल कार्यसमिति प्रशिक्षण वर्ग में आए भाजपा जिला उपाध्यक्ष करुणा शंकर त्रिपाठी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर

कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने आए मंडल पदाधिकारी कार्यकताओं को प्रशिक्षण करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में जाए सरकार की उपलब्धियां ग्रामीणों को बताना संगठन में रहकर संगठन के दायित्वों का निर्वहन करना शब्दों का चयन सही तरीके से करना जनप्रतिनिधियों से आपस में संगठन और प्रतिनिधि संवाद कर विकास कार्यों को जमीनी स्तर तक ले जाना है ।वहीं यह कार्यक्रम सिधौली ब्लाक में किया गया ।इस दौरान सीतापुर एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधानसभा विधायक मनीष रावत , मण्डल अध्यक्ष र-केश पाण्डेय , मंडल महामंत्री अनूप श्रीवास्तव , गौरव मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, राम नारायण सिंह ,अनूप बाजपाई ,सेक्टर प्रभारी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह , पुष्कर गुप्ता, प्रतीक सिंह , महेंद्र सिंह चौहान, ओम प्रकाश मिश्रा , ललित मिश्रा , आलोक त्रिपाठी, रजत त्रिपाठी, अतुल तिवारी , राज राजेश्वर सिंह, सहित मंडल समस्त पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य मौजूद रहे।

राया में न पं ने चलाया कूड़ा एकत्रीकरण अभियान,15 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक की एकत्रित

दैनिक समाज जागरण संवाददाता मथुरा वृंदावन

राया सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ पूर्ण प्रतिबंध को सफल बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में रविवार को नगर पंचायत राया अध्यक्ष श्रीमती मनोज शर्मा, अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में कस्वे के बलदेब रोड स्थित नगर पंचायत कार्यालय से कूड़ा एकत्रीकरण अभियान शुरू किया गया कस्वे में चलाए गए कूड़ा, प्लास्टिक एकत्रिकरण अभियान दौरान न सिर्फ लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया गया साथ ही पॉलीथिन का प्रयोग न करने के लिए भी सपथ दिलाई इस दौरान अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित ने कहा सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन के खिलाफ शुरू हुए अभियान के बाद जिसके द्वारा भी सिंगल यूज प्लास्टिक,पॉलीथिन,गिलास,चम्मच, आदि का प्रयोग किया जाएगा या करते हुए पाया जायेगा उस पर जुमार्ना लगाया जायेगा सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम। के लिए चलाये जा रहे अभियान का उद्देश्य

लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से अवगत कराना है ।एव इसका उपयोग बंद कराना है।

प्लास्टिक बेस्ट में योगदान देने वाले 50 कर्मचारियों को नगर पंचायत ने किया सम्मानित राया , शासन के निदेर्शानुसार 29 जून से 3 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण व व्रहत जन - जागरूकता अभियान मेरा प्लास्टिक मेरी जिम्मेदारी में अपना योगदान देने बाले कर्मचारियों को नगर पंचायत ने सम्मानित किया ।नगर पंचायत कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पंचायात अध्याक्षा श्रीमाती मनोज शर्मा अधिशाषी अधिकारी अखिलोश दीक्षित पूर्व चेयरमैन र-ाकेश कुमार शर्मा ने 50 सफाई कर्मचारियों को प्लास्टिक बेस्ट और नगर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाते हुए कुशल योद्धा के रूप में सम्मानित किया इस दौरान नगर पंचायत के लिपिक जगमोहन शर्मा रविन्द्र कुमार जीतू चौहान मुनेश कुमार पप्पू प्रकाश लखन विकास आदि कर्मचारी मौजूद रहे ।राया नगर पंचायत ने की थैला बैंक की स्थापनाराया नगर पंचायत राया ने आज प्लास्टिक मुक्त भारत को लेकर शाशन के आदेशानुसार आज 1 जुलाई से पॉलीथिन पर लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू करने को लेकर नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित नगर पंचायत कार्यालय पर थैला बैंक की स्थापना की है और आम जनता से प्रयोग की गयी और गेर प्रयोग कि गयी सिंगल यूज प्लास्टिक को नगर पंचायत कार्यालय पर जमा कर पर्यावरण हितेषी कैनवास थैले प्राप्त करने के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया गया इससे पर्यावरण शुद्ध एबं स्वच्छ करने में मदद मिलेगी ।साथ ही जो नागरिक 1 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जमा करने पर 1 केनवास बेग बेग बैंक से प्राप्त कर सकते है एव ऐसे व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा इस दौरान नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती मनोज शर्मा पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा व सभासद व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

आने वाले त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक

दैनिक समाज जागरण गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा सीतापुर आज 3 जुलाई। बकरीद तथा काँवड यात्रा को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में क्षेत्र के सिक्ख सामुदाय के लोगों द्वारा सीओ महमूदाबाद सहित प्रभारी निरीक्षक चंद्रप्रकाश त्रिवेदी, वरिष्ठ निरीक्षक सतीश चंद्र ,उप निरीक्षक डी एन सिंह, राजेश कुमार सिंह तथा कांस्टेबल मोहित सत्यवीर बिट्टू राम हरि शंकर सिंह, गौरव व सुशील मिश्र को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विगत 15 जून को थाना क्षेत्र के गोण्डा देवरिया निवासी सरदार सुक्खा सिंह के घर से अज्ञात चोरों ने लाइसेंसी बन्दूक सहित कुछ अन्य समान चोरी कर लिया था। सुक्खा सिंह के प्रार्थना पत्र

पर मात्र कुछ ही घंटों में रामपुर मथुरा पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर समान बरामद कर लिया था । रामपुर मथुरा पुलिस के इस इस प्रशंसनीय कार्य एवं सफलता के लिए पुलिस अधिकारी ,कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए सरदार सुक्खा सिंह ने अपने सिक्ख समुदाय के साथ क्षेत्राधिकारी ,प्रभारी निरीक्षक सहित पुलिस टीम को सम्मानित किया। पीस कमेटी की बैठक में क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद रविशंकर प्रसाद ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा के निकट बकरीद के त्यौहार में गैर प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी खुले में नहीं होगी। कुबार्नी के बाद अवशेष का निस्तारण गड्ढा खोदकर कराएं। मस्जिद ईदगाह के पास साफ सफाई रखी जाए। उन्होंने कहा की 14 जुलाई से एक माह तक सावन के महीने में कावड़ यात्राएं निकलेगी। इसलिए मुख्य मार्गों पर मीट वअंडे की दुकामें ना लगाई जायें। क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित सभी धर्मों के लोगों से त्यौहार व कावड़ यात्रा के दिनों में शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। बैठक में सिख समुदाय के सुक्खा सिंह सुखदेव सिंह हरदयाल हरभजन चैन सिंह रघुवीर सिंह निर्मल सिंह सुखवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समुदाय सहित थाना क्षेत्र के मुकुंद तिवारी, विनोद कुमार, चरन सिंह, ग्राम प्रधान गणमान्य नागरिक , पत्रकार उपस्थित रहे।

विशेष लोक अदालत में 39 आरबीट्रेशन मामलों का हुआ निस्तारण

बहराइच 03 जुलाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शिखा यादव ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्यपालक अध्यक्ष के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुवेर्दी की अध्यक्षता तथा नोडल अधिकारी, लोक अदालत बहराइच/तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरजन सिंह के मार्गदर्शन से जनपद बहराइच में आरबीट्रेशनशन मामलों के निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। सचिव श्रीमती यादव ने बताया कि विशेष लोक अदालत में जनपद बहराइच में कुल 39 आरबीट्रेशन मामलों का सुलह-समझौता के आधार पर निस्तारण किया गया।

विशेष लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश, बहराइच उत्कर्ष चतुवेर्दी द्वारा 11 मामलों, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार द्वारा 02, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी. एक्ट) इन्द्र प्रकाश द्वारा 05, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत सुरजन सिंह द्वारा 05, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट, बहराइच वरूण मोहित निगम द्वारा 03, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट.) मनोज कुमार मिश्रा द्वारा 08 तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफ.टी.सी. प्रथम बहराइच नितिन पाण्डेय द्वारा 05 मामलों का निस्तारण किया गया। इससे पूर्व जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुवेर्दी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर विशेष लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर समस्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण के अतिरिक्त सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच एवं नोडल अधिकारी, लोक अदालत/मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे। जनपद न्यायाधीश, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, लोक अदालत तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच की सचिव द्वारा इस विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन, अधिवक्तागण, फाइनेन्सियल कम्पनी, न्यायालय के कर्मचारियों एवं वादकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

थाना ललिया पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुई हत्या का सफल अनावरण, पांच अभियुक्त दो अदद आला कत्ल के साथ गिरफ्तार

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना ललिया के कुशल नेतृत्व में- दिनांक 03.07.22 को थाना ललिया पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुई हत्या के सफल अनावरण हेतु, ग्राम बल्देवनगर प्रा0 स्वा0 केन्द्र के पास से अभियुक्तगण 1.जैद पुत्र कलीम, 2.अदनान पुत्र कलीम, 3.सुफियान पुत्र कलीम, 4.ताज पुत्र निजामुद्दीन, 5.नूरूद्दीन पुत्र जलालुद्दीन नि0गण घुमनहवा थाना ललिया जनपद बलरामपुर को समय 10.10 बजे गिरफ्तार किया गया । जो मुकदमा अपराध संख्या 94/2022 धारा 302, 307, 147, 323, 504, 506 भा0द0वि0 के सम्बन्धित पांच अभियुक्त दो अदद आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया गया ।

घटना का सक्षिप्त विवरण -

दिनांक 02.07.22 की रात 20.00 बजे गांव घुमनहवा के डाक्टर प्रधान पति की टेन्ट की दुकान के बैठे दिलबहार पुत्र शाहिबदीन, इबरार अहमद पुत्र इकबाल अहमद, कैफ पुत्र फजील अहमद नि0गण घुमनहवा थाना ललिया जनपद बलरामपुर, खुर्शीद अहमद पुत्र मकसूद अली नि0 बल्देवनगर थाना ललिया जनपद बलरामपुर के ऊपर प्रधानी के चुनाव की रंजिश व वर्चस्व को लेकर उनके ऊपर जान से मारने की नियत से अचानक धारदार हथियार से हमला कर देना, जिससे दिलबहार, इबरार, कैफ, खुर्शीद गम्भीर रूप से घायल हो गये । घायल चारों लोगों के जिला मेमोरियल अस्पताल मे भर्ती कराया गया । जहां दिलबहार पुत्र शाहिबदीन को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । अन्य सभी का इलाज चल रहा है । गिरफ्तार किये गये अभियुक्त की जामा तलाशी ली गयी जिससे जैद पुत्र कलीम पहने पैन्ट की दाहिनी जेब से एक अदद छूरी जिसका हुलिया झ्र फल एक बालिस वेटी लोहे का छः अंगुल चौडाई फल की दो अंगुल खून लगा हुआ, तथा दूसरे व्यक्ति सिरताज उर्फ ताज की जामा तलाशी पर एक अदद छूरी लोहे की जिसका फल एक बालिस एक अंगुल लम्बा, वेट लोहे का छः अंगुल चौडाई फल की दो अंगुल बरामद हुई । तथा तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम अदनान पुत्र कलीम की जामा तलाशी से 470 रुपये, नगदी बरामद हुआ । चौथे व्यक्ति सुफियान जिसके कब्जे से 90 रुपये तथा पांचवे नूरूद्दीन पुत्र जलालुद्दीन जिस्के 120 रु0 नगद बरामद हुआ । बरामद आला कत्ल कब्जा पुलिस लेते हुए सील सर्वमोहर कर नमूना मोहर तैयार किया गया, तथा बरामद पैसे को चिट बन्दी की गयी ।

15 गांवों में 1000 लोगों की आंखें की होगी निशुल्क जांच दृष्टि कार्यक्रम के तहत लगेंगे बुजुर्गों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

नूंह जुबेर खान

नूंह। नूंह क्षेत्र में पूर्व से स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। अज्ञानता के कारण आज भी लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति काफी लापरवाह है। इसी बात को ध्यान में रखते नूंह क्षेत्र में एबीएस फाउंडेशन इंद्र एक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बुजुर्गों की आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी। दृष्टि कार्यक्रम का सप्ताह



जुलाई में शुरू हो रहा है। जिसके तहत आतज 4 जुलाई को ग्राम साचिवालय बीवां नूंह, 5 जुलाई को गांव रेहना के सरकारी स्कूल, 6 जुलाई को गांधीग्राम घासेड़ा में और 7 जुलाई को मालब गांव में कैंप के माध्यम से बुजुर्गों की आंखों की जांच कही जाएगी। जांच के बाद सभी को निशुल्क दवाई, चश्मे आदि निशुल्क दिए जाएंगे। मोतियाबिंद आने वालों निशुल्क आई केयर हॉस्पिटल नोएडा में ले जाकर फ्री ऑपरेशन करवाए जाएंगे। एबीएस संस्था के अधिकारी नवील लाठर ने बताया कि इन सभी गांवों के आसपास के करीब 15 गांवों के बुजुर्ग व आमजन यहां पर अपनी आंखों की जांच करा सकते हैं। इस अभियान के तहत 1000 लोगों की निशुल्क जांच कराने की लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की वह इस तरह के कार्यक्रमों में अवश्य हिस्सा लें। ताकि उनके शरीर में किसी प्रकार की बीमारी को बढड्ढे से रोका जा सके।

नानपारा में एसएसबी जवान ने महिला नर्सो को दी मा बहिन कि गालियां

नानपारा में एक एसएसबी जवान मो इरफान नानपारा सीएचसी के रेग्युलर विजिटर हैं इनकी तबियत अधिकतर खराब ही रहती है जिसके दो कारण हैं एक तो कैंप से छुट्टी और दूसरा अस्पताल में तैनात नर्सें । विगत दिनों एक महिला को लेकर अस्पताल पहुंचे वहां पर कुछ नर्सें ड्यूटी पर थीं उन्होंने महिला को एडमिट किया उन्हें ट्रीटमेंट भी दिया। उसके बाद नर्सें इनके बगल न बैठकर ड्यूटी रुम में चली गयीं । यह बात इन्हे बहुत नांगवार गुजरीं और यह अपना वीडियो कैमरा आन करके नर्सो के ड्यूटी रुम में घुस गये । नर्सो ने ड्यूटी रुम में वीडियो बनाने का विरोध किया तो मा की गालियां बककर विरोध करने लगे और एक नही हजारों गालियां दे डालीं । मा का भों.., मां की चू.. की गालियों से अस्पताल गूंज गया ।यह वीडियो देखने के बाद कुछ सवाल मेरे हैं अगर चिकित्सा व्यवस्था में कुछ खामियां हैं तो क्या आपको महिला नर्सो को इतनी गालियां देने का अधिकार मिल जाता हैं अगर आप अर्धसैनिक बल के जवान हैं तो नर्सें भी स्वास्थ्य कर्मी हैं उनका भी मानवाधिकार है महिलाओं को प्राइवेसी और सम्मान का अधिकार है । इस प्रकरण मे इस जवान के खिलाफ तहरीर देने पर भी एफ आइ आर दर्ज नही की गयी । यह नर्सें अधिकतर संविदा पर पोस्ट होती हैं इनका वेतन कम है पर जो अस्पताल इलाज करा चुके हैं वह यह जानते हैं इनके बिना इलाज संभव नही है । कभी कोरोना वैक्सीन लगवाने के समय लोग नर्सो के साथ फोटो खिंचा कर बिना अनुमति एफ बी पर लगा देते थे जिस पर भद्दे भद्दे कमेंट भी लिखे जाते थे आज देखा की यह महोदय इन नर्सों को गालियों पर गालियां दे रहे हैं। इन नर्सो को भी न्याय मिलना चाहिए।

रेलवे लाइन पर अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

कर्नलगंज, गोण्डा। स्थानीय क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा लखनऊ रेल मार्ग पर कर्नलगंज व सरयू स्टेशन के बीच रेलवे लाइन पर एक 34 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। जिसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुट गई। मौके पर मौजूद एसआई अमर सिंह ने बताया कि गोंडा-लखनऊ रेल मार्ग पर कर्नलगंज व सरयू स्टेशन के बीच पोल नम्बर 687 के पास एक 34 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। उसके शरीर पर कपड़े नही है वहीं उसका शरीर कमर से दो खंड में है। उन्होंने बताया कि लग रहा है कि व्यक्ति ट्रेन से गिरकर कट गया है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

एम्बुलेंस में प्रसूता ने बच्चे को दिया जन्म

उतरौला,बलरामपुर। सी एस सी उतरौला अंतर्गत 102 एम्बुलेंस के कर्मचारियों के मदद से अमीना खातून निवासी रेहरा माफी प्रसव के लिए 102 एम्बुलेंस को फोन करके बुलाया तथा परिवारजनों ने गर्भावस्था में सी एस सी उतरौला ले जा रहे थे तबतक अचानक महिला को प्रसव पीड़ा तेजी से होने लगा पीड़ित महिला के परिवाजनों ने एम्बुलेंस पायलट से एम्बुलेंस रोकने को कहा एम्बुलेंस रास्ते मे सड़क के किनारे रोक दिया गया गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा बहुत तेज होने लगा तथा एम्बुलेंस कर्मचारियों ने सुरक्षित प्रसव एम्बुलेंस में कराया । सुरक्षित प्रसव कराने के लिए प्रोग्राम मैनेजर सहित दर्जनों लोग प्रसंशा की है ।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्र0नि0/थानाध्यक्षों के साथ की अपराध गोष्ठी, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बलरामपुर ।को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर * राजेश कुमार सक्सेना* द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, प्र0नि0/थानाध्यक्षों के साथ की गयी अपराध गोष्ठी, गोष्ठी में शासन/पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिए गए समस्त निदेर्शों से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थानों के मालखाना रजिस्टर चेक कर थानों में खड़े समस्त लावारिस वाहनों व मालमुकदमाती वाहनों का निस्तारण कराये जाने व थानों के साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए गए तथा अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने, चोरी, लूट व नकबजनी की घटनाओं की रोकथाम व अनावरण किए जाने एवं कस्बों, ग्रामीण इलाकों में रात्रि गश्त बढ़ाने, बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बन्ध में ब्रीफ करने एवं सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। इसी क्रम में लंबित विवेचनाओं विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने, एन0एस0ए0/गैंगेस्टर/116 (3) के उल्लंघन के उपरान्त 122बी सीआरपीसी की कार्यवाही करने, गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्तों की धारा 14(1) गैंगेस्टर ऐक्ट के तहत प्रभावी पैरवी कर सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही, अपराधियों के विरूद्ध एच0एस0 खोले जाने की कार्यवाही, गैंग पंजीकरण की कायार्वाही, माफियाओं को चिन्हित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराये जाने तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करने, मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिये जनपद स्तर पर गठित व थानो पर गठित एण्टीरोमियों टीमों की क्रियाशीलता निरंतर जारी रखने, आम जनमानस में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु पैदल गश्त को और अधिक क्रियाशील करने का निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क व साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों द्वारा पीड़ित महिला फरियादियों व अन्य पीड़ितों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनने तथा उनका तत्काल निस्तारण कराने, थाने पर महिलाओं के साथ गोष्ठी कर मिशन शक्ति के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए तथा समस्त थानों पर आगंतुक रजिस्टर बनाने एवं थाने पर आने वाले समस्त फरियादियों का ब्योरा अंकित किए जाने, जनता द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों, लंबित जनशिकायतो एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण व आम जनता के साथ अच्छा बर्ताव करते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात समस्त क्षेत्राधिकारियों को लंबित एस0आर0 मामले, एस0सी0/एस0टी0 ऐक्ट की विवेचना, छः माह से ऊपर लम्बित विभागीय जांच, आइजीआरएस/जन शिकायती प्रार्थना पत्रो आदि की समीक्षा की तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु जोर दिया।

पतीलार ग्राम कचहरी में सात मामले का हुआ निष्पादन

समाज जागरण चौतरवा कुन्दन यादव

प्रखंड बगहा एक पंचायत राज पतीलार के ग्राम कचहरी में रविवार को सात विवादित मामलों का शांतिपूर्ण माहौल में सरपंच ने निष्पादन किया। आयोजित ग्राम कचहरी में सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पतीलार पंचायत के सरपंच लालमति देवी ने सौहार्द वातावरण लगभग सात विवादों की सुनवाई करते हुए निष्पादन किया । सरपंच प्रतिनिधि जगरनाथ यादव ने बताया कि विवादित मामलों में 7 मामलों की सुनवाई करते हुए निष्पादन किया गया है उन्होंने बताया कि ग्राम कचहरी में कुल आवेदन 180 प्राप्त है जिसमे 148 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। तथा कचहरी में 26 बैठक की गई है। साथ में रु18000 रुपया की राजस्व की प्राप्ति है। इस अवसर पर उपसरपंच बबीता देवी न्याय मित्र कुमार अतुल रंजन, न्याय सचिव उमेश कुमार दुबे , पंच नूर आलम खान , रामचंद्र शाह रघुबीर चौधरी , शंभू यादव ,समेत दर्जनों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

दरोगा बहाली में बगहा की बेटी ने यूपी में लहराया परचम।

समाज जागरण बगहा (नीरज मिश्रा)

बगहा नगर के वार्ड नंबर 28 अहिरानी टोला मोहल्ले की है गरीब परिवार से निकलकर लड़की ने अपने मां बाप का मनोबल बढ़ाया लड़की ने बताया कि हम गरीब परिवार से बिलॉन्ग करते हैं जो हमारे पिता छोटा किराना दुकान है जो व्यापार करके हमें बेटी ना समझ कर बेटा समझकर हमें शिक्षा दिए जो इस सारा श्रेय हम अपने माता पिता को देते हैं। वही पिता ने बताया कि हमारी बेटी बेटों से कम नहीं क्योंकि मेरी बेटी पहले से ही मेहनत लगन से पढ़ाई करती थी जो हमें लगा कि हम उसे पढ़ाने के लिए मेरे पास संपत्ति नहीं की मैं बिल्कुल हार चुका था, लेकिन मेरी पत्नी ने मुझे हौसला जाहिर किया और कहा कि मेरी बेटी कोई बेटे से कम नहीं तब जाकर मैंने अपना हौसला मजबूत किया और अपनी बेटी को बाहर पढ़ने के लिए भेजा जब आज मेरी बेटी को सफलता मिली है तो मुझे लगता है कि मेरी बेटी कोई बेटे से कम नहीं और यह संदेश देना चाहता हूं कि अगर जो लोग अपनी बेटी को शिक्षा देने में संकोच कर रहे हैं तो वह गलत कर रहे हैं क्योंकि बेटी किसी बेटों से कम नहीं। इसी को लेकर वहां के आसपास पड़ोसियों के बीच खुशी का माहौल है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बेहाल..!

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

प्रखण्ड बगहा एक के ग्राम पंचायत राज टेसरहिया बथवरिया के ब्रित बथवरिया गांव के समीप एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरकार के द्वारा बनाया जा रहा है जिसका निर्माण एक वर्षो से अधूरा है। वही लोहिया स्वच्छ बिहार के तहत बना शौचालय भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया.. शौचालय बनने के साथ ही शौचालय की टंकी धस गया है। अब बरसात का मौसम आ गया है। लोगों को मजबूरन खेतो में शौच के लिए जाना पड़ेगा। इतना ही नहीं इस शौचालय के बनने के साथ ही उसमें ताला लगा दिया गया है, चाबी किसी भी ग्रामीण या जनप्रतिनिधि के पास नहीं हैं प्रखण्ड बगहा एक के ग्राम पंचायत राज टेसरहिया बथवरिया के ब्रित बथवरिया गांव की सड़क खराब हो गई हैं, बारिश की धमक के साथ खराब सड़क लबालब कीचड से भर गई हैं, वही आवागमन के लिए ग्रामीणों को काफी मशक्कत करना पड़ रहा हैं, इसके साथ ही उसी पंचायत के बृति बथवारिया गांव में सामुदायिक भवन की स्तिथि जर्जर हो गई हैं, जो कभी भी जमींदोज हो सकता हैं, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।वही मौके पर मोहम्मद नूरद्दीन मिया लालमन कुशवाहा मोहम्मद बालिस्टर अलियास हुसैन मोहम्मद साहिल आलम इत्यादि ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की।

वाइल्ड लाइफ ऑफ इंडिया के द्वारा प्रजनन से तैयार 148 घड़ियाल के बच्चों को गंडक नदी में छोड़ा गया

समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा

वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के द्वारा ग्रामीणों और स्थानीय मछुआरों के सहयोग से सैकड़ों घड़ियाल का हैचिंग कराने के बाद उसे गंडक नदी में छोड़ा गया । पूर्व से गंडक नदी में 300 सौ से अधिक घड़ियाल थे जिनकी संख्या बढ़कर तकरीबन 5 सौ पहुंच चुकी है । डब्ल्यूटीआई के मुताबिक गंडक नदी घड़ियालों के लिए एक बेहतर अधिवास साबित हो रहा है' गंडक नदी में बढ़ा घड़ियालों की संख्या इंडो नेपाल सीमा से होकर गुजरने वाली गंडक नदी घड़ियालों के लिए, बेहतर जगह साबित हो रहा है। वर्ष 2016 से लेकर अब तक वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया व वन एवं पर्यावरण विभाग बिहार द्वारा घड़ियाल के 3 सौ 50 से ज्यादा अंडों को संरक्षित कर उसका हैचिंग कराया जा चुका है । लिहाजा वाल्मीकिनगर से सोनपुर तक घड़ियालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

स्थानीय मछुआरों को किया जा रहा प्रशिक्षित वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के अधिकारी सुब्रत बहेरा ने बताया कि गंडक नदी किनारे पता कर पाना मुश्किल होता है कि घड़ियालों ने रेत में कहां अंडा दिया है । नतीजतन इसके लिए डब्ल्यूटीआई और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट ने स्थानीय ग्रामीणों और मछुआरों को प्रशिक्षित किया और अंडों के संरक्षण और उसके प्रजनन का गुर सिखाया । गंडक नदी घड़ियाल का अच्छा अधिवास है।

हाजीपुर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर लोजपा के द्वारा की गई बैठक।

समाज जागरण मोहम्मद आजाद

गौनाहा/ प्रखंड अंतर्गत रविवार को छात्र लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता छात्र लोजपा (रा.) के जिला अध्यक्ष सुनिल कुमार सोनी ने किया बैठक में आगामी 5 जुलाई दिन मंगलवार को हाजीपुर में होने वाले कार्यक्रम को लेकर मुख्य रूप से चर्चा की गई । जन-जन के नेता लोक जनशक्ति पार्टी व दलित सेना के संस्थापक पूर्व केंद्रीय मंत्री पदम भूषण परम श्रद्धेय स्वर्गीय राम विलास पासवान जी की जयंती के शुभ अवसर पर उनकी कर्मभूमि हाजीपुर सर्किट हाउस के सामने इनकी प्रतिमा के अनावरण को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष देखा गया। बैठक में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उक्त कार्यक्रम में हाजीपुर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में लोजपा बेतिया के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार मिश्र,अनुराग कुमार दुर्गेश कुमार सोनी,अखिलेश कुमार, विवेक कुमार राजा कुमार आदि अनेकों छात्र लोजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बगहा मे कलयुगी अंधे माँ बाप को बेटे ने घर से निकला

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा के तिनफेड़िया गांव निवासी एक कलयुगी बेटे ने वृद्ध मां बाप को घर से निकाल दिया है। घर से निकाले जाने के बाद वृद्ध मां बाप गांव के स्थित एपीएससी (स्वस्थ उप केंद्र तिनफेडिया) में शरण लिए हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा उन्हे खाने पीने के सामान दिया जाता है उसी से पेट ले रहे हैं। दरअसल तिनफेड़िया गांव निवासी 65 वर्षीय शंभू गोंड पिछले 10 वर्षो से दोनों आंख से अंधे है। शंभू गोंड के 2 पुत्र हैं। बड़ा पुत्र छोटा पुत्र के झगड़े से तंग आकर गांव छोड़कर बाहर कमाने भाग गया। इधर पिता के घर में छोटा पुत्र अपने परिवार के साथ रहने लगा। लेकिन 1 माह पूर्व छोटा पुत्र शीतल अपने मां और बाप का पूरा सामान निकाल कर अस्पताल के बरामदे में रख दिया। इसके पहले भी बेटे ने मां बाप को घर बाहर निकाल दिया था। इसकी सूचना पर लौकरिया पुलिस ने जबरदस्ती मां और बाप को समाज के सहयोग से अंदर करा दिया। कुछ ही दिनों बाद फिर बेटे और बहू ने दोनों को बाहर का रास्ता दिखा दिया दो-तीन वर्ष पहले सब कुछ सामान्य चल रहा था। लेकिन पीड़ित शंभू

गोंड के पिता ने अपने छोटे पोते शीतल के पत्नी के नाम से घर का जमीन में लिख दिया। जिस दिन घर शीतल के पत्नी के नाम से हुआ उसी दिन से उसकी पत्नी सास और ससुर को खाना पीना बंद कर प्रताड़ित करने लगी। वृद्ध दम्पती कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस बेटे के जन्म के बाद घर मे खुशियां मनाई थी। वह एक दिन बुढ़ापे का सहारा बनने की जगह उसके लिए अभिशाप बन जाएगा। उस कलयुगी बेटे ने उसे उसके हालात पर छोड़ दिया। आरोपी बेटा शीतल से जब बात की गई तो उसने बताया कि घर में दो ही रूम है। ऐसी स्थिति में मां बाप को रखने में दिक्कत होता है। उन लोगों से बोला हूं कि बाहर के ऊपर सरकारी भूमि पर एक मड़ई बना दे रहा हूं वहीं पर रहो। लेकिन वह मानने के लिए तैयार नहीं है।बिनवालिया बोधसर पंचायत के अंदर तिनफेड़िया गांव आता है। इस गांव के सरपंच रामशरण बैठा ने कई बार पंचायती कर बेटी को मां और बाप के साथ रहने की बात कही। लेकिन बेटा और बहू तैयार नहीं हुए। इस संदर्भ में लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि एक बार बेटे के द्वारा निकाले गए मां और बाप को घर के अंदर रखवाया गया था। लेकिन एक दो दिन बाद ही बेटे ने फिर बाप और मां को बाहर निकाल दिया। बेटे पर एफआईआर कर दिया गया है।

विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर यंग लीडर्स प्लास्टिक चैम्पियन, ब्रांड एम्बेसडर सुनिल राउत ने लोगों को किया जागरुक।

कहा - प्लास्टिक से पर्यावरण व सभी जीव को नुकसान, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचें

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

रविवार 3 जुलाई विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर बगहा से द यंग लीडर्स प्लास्टिक चैम्पियन सह बगहा नगरपरिषद के स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर सुनिल कुमार 'राउत' ने लोगों, स्थानीय दुकानदारों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने हेतु जागरुक किया और कहा कि इससे हमारी प्रकृति, पर्यावरण, भूमि, वन, जल, जलीय जीव सहित आम जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। प्लास्टिक पर्यावरण को बहुत नुकसान पहुंचाती है। मालूम हो कि देश में एक जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लग गया है जिसके अन्तर्गत 19 वस्तुओं पर बैन लगाया गया है। पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ्य व दीघार्यु जीवन के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के बजाय इको फ्रेंडली वस्तुओं का उपयोग करना होगा।

वहीं गृहिणी आरती देवी ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है जो स्वागतयोग्य है। हमें प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए। यह जल्दी से सड़ता गलता नही है तथा नुकसान पहुँचाता है। प्रतिबंधित वस्तुओं में प्लास्टिक कैरी बैग (75 माइक्रोन से कम मोटाई वाले), प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स, प्लास्टिक के झंडे और गुब्बारों की स्टिक, कैंडी स्टिक या आइसक्रीम स्टिक, प्लास्टिक की प्लेट-कटोरी, प्लास्टिक के गिलास, प्लास्टिक के चम्मच-कांटे-बर्थडे नाइफ, प्लास्टिक स्ट्रॉ, चीनी मिक्स करने की स्टिक जैसी चीजें शामिल हैं। हर साल 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दों और प्राकृतिक पर्यावरण पर इसके हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाना है।

7वे चरण शिक्षक नियोजन हेतु सीटेट/बिटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने डीपीओ तथा जिला मजिस्ट्रेट से की छात्र-शिक्षक अनुपात में रिक्तियों की मांग।

समाज जागरण
पश्चिम चंपारण (चनपटिया)

राज्य सरकार द्वारा 7वे चरण की शिक्षक नियोजन की तैयारी जोर - सोर से चल रही है जिसके लिए प्रत्येक जिले से रिक्तियों की सूची मांगी गई है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा था कि इस नियोजन में पश्चिम चंपारण जिले में प्रथमिक नियोजन हेतु कक्षा 1 से 5 में तथा कक्षा 6 से 8 में कम से कम 4000 के आस पास रिक्तियां होंगी लेकिन जानकारी के मुताबिक 1500 से भी कम रिक्तियां तैयार की गई है। वहीं इस संबंध में सीटेट/बिटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने जिला अध्यक्ष इस्लाम आलम तथा उनके साथी अभ्यर्थियों ने जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए यह बात अत्यधिक निराशा तथा पीड़ा के साथ कहा कि इतने बड़े जिले में विभिन्न ऐसे विद्यालय जहाँ शिक्षकों की अत्यधिक कमी है और इस कमी के कारण लाखो बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है।वहीं

विदित हो कि बेगुसराय,सहरसा,नवादा सहित अनेक जिलों में जिला शिक्षा पदाधिकारी के अत्यधिक सक्रियता के फलस्वरूप रिक्तियों की संख्या आवश्यकता के अनुसार है जो वास्तविक तौर पर उचित है। सीटेट/बिटेट जिला अध्यक्ष इस्लाम आलम ने यह स्पस्ट रूप से बताया कि पश्चिम चंपारण जिले में लौरिया, चनपटिया, रामनगर,सिकटा,बगहा सहित 18 प्रखंड हैं जहाँ विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है तथा जिला मजिस्ट्रेट से यह विनती किया कि रोस्टर क्लियरेंस से पूर्व इसपर ध्यान दिया जाए तथा इस जिले में भी उचित संख्या में रिक्तियाँ जारी की जाए,जिस संबंध में अभ्यर्थियों को भरोसा दिया गया है कि निश्चित रूप इस ओर गौर किया जायेगा और ससमय इसमें सुधार कर उचित रिक्ति भेजने का आदेश दिया जायेगा।

नवगछिया पुनामा प्रतापनगर के कोरचक्का में स्थिति भयावह, विषहरी मंदिर समेत बड़ी संख्या में लोग कटाव के मुहाने पर।

नवगछिया :---समाज जागरण
/शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।

नवगछिया के पुनामा प्रतापनगर के कोरचक्का गांव में करीब 500 मीटर तक कोसी कटाव की स्थिति भयावह है। कटाव के मुहाने पर आ चुके लोगों ने अपने अपने घरों से सामान निकलना शुरू कर दिया है। जबकि गांव के बिषहरी मंदिर पर भी कटाव का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर यहां बचाव कार्य शुरू करवाया गया है। लेकिन अंधेरा होते ही कार्य बंद कर दिया गया। कटाव स्थल पर पहुंचे प्रखंड प्रमुख प्रतिनधि मानकेश्वर सिंह उर्फ मंटू सिंह, भाकपा माले जिला कमिटी

सदस्य सह सरपंच प्रतिनधि गौरीशंकर राय, पंचायत समिति सदस्य बिपिन ठाकुर ने गांव की स्थिति से जिलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराया है। प्रमुख प्रतिनिधि मानकेश्वर सिंह उर्फ मंटू सिंह ने कहा कि यहां पर रात दिन बचाव कार्य करवाने की जरूरत है। इसके लिये वे पदाधिकारियों से बात कर रहे हैं. इधर ग्रामीण सुमन कुमार ने बताया कि लोगों को बेघर होने से बचाने के लिये यहां पर युद्ध स्तर पर बचाव कार्य की जरूरत है लेकिन विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

कोसी कटाव की त्रासदी,सिहकुंड में सात घर कोसी में विलीन,लोकमानपुर में हो रहा है भीषण कटाव।

खरीक :---समाज जागरण
/पुरुषोत्तम ठाकुर।

लोकमानपुर और सिहकुंड के लोग भीषण कटाव की त्रासदी से जूझ रहे हैं. सिहकुंड में हो रहे भीषण कटाव ने तकरीबन सात लोगों का घर कटकर कोसी में समा गया. जिन लोगों का घर कोसी में समाया उनमें लोकेश राय,धौलू राय,सुगली राय,छतहरी बुधन राय दिलीप राय और रिंकू शर्मा शामिल है इसके पूर्व दर्जनों लोगों का घर कोसी में समा गया.बचाव कार्य बीते कई दिनों से रुका हुआ है. बचाव कार्य नहीं होने से कटाव की रफ्तार तेज हो गयी है. ग्रामीण मोहन कारू मंडल सुबोध यादव मोहन मंडल दर्जनों नदारफा पंचायत समिति सदस्य कारु पासवान का कहना है कि लोकमानपुर और सेकंड में हो रहे भीषण कटाव को रोकने के लिए प्रशासन मुकम्मल व्यवस्था करें अन्यथा हम लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे. कटाव से लोकमानपुर में तकरीबन 700 मीटर के दायरे में

भीषण कटाव हो रहा है. लाखों की लागत से बना अंबेडकर चौपाल अब नदी के मुहाने पर हैं. कभी भी ध्वस्त होकर कोसी में समा सकता है. कटाव की त्रासदी से जूझ रहे लोकमानपुर और सिहकुंड के लोग कटाव के डर से अपने ही हाथों बनाएं घरों को तोड़ने को विवश है. लोकमानपुर के पंचायत समिति सदस्य कार्य पासवान ने शनिवार को अंचला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर 23 विस्थापित परिवारों की सूची सौंपी साथ ही समिति सदस्य ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द लोकमानपुर के विस्थापित परिवारों की सुधि लेने की गुहार लगाई है. खरीक अंचलाधिकारी निशांत कुमार ने बताया कि लोकमानपुर और सिहकुंड का स्थल निरीक्षण कर वरीय पदाधिकारियों को रिपोर्ट भेजेंगे और कटाव रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे.।

बगहा मदनपुर वन क्षेत्र के नौरंगिया मे शांति पूर्ण तरिके से सम्पन हुआ इको विकास समिति अध्यक्ष का चुनाव।

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

पश्चिमी चंपारण जिले के मदनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत वनवर्ती इलाके नौरंगिया मे अधिकारियों और स्थानीय लोगों की एक बैठक की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि इको विकास समिति के माध्यम से माइक्रो प्लान बनाकर गांव के विकास के दिशा में आवश्यक पहल किया जाएगा। जिसमे सर्वजीत यादव के टकरार मे कोई प्रत्याशी देखने को नहीं मिला। सर्वजीत यादव को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया, वही आपको बतादे की उपाध्यक्ष शकीना खातून, और सचिव साहिल अंसारी उर्फ पिंटू को बनाया गया। ये सभी चुनाव मदनपुर वनक्षेत्र वनपाल रवि कुमार और वन अधिकारी के नेतृत्व मे शांति पूर्ण तरिके से सम्पन हुआ। रवि कुमार ने बताया की

जंगल हमारी धरोहर है। इसकी रक्षा करना हम सब का कर्तव्य है। क्योंकि अगर पेड़ पौधे नहीं रहेंगे तो हमारा जीवन खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से वन विभाग का सहयोग करने की अपील की। कहा कि अगर अधिकारी और ग्रामीण मिलजुलकर कार्य करेंगे तो हर समस्या से निजात पाई जा सकती है। इस दौरान उन्होंने गांव के विकास को लेकर कई योजनाएं बताई। जैसे कि मशरूम की खेती करने पर बल दिया। साथ ही उक्त बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए' चुनाव के समय चंद्रशेखर निषाद, छोटू चौधरी, नन्दलाल बीन, ग्रामीणों के साथ वनविभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बगहा:वर्ग नौवीं में नामांकन के लिए प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली बगहा दो द्वारा निकाली गई विशाल रैली।

आगामी 15 जुलाई तक प्रवेशोत्सव अभियान के तहत विद्यालय से बाहर के छात्राओं का कराना हैं विद्यालय में नामांकन: प्राचार्य धीरेंद्र पत तिवारी

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

बगहा:प्रवेशोत्सव विशेष नामांकन अभियान को सफल बनाने जाने को लेकर शनिवार को प्लस टू प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय पटखौली बगहा दो के द्वारा विशाल रैली निकाली गई।विशाल रैली को विद्यालय के प्राचार्य धीरेंद्र पत तिवारी के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें विद्यालय की तमाम छात्रा एवं शिक्षक सम्मिलित हुए,जिसमें वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण आठवीं कक्षा के शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं का नामांकन वर्ग नौवीं में सुनिश्चित करने के लिए, 15 जुलाई तक अभियान चलाया जाना है।जिसको लेकर विशाल रैली में छात्रों व शिक्षकों ने शहर के अलग-अलग मार्गो से होकर अभिभावकों को नामांकन अभियान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रवेशोत्सव अभियान को लेकर विशाल रैली निकाली गई।जिसका उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय से जोड़कर शिक्षित बनाना है। हरेक छात्र शिक्षित हो। यही मुख्य उद्देश्य है और विद्यालय में शत प्रतिशत छात्राओं का नामांकन कराना हैं।मौके पर शिक्षक नागेन्द्र प्रसाद,परवीन

प्राचार्य धीरेंद्र पत तिवारी ने कहा कि 1 जुलाई से आगामी 15 जुलाई तक प्रवेशोत्सव अभियान के तहत विद्यालय से बाहर के छात्राओं का विद्यालय में नामांकन कराना है।जिसके लिए बगहा शहर में मिश्र,हिमांशु मालवीय, प्रकाश पाठक, अवनीश कुमार,विन्धवासनी दुबे, विनय कुमार झा,नीलम दुबे, मोनिका कुमारी ,संध्या पांडेय , प्रेम पुनीता सिन्हा एवं अन्य शिक्षक,सहित तमाम छात्रा मौजूद रही।

पाटलिपुत्र-अयोध्या समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव बगहा में नही होने से यात्री परेशान, लगाया बगहा की उपेक्षा व उदासीनता का आरोप

समाज जागरण
बगहा से नीरज मिश्रा

भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों के अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उनके सहूलियत के लिए पाटलिपुत्र और अयोध्या कैंट के बीच समर स्पेशल ट्रेन 03219/03220 चलाने का निर्णय लिया गया है जो पाटलिपुत्र से शुक्रवार 01-07-2022 से 19-08-2022 तथा अयोध्या कैंट से शनिवार 02-07-2022 से 20-08-22 तक आठ ट्रिप्स में चलेगी। जिसकी अधिसूचना पूर्व मध्य रेलवे ने अपने फेसबुक आईडी से साझा किया है। उक्त सूचना साझा होने के बाद बगहा स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों, स्थानीय निवासियों ने देखा कि सूचना में ट्रेन के ठहराव वाले स्थानों की सूची में बगहा रेलवे स्टेशन का नाम नही है। उसके बाद से लोग बगहा की उपेक्षा, उदासीनता का आरोप लगा रहे हैं। सूची में वाल्मीकिनगर रोड रेलवे स्टेशन पर ठहराव दर्शाया गया है। लोगों का कहना है कि बगहा मुख्य स्टेशन है जहाँ से विभिन्न क्षेत्र के लोग यात्रा करते हैं लेकिन छोटे स्टेशन वाल्मीकिनगर रोड, जहाँ इस रुट की अन्य कोई भी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नही है वहाँ पर इस ट्रेन का ठहराव देना समझसे परे है। लोग लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से रेल मंत्रालय, रेलमंत्री, पूर्व मध्य रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक आदि को उक्त सूचना पर अपने सुझाव, विचार भेज कर समस्या से अवगत करा रहें हैं तथा बगहा में भी इस ट्रेन के ठहराव की मांग कर रहें हैं। स्थानीय निवासी सुनिल राउत, रहमान उफी आदि जागरुक लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपने विचार रखे और कहा कि बगहा बिहार-उत्तरप्रदेश तथा भारत-नेपाल का प्रतिनिधत्व करने वाला मुख्य शहर है जो देश का नम्बर वन लोकसभा क्षेत्र वाल्मीकिनगर, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष, पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है, बगहा पुलिस जिला, अनुमंडल सहित तथा भावी राजस्व जिला है। थरुहट, गंडक पार के क्षेत्र सहित अन्य सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोग यहाँ यात्रा हेतु ट्रेन पकड़ने, व्यवहार न्यायालय, पुलिस जिला मुख्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल, अनुमंडल कार्यालय, नगरपरिषद में कार्य को लेकर साथ हीं खरीददारी हेतु भी आते रहते हैं। बगहा स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव है इस ट्रेन का ठहराव भी यहाँ होना चाहिए था। यहाँ ठहराव नही होना समझ से परे है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि महोदय सहित रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य को चाहिए कि क्षेत्र की जनता की समस्या के समाधान हेतु मामले का संज्ञान लेते हुए इस समर स्पेशल ट्रेन का ठहराव बगहा में सुनिश्चित कराएं। वहीं कोरोना काल में बंद ट्रेनों का नियमित परिचालन शुरू करने, लम्बी दूरी की सवारी गाड़ी का परिचालन एवं अन्य एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की मांग स्थानीय जनता बहुत पहले से कर रहे हैं।

मनरेगा योजना के तहत मिट्टीकरण और खरंजा का काम में लाखो रुपये का लुट

समाज जागरण मुरारी जह दरभंगा

ब्रह्मपुरा-भट्टपुरा पंचायत के सखवाड़ गाँव वार्ड 11 में बच्चे लाल पासवान के घर से फुदन चौधरी के घर तक 3 महीना पहले पंचायत समिति के फंड से मनरेगा योजना के तहत मिट्टीकरण और खरंजा का काम शुरु हुआ । गलत तरीके से रोड बनाया जा रहा था। स्थानीय लोगों के द्वारा विरोध किया गया ताकि सही तरीके से रोड बनाया जाए। 3 महीने बीत गया न तो अभि तक योजना का बोर्ड लगा है और न ही स्थानीय

जनप्रतिनिधि के द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया गया है। और जनकारी से पता चला कि इसका कागजी खानापूर्ति करके सारा राशि गबन कर लिया गया है। यदि ऐसा हुआ तो बहुत बड़ा आंदोलन हो सकता है,।

एमएसयू ने वार्ड 40 अभंडा में किया स्वास्थ्य शिविर सह रक्तदान शिविर का आयोजन

समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा

मिथिला स्टूडेंट यूनियन के वार्ड 40 के सदस्य अविनाश सहनी के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ शिविर सह रक्तदान शिविर का आयोजन अभंडा प्राइमरी स्कूल में किया गया डीएमसीएच ब्लड बैंक अधीक्षक संजीव कुमार एमएसयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज पूर्व महासचिव गोपाल चौधरी एमएसयू राष्ट्रीय प्रवक्ता अमन सक्सेना पूर्व दरभंगा जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार झा राष्ट्रीय सोशल मीडिया प्रभारी उदय नारायण झा ने फीता काट कर कार्यक्रम का विधिवत शुरूवात किया जिसके बाद दीप प्रज्वलित किया गया लगभग 200 लोगो ने इस शिविर में स्वास्थ जांच करवाने का काम किया इस बाबत एमएसयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अविनाश भारद्वाज ने कहा हमारे मोहल्ला गांव में ऐसे बहुत सारे गरीब असहाय लोग हैं जो पैसा के अभाव में अपना इलाज नहीं करवा पाते हैं सरकारी हॉस्पिटल में सही से इलाज नहीं होता है और प्राइवेट हॉस्पिटल में इतना पैसा लगता है की लोग हॉस्पिटल के नाम से डर जाते हैं मामूली बीमारी के लिए जांच दवाई के नाम पर हजारों रुपया ले लिया जाता है जिस कारण गरीब वंचित लोग इलाज नहीं करवा पाते हैं ऐसी परिस्थिति में निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन होना गरीब असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो

सकता हैं संगठन इसे व्यापक स्तर से इसका आयोजन करवाने का काम अब करेगा एमएसयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमन सक्सेना ने कहा का इस तरह का कार्यक्रम दरभंगा के विभिन्न वार्ड मोहल्ला में किया जाएगा ताकि गरीब असहाय लोगों तक मुफ्त इलाज मुफ्त दवा मुफ्त चिकित्सिय परामर्श पहुंच सके इस शिविर में दर्जनों युवाओं ने रक्तदान करने का भी काम किया जिसमे अभंडा मोहल्ला के कृष्णा कुमार अजित कुमार विक्रांत कुमार समेत कई युवा नौजवान शामिल रहे पुरे दिन स्थानीय लोगो का आवागमन जारी रहा खासकर महिला और बुजुर्ग बढ़ चढ़ कर अपना स्वास्थ्य जाँच करवाने का काम किया डॉक्टर नवीन कुमार डॉक्टर श्रीकांत डॉक्टर अनुराग कुमार डॉक्टर नागेंद्र कुमार के अगुवाई में लोगो का इलाज किया गया शिविर का आयोजन कर रहे अविनाश सहनी ने कहा आगे भी इस तरह का शिविर का आयोजन यहां पर किया जाएगा 200-300 की संख्या में लोगो ने अपना इलाज इस आयोजन में करवाया हैं सीता देवी और रामनारायण सहनी को आँख की समस्या माला देवी को शरीर में दर्द की समस्या सोनी देवी को दाँत की समस्या सागर देवी को हकमी और शरीर का दर्द समेत कई लोगो का इलाज किया गया इस अभियान में एमएसयू के अनीश चौधरी अविनाश कुमार विकास चौधरी ऋतु राज मिथुन कुमार धीरज कुमार गोलू कुमार समर कुमार सिरजू कुमार नितीश कुमार दीपक सहनी समेत कई लोग स्थानीय लोग उपस्थित थे

22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:37 AM Page 9

खुले में शौच करने निकली लड़की की दर्दनाक मौत, करंट की चपेट में आने से गई जान

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा : खुले में शौच करना एक लड़की को महंगा पड़ गया. जिले के रजौली थाना क्षेत्र के जलबीघा गांव में रविवार सुबह शौच करने गई एक 16 वर्षीय लड़की की करंट के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई. मृतक के पिता प्रदीप प्रसाद ने बताया है कि 16 वर्षीय सुमन कुमारी रविवार को सुबह शौच करने के लिए घर से निकली थी। खेत में बिजली का तार टूट कर गिरा था. करंट के चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हुई है।

उन्होंने बताया कि जैसे ही हम लोगों को जानकारी मिला आनन-फानन में तुरंत बच्ची को लेकर नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती करायी. हालांकि डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. मौत की खबर मिलने के बाद परिवार वालों में कोहराम मच गया है।बताया जाता है कि शनिवार को देर रात तेज बारिश के कारण बिजली का तार टूट कर खेत में गिरा था और गांव वाले को इसकी कोई खबर ही नहीं थी।सुबह में लड़की सोच के लिए अपने घर से निकली थी।उसी दौरान यह घटना हुई. करंट से मौत की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवादा के सदर अस्पताल भेज दिया है।

विभिन्न मामलों के पांच आरोपित गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से विभिन्न कांडों के नामजद पांच आरोपितो को गिरफ्तार कर रविवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि स्थानीय थाना का आरोपित वरनामा ग्रामीण राजू कुमार उर्फ राजू चौधरी, कुंभी ग्रामीण कोमल मांझी, रसनपुर निवासी सहदेव मांझी तथा अजीत कुमार व रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

वरीय नागरिक के निधन पर शोक सभा

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज प्रखंड वरीय नागरिक संघ के सक्रिय सदस्य प्रखंड क्षेत्र के नारोंमुरार ग्रामीण स्वर्गीय कामेश्वर सिंह के निधन पर संघ कार्यालय में रविवार को शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई । संघ के अध्यक्ष श्यामसुंदर दुबे की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में लोगो ने उनके द्वारा संघ को दिए गए योगदान की चर्चा की गई है। बैठक में सियाराम सिंह, नागेन्द्र शर्मा बंधु, केदार सिंह, कपिल चौरसिया आदि मौजूद थे। इस दौरान वरीय नागरिकों के साथ घर परिवार में हो रही परेशानी पर भी चर्चा किया गया।

दो लोगो के विरुद्ध एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के गडुआ ग्रामीण लखन रविदास ने गांव के ही भूषण सिंह व कृष्ण सिंह उर्फ साधु सिंह के विरुद्ध जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगा मामला दर्ज कराया है। प्राथमिकी में मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने की भी बात कही गई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 22 मई 2022 को अपने निजी जमीन पर प्रधानमंत्री इंदिरा आवास के तहत भवन बना रहा था। इस दौरान दोनों आरोपितो द्वारा 10 फीट जमीन छोड़ कर घर बनाने की बात कहते हुए गाली गलौज व जान से मार देने की धमकी दी गई।

बिहार सरकार के मंत्री डा. संतोष सुमन आज पहुंचेंगे वारिसलीगंज

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-बिहार सरकार के लघु संसाधन एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग डा.संतोष कुमार सुमन रविवार को वारिसलीगंज नगर परिषद के खानापूर गांव स्थित हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामवृक्ष मांझी के घर पहुंचेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सनोज साव ने बताया कि प्रखंड अध्यक्ष श्री मांझी के पुत्र की शादी समारोह में मंत्री जी शामिल होने पधारेंगे। इस संबंध की जानकारी जिला एवं वारिसलीगंज पुलिस प्रशासन को भेजा जा चुका है।

आत्मा के द्वारा किसान चौपाल का हुआ आयोजन

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां प्रखंड के तीन पंचायत में रविवार को आत्मा नवादा द्वारा खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कृषि विभाग के कर्मियों की उपस्थिति में प्रखंड के कोनन्दपुर, पोकसी एवं धेवधा

पंचायत में किसान चौपाल में किसानों को कृषि विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। विभाग द्वारा किसानों को सूक्ष्म सिंचाई, पराली प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अलावे विभिन्न योजनाओं, एफआईजी, एफएसजी किसान पुरस्कार के साथ-साथ कई प्रकार की जानकारियां दी गई। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुनील कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रभात कुमार, विनय मोहन, विनोद यादव एवं नोडल कृषि समन्वयक पंकज कुमार सिन्हा के द्वारा दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के कर्मी एवं दर्जनों किसानों ने भाग लिया।

नवादा सदर अस्पताल में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर भड़के विधायक और एमएलसी,सिविल सर्जन को लगाई फटकार

समाज जागरण नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा सदर अस्पताल में अव्यवस्थाएं देख नाराज हुए विधायक और एमएलसी ने सिविल सर्जन को स्तिथि में सुधार लाने का निर्देश दिया और लचर व्यवस्था पर फटकार लगाई है.सिविल सर्जन निर्मला कुमारी को जल्द से जल्द व्यवस्थाएं सुधारने के लिए कहा



विधायक विभा देवी ने बताया की अस्पताल में कई तरह की अव्यवस्थाएं सामने आई हैं ,अस्पताल में कचड़ा का भरमार है. अस्पताल की स्तिथि काफी बदतर दिखी ,डाक्टर लापरवाह है मरीज के परिजन की शिकायत पर भी दवाई नहीं मिलती हैं.विधायक ने कहा कि हम चाहते हैं कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले।इसलिए सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए अधिकारियों से कहा गया है.यहां बहुत सारी अव्यवस्थाओं की बात सामने आई है।

12 जुलाई को बुधौल में शिफ्ट हो जाएगा सभी बस स्टैंड,ऐसा संभावना है।

समाज जागरण
नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)

अब यह फाइनल हो गया गई कि शहर के विभिन्न हिस्सों में वैध-अवैध रूप से संचालित सभी वाहन पड़ावों को बुधौल में शिफ्ट कर दिया जाएगा। सरकारी बस स्टैंड भी इसमें शामिल है। तिथि भी 12 जुलाई निर्धारित कर दी गई है। इस निर्णय का अनुपालन कैसे होगा इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर एक्सरसाइज शुरू कर दी गई है। 6 जुलाई को वाहन मालिकों-संचालकों की बैठक बुलाई गई है। हालांकि, 3 नंबर यानी पकरीबरावां स्टैंड को इससे अलग रखा गया है।

डीएम उदिता सिंह के निर्देश के आलोक में शनिवार को एडीएम उज्ज्वल कुमार सिंह ने अपने कार्यालय कक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक किया। जिसमें नवादा नगर परिषद की सड़कों को जाम से निजात दिलाने और बुधौल में बस स्टैंड शिफ्ट करने पर मंथन हुआ।

एडीएम ने कहा कि बुधौल में बस स्टैंड शिफ्ट करने के लिए सभी बस संचालकों के साथ 06 जुलाई 2022 (मंगलवार) को एक आवश्यक बैठक कर लें। सभी बस संचालकों को स्पष्ट बता दें कि 12 जुलाई 2022 को नव निर्मित और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बस स्टैंड में शिफ्ट किया जायेगा। डीएम के पहल पर जिले में ट्रैफिक व्यवस्था कन्ट्रोल करने के लिए 30 होमगार्ड जवान दूसरे जिलों से नवादा आये हैं, जिनको व्यस्तम सड़कों पर प्रतिनियुक्त किया जा रहा है।

बैठक में बताया गया कि प्रसाद बिगहा स्थित जिला परिषद का बस स्टैंड, रजौली बस स्टैंड और बिहार राज्य पथ परिवहन का बस स्टैंड तीनों को ही बुधौल बस स्टैंड में स्थानान्तरित किया जायेगा। बुधौल बस स्टैंड से जुड़े हुए सभी सम्पर्क

पथ को मरम्मत कर चकाचक करने, बेहतर ढ़ंग से प्रकाश की व्यवस्था और सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्था की जा रही है। बुधौल बस स्टैंड में स्थायी पुलिस पिकेट खोला जा रहा है जहां 2/8 सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जो 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था के लिए कार्यशील रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिया गया कि 11 जुलाई को 12:00 बजे रात से प्रसाद विगहा बस स्टैंड, पथ परिवहन बस स्टैंड के पास स्थायी बैरिकेटिंग लगा दें, ताकि कोई भी बस बस स्टैंड के अन्दर न जा सके।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिया गया कि मंगर विगहा की सड़क, गोंदापुर की सड़कें और नगर परिषद के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी के लिए अपेक्षित संख्या में बल्ब लगाना सुनिश्चित करें। कार्यपालक अभियंता आरडब्लूडी ने बताया कि 03 दिनों के अन्दर गोंदापुर में नव निर्मित पुल को यातायात के लिए चालू कर दिया जायेगा। मंगर बिगहा स्थित पुल के पास डायवर्सन बनाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

12 जुलाई 2022 से सुरज पेट्रोल पंप और जैन मंदिर के पास दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। जिलाधिकारी का स्पष्ट निर्देश है कि बुधौल बस स्टैंड में बसों को शिफ्ट करने के उपरांत यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

बैठक में बस स्टैंड पर चुंगी वसूलने वाले ने बताया कि बड़ी बसों से 150 और मिनी बसों से 90 रुपये प्रतिदिन वसूली की जा रही है। बुधौल बस स्टैंड में बसों के स्थानान्तरण से नवादा शहर को काफी हद तक जाम से भी मुक्ति मिलेगी।

बैठक में एसडीएम उमेश कुमार भारती, एसडीपीओ उपेन्द्र प्रसाद, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद,कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद कन्हैया कुमार, बीडीओ सदर अंजनी कुमार, सीओ शिवशंकर राय सहित आरडब्लूडी के कार्यपालक अभियंता और सहायक अभियंता भी उपस्थित थे।

जहानाबाद शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई द्वारा लगातार 57वें रविवार को किया गया पौधरोपण।

दैनिक समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार।)

जहानाबाद शान्तिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 57वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण का कार्यक्रम काको प्रखंड के बढ़ौना गांव में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत पौधों का पूजन एवं रक्षासूत्र बांधकर मंत्रोच्चारण के साथ पंद्रह सौ फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।उपस्थित लोगों ने इसकी सुरक्षा एवं देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

बढ़ौना गांव निवासी किसान ब्रजेश कुमार के निजी जमीन पर एक हजार सागवान, चार सौ पपीता, दस आम,दस अमरुद, पचास नींबू, दस कटहल, पंद्रह केला पांच सहतूत के पौधों का रोपण किया गया।

प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के सक्रिय कार्यकर्त्ता सह किसान पुत्र इंजीनियर पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि गायत्री परिवार के वृक्षारोपण कार्यक्रम से प्रभावित होकर अपने निजी जमीन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम करने का प्रस्ताव

अपने परिवार के समक्ष रखा जिसे परिवार वालों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। तदोपरान्त गायत्री परिवार के एक सौ से अधिक की संख्या में शामिल महिला एवं पुरुष कार्यकत्ताओं ने मिलकर वृक्षारोपण के तहत पंद्रह सौ पौधों को रोपने का कार्य संपन्न किया। रविवार को ही प्रातः मखदुमपुर प्रखंड के आंकोपुर गांव में गायत्री परिवार के द्वारा सचिवालय सहायक राकेश कुमार के निजी जमीन पर दस आम के पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के जिला प्रभारी रंगेश कुमार, जिला मीडिया प्रभारी बचन देव कुमार, जिला समन्वयक कुमार श्रीकांत, ट्रस्टी श्यानारायण कुमार,हरी जी,संजय कुमार, कौशल कुमार,हरेन्द्र कुमार, रामनारायण प्रसाद,कृष्ण बल्लभ शर्मा, प्रमोद कुमार, दिनेश यादव, धर्मेंद्र कुमार,भारती जी, रंगनाथ शर्मा,संतोष जी,रमेश जी मंटू , रामजी, गोविंद, गोपीकृष्ण, दिवाकर चंदन कुमार एवं महिला मंडल के सक्रिय परिजन अनिता देवी ,शोभा देवी,उम्दा देवी,ममता देवी, नीरु कुमारी,रिंकु देवी, सुनीता देवी पूनम देवी, विद्या देवी उपस्थित थे।

जनसरोकारी पत्रकारिता करें सभी पत्रकार, लोकतंत्र के होते हैं चौथे स्तम्भः एसडीओ

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-जनसरोकारी पत्रकारिता समय की मांग है। इसलिए सभी पत्रकार जनसरोकार से वाबस्ता खबरों को ही तरजीह दें। खबरों में प्रमाणिकता पहली शर्त होनी चाहिए। इतनी शुचिता आप पत्रकारों से अपेक्षित है क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होते हैं। नवादा सदर एसडीओ उमेश कुमार भारती ने यह बातें पत्रकारों को ऊर्जान्वित करते हुए रविवार को कही। नवादा जिला पत्रकार संगठन द्वारा प्रकाशित जनमंथन स्मारिका के लोकार्पण समारोह में वह बोल रहे थे। नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदर एसडीओ ने पत्रकारिता के पुरोधा स्व.सुरेश कुमार वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए रास्ते पर चल आज की पीढ़ी खुद को काफी आगे तक ले जा सकती है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे वरीय पत्रकार सह साहित्यकार रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर ने कहा कि स्वर्गीय सुरेश प्रसाद वर्मा आकाशवाणी के दौर में सुरेश वाणी के नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने पत्रकारिता के जो आदर्श स्थापित किए, वह आज की पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने पत्रकारिता से जुड़े अपने अनुभवों को रखा और युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन किया।

मौके पर लाइन डीएसपी मदन कुमार ने ग्रामीण और आंचलिक पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि पत्रकार समाज के धरोहर हैं। उनपर

बड़ी जिम्मेवारी है।कार्यक्रम में शिरकत कर रहे प्रसार भारती के वरीय पत्रकार सह इतिहासकार डॉ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने सामाजिकता से संबद्ध पत्रकारिता पर जोर दिया तथा यह कहा कि पत्रकारिता का एक मकसद होना चाहिए न कि सिर्फ खबर लिखना। वरीय पत्रकार डॉक्टर संजय कुमार सुमन ने धारदार पत्रिका को वर्तमान समय की जरूरत बताया और नई पीढ़ी के पत्रकारों को अपनी कलम में तेज लाने का सुझाव दिया। संगठन के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार रवि के द्वारा विषय प्रवेश के बाद राजेश मंझवेकर के संपादन में प्रकाशित स्मारिका जनमंथन का लोकार्पण किया गया। उन्होंने संगठन की उपलब्धियां गिनाई। इसके बाद परिचर्चा सह संवाद कार्यक्रम संपन्न हुआ। संगठन के संयोजक राजेश मंझवेकर के मंच संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में मौजूद स्वर्गीय सुरेश कुमार वर्मा के सुपुत्र कारोबारी राजीव कुमार सिन्हा ने ऐसे प्रयास के लिए नवादा जिला पत्रकार संगठन की प्रशंसा की और भावुक होते हुए अपने पिता के सामाजिक दायित्व वाली पत्रकारिता का वर्णन कर अपनी नेहांजलि दी। समारोह में उपाध्यक्ष अशोक कुमार वा जिला मीडिया प्रभारी अभय कुमार रंजन उर्फ गुड्डु, सतीश कुमार, सचिव रविन्द्र पाण्डेय, संगठन सचिव डॉ मुकेश कुमार सिन्हा, मिथिलेश कुमार, कुमार मनीष देव, नागेंद्र सिन्हा, उमा शंकर पाठक, सुबोध कुमार, मनीष कमलिया समेत सनी भगत, संदीप साहू, वीरेंद्र वर्मा, अनिल शर्मा, सचिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, गुड्डु सिंह आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर विनय पांडेय, ओंकार शर्मा, रौशन सोनू, मनोज कुमार, अनिल कुमार, राकेश कुमार, गौरव मिश्रा आदि पत्रकार समेत कारोबारी वीरेंद्र कुमार मौजूद रहे। संगठन सचिव रविंद्र कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया जिसके बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

बिहपुर में 11 से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा।

बिहपुर :---समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर ।

बिहपुर झ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिहपुर में मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के तहत 11जुलाई से 31जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जाएगा.यह जानकारी देते हुये प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मुरारी पोद्दार और बीसीएम शमशाद आलम ने बताया की इसको लेकर 27 जून से 10 जुलाई तक दंपति जनसंपर्क पखवाड़ा चल रहा हैं.

वही और बताया गया की आशा

कार्यकर्ता अपने -अपने क्षेत्र में उत्प्रेरक का कार्य कर रही हैं.पुरुष नसबंदी के लिये लाभार्थी को तीन हजार रुपये दिये जाएंगे। जो महिला प्रसव के सात दिनों के अंदर बंध्याकरण कराती हैं.उसे भी तीन हजार रूपया दिया जाएगा.प्रसव के 42दिन बाद दो हजार रुपया ,अंतरा इंजेक्शन के लिये एक सौ रुपया और प्रसव के बाद कॉपरटी के लिये तीन सौ रुपये दिया जाएगा.।

छापामारी करने गई पुलिस को नहीं मिली शराब, ग्रामीणों का आरोप पुलिस ने की लाठी से पिटाई, एक दर्जन लोग अस्पताल में भर्ती

समाज जागरण
नवादा(आर्यन मोहन)

नवादा शराब को लेकर छापामारी करने के दौरान पुलिस पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया है. नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामगढ़ बलोखर गांव के महादलित टोले में उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी थी. ग्रामीणों का आरोप है कि जब पुलिस को शराब नहीं मिली तो तो ग्रामीणों की पिटाई की गई. करीब एक दर्जन लोग नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती हैं।

घायल लोगों का आरोप है कि शनिवार की आधी रात में पुलिस छापामारी करने पहुंची. पूरे घर की तलाशी ली गई लेकिन कहीं पर भी पुलिस को शराब बरामद नहीं हुआ.

उसके बाद 10 से 15 लोगों की पुलिस ने लाठी से पिटाई की. कथित रूप से पुलिस की पिटाई से घायल लोगों को उपचार के लिए रविवार को नवादा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ग्रामीणों के अनुसार घायलों में मुकेश कुमार, राकेश कुमार, चंदन मांझी, बिरंची मांझी, सरयुग मांझी, नरेश मांझी, राहुल कुमार, सुखदेव मांझी, सुमन मांझी एवं रामानंद मांझी शामिल है। वही उत्पाद इंस्पेक्टर आदित्य कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद और मनगढ़ंत है। पुलिस छापामारी करने जरूर गई थी, लेकिन शराब बरामद नहीं होने पर बैरंग वापस लौट गई।

वीडियो वायरल की धमकी दे 6 वर्षों तक किया सामूहिक दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 20 वर्षीय युवती ने थाना क्षेत्र के ही बाघी बरडीहा ग्रामीण लखन महतो का पुत्र मोहन कुमार तथा काशीचक थाना क्षेत्र के भट्टा गांव निवासी मोहन का साला हिमांशु कुमार के विरुद्ध वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छह वर्षों से सामूहिक दुष्कर्म कर रहा था। घटना से तंग आकर युवती ने स्थानीय थाना में दोनों साला- बहनोई को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। थाना को दिए आवेदन में कहा गया है कि आरोपित मोहन राजमिस्त्री का काम करता है। जो वर्ष 2016 से पीड़िता के घर निर्माण का काम करने आया करता था। इस बीच जान पहचान और नजदीकी बढ़ने के बाद अपने साले हिमांशु के साथ मेरे घर आने लगा। एक दिन आरोपित हिमांशु स्नान के दौरान चुपके से मेरा वीडियो बना लिया। तब से अब तक वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए मेरे साथ गलत संबंध बनाने लगा।इस क्रम में सबसे पहले दोनों आरोपितों ने वर्ष 2016 में गांव के बधार में दुष्कर्म किया। उस समय मेरी उम्र करीब 15 वर्ष थी। भय के कारण मैंने अपने परिवार वालों को कोई जानकारी नहीं दी थी। ततपश्चात आरोपितों द्वारा बिहार शरीफ बुलाकर फर्जी शादी का कागज बनाकर जबरदस्ती मेरा हस्ताक्षर करवा लिया। ताकि मेरे साथ गलत सलत कर सके। को शा शादी का झांसा देते हुए आरोपी पैसा की मांग करने लगा। तब मैंने मां का पैसा चुरा कर आरोपी को देने लगी। इसी बीच मैंने छह वर्षों से अपने साथ घट रही घटनाओ की जानकारी अपनी मां को दे दी। तब मां के साथ हिमांशु के गांव काशीचक के भट्टा गई। जहां उसके परिजनों द्वारा गाली-गलौज करते हुए हिमांशु के ड्यूटी पर जाने की बात बताई गई। मैंने आरोपी से मिलने का संकल्प लेकर उसके ड्यूटी वाले स्थान मेरठ गई। जहां वीडियो डिलीट करने और ब्लैकमेल नहीं करने की आरजू की गई। तब उपस्थित साथियों द्वारा शादी करने का झांसा देते हुए मुझसे सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिया गया। और तब से अब तक फोन करके पुनः कभी वारिसलीगंज और कभी अन्य स्थान पर बुलाना शुरू कर दिया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दिए आवेदन में दोनों साले बहनोई के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई गई है। पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुट गई है। मामला क्या है पुलिस जांच के बाद ही पता चलेगा।

जहानाबाद जमुना नदी में जलापूर्ति को लेकर पूर्व विधायक के नेतृत्व में निकाला गया पदयात्रा।

जमुना नदी में जलापूर्ति होने से किसानों की आर्थिक स्थिति में होगा सुधार- डॉ मुनीलाल।

समाज जागरण
जहानाबाद से (बरुण कुमार)

जहानाबाद उदेरा स्थान फल्गु नदी से छरियारी वियर के पास जमुना नदी में जलापूर्ति कराने को लेकर रविवार को पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव के नेतृत्व में हजारों किसानों ने पदयात्रा निकाला। पदयात्रा उदेरा स्थान से होते हुए छरियारी स्थित जमुना नदी के समीप पहुंचा। जहां एक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ मुनीलाल यादव ने कहा कि सरकार को हर हाल में किसानों की मांग मानना होगा। जमुना नदी में जलापूर्ति होने से किसानों आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ-साथ उपज भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जमुना नदी पर सोलहंडा वियर के निर्माण होने के बाद जुमना नदी में पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति नही हो पा रही है। जबकि जमुना नदी पर छरियारी वियर, सुगांव वियर, कनक विगहा वियर, पटना जिला के बेर्रा वियर सिंचाई योजना सोलहंडा वियर के नीचे जमुना नदी पर अवस्थित है। जमुना नदी बरसाती नही है और इसमें पर्याप्त मात्रा में जल संग्रह नही हो पाता है जिसके कारण मखदुमपुर, काको, जहानाबाद, मसौढ़ी एवं

धनरूआ प्रखंड के किसानों के खेतों में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नही हो पाता है। श्री यादव ने कहा कि यह योजना किसानों के लिए अतिमहत्वपूर्ण है। जिसकी मांग हमारे द्वारा लंबे समय से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने भी अपने मुख्यमंत्रित्व काल में उदेरा स्थान फल्गु नदी से छरियारी वियर के पास जमुना नदी में जलापूर्ति कराने का आदेष जल संसाधन विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दिए थे। परंतु आज तक वृहत्त जनहित में दिया गया आदेष लालफिताशाही में दबा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की मांगे पूरी नही हो जाती इसी तरह से संघर्ष करते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद नेता वीरेन्द्र दास ने की। जबकि संचालन जिप सदस्य सह राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आदित्य मिस्त्री ने की। इस मौके पर कांग्रेस चन्द्रिका प्रसाद मंडल, अषोक प्रियदर्षी, जिप सदस्य रेणु देवी, मुखिया आरजू, रामानंद यादव, बिहारी यादव, राजेष दास, महेष चौधरी, राजद नेता उमेष कुमार यादवेन्दु, अवधेष चन्द्रवंषी, साधु यादव, ई. तरूण लाल यादव, मीरा यादव, राजा यादव, कुणाल यादव, रंजीत यादव, मंजू यादव, मिथिलेष यादव, छोटू यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किया।

स्वामी आगमानंद के निर्देशन में गंगा तट पर प्रारंभ हुआ वृक्षारोपण।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाणडेय /शक्ति ठाकुर ।

श्रीशिवशक्ति योगपीठ नवगछिया के तत्वावधान में पीठाधीश्वर संत शिरोमणि परमहंस स्वामी आगमानंद जी महाराज के निर्देशन एवं भागलपुर की सामाजिक संस्था तुलसी के संयोजन में जहान्वी गंगा तट हरित अर्पण कार्यक्रम के तहत जाह्नवी गंगा तट पर सैदपुर दुर्गा मंदिर के समीप वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया. इस कार्यक्रम के दौरान जहां प्रमुख अतिथि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के. राज्यमंत्री तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने माता जहान्वी गंगा को नमन कर बरगद, पीपल, पाकर और गुल्लर तथा नीम के वृक्षों का पौधा रोपण किया। वहीं मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री

अश्विनी चौबे ने कहा कि जहान्वी गंगा तट पर सवा लाख वृक्षों का पौधरोपण कार्य किया जायेगा. इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता अर्जित शास्वत चौबे, सामाजिक संस्था तुलसी के आलोक पाठक और शंभु शंकर सिंह, पंडित हिमांशु मोहन मिश्र, संपादक बृजेन्द्र दूबे, कविवर राज कुमार, श्रीशिवशक्तियोगपीठ के स्वामी मनोरंजन भारती, स्वामी शिव प्रेमानंद बाबा, स्वामी भाईजी, स्वामी प्रेमशंकर भारती, कुंदन बाबा, लखन लाल पांडेय, पंडित अनिरुद्ध शास्त्री, नयन बाबा, सैदपुर दुर्गा मंदिर कमिटी के अध्यक्ष महेश कुंवर, नवगछिया भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद मंडल, शिक्षक राजेश झा, नीलेश झा, सोनू, शुभम, मंटू, आशु, मुकुल, कन्हैया, राजू आर्ट इत्यादि ने भी सौ से अधिक वृक्ष का पौधरोपण किया. जहां सैकड़ों ग्रामीण पुरुषों के अलावा काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं.।

नवगछिया में कोसी प्रलयकारी, खरीक से रंगरा तक मचा रही है तबाही।

नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर ।

कोसी नदी की वेगवती धारा ने विगत दो दिनों में नवगछिया अनुमंडल में कोहराम मचा दिया है. खरीक के लोकमानपुर से लेकर रंगरा के जहांगीरपुर वैसी तक कोसी नदी तीव्र कटाव कर रही है. कटाव की रफ्तार इतनी तीव्र है कि देखते ही देखते तटों से सैकड़ों टन मिट्टी जलविलिन हो जा रही है.

लोकमानपुर में छः से सात घर कोसी कटाव में बह गए जबकि रंगरा के

जहांगीरपुर वैसी में चार घरों के कोसी कटाव में बह जाने की सूचना है. ठाकुर जी कचहरी टोला और पुनमा प्रताप नगर के कोरचक्का में स्थिति भयावह है. यहां कटाव के मुहाने पर आ चुके लोग अपने अपने घरों से सामानों को निकाल कर सुरक्षित ठिकाने की तलाश कर रहे हैं. दोनों जगहों पर सिर्फ दिन में बचाव कार्य किया जा रहा है जबकि ग्रामीण दिन रात कटाव निरोधी कार्य करने की मांग कर रहे हैं.।

पूर्व मुखिया सह जदयू नेता के घर से स्कारपियो हुआ चोरी

भागलपुर :---समाज जागरण /निर्भय चौबे ।

भागलपुर जिला अन्तर्गत लोदीपुर थाना क्षेत्र में विगत रात्रि एक स्कारपियो की चोरी हो गई है। बताते चलें कि आए दिन लगातार भागलपुर जिले में छोटी मोटी चोरी होती रही है परंतु हद पार करते हुए अज्ञात चोरों ने पूर्व मुखिया सह जिला जदयू व्यवसायिक प्रकोष्ठ के महासचिव मनोज पंडित का सफेद रंग की स्कारपियो जो घर के पास लगी थी उसे उड़ा लिया। उक्त गाड़ी का चालक अजय पंडित नेता जी का अपना भतीजा है। चालक ने बताया कि हम 5 वर्षों से गाड़ी चला रहे हैं हमने लगभग 11 बजे रात में गाड़ी लगा कर चाभी चाचा जी को सौप कर घर चला गया। सुबह गाड़ी गायब थी। काफी खोजबीन की परंतु गाड़ी नहीं मिला। नेताजी ने बताया कि आशंका है आस पास के लोगों ने ही मेरी गाड़ी गायब की है। बहरहाल अज्ञात चोरों के खिलाफ लोदीपुर थाना में लिखित आवेदन दी गई है। वहीं लोदीपुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार झा ने कहा कि पीड़ित की ओर से हमें आवेदन मिली है पता लगते ही चोरों के ऊपर सख्त कानुनी कार्रवाई की जाएगी।

22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:38 AM Page 10

5 एकड़ जमीन पर जालसाज भू- माफियाओं की नजर, सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों से मिलकर करते हैं फर्जी जमीनी कारोबार।

भागलपुर समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी)

नकली जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वंशावली,केवाला बनवाकर बन जाते हैं किसी के भी बेटे और बेच लेते हैं उनकी संपत्ति

भागलपुर।भ्रष्ट कानूनी तंत्र की मदद से जीवित औरत श्रुति उर्फ. सुरती कुमारी राय का मृत्यु प्रमाण पत्र बना कर चातर के वर्तमान मुखिया तथा मतदाता सूची के अनुसार जानकी देवी का पुत्र खगड़िया जिला के आलौली प्रखंड के चातर ग्राम का निवासी गुरुदेव सिंह का पुत्र रणधीर सिंह एवं सच्चिदानंद सिंह बेच रहा है विशनपुर जीछो की जमीन और लगा रहा है भोले भाले लोगो को चूना।

बताते चलें कि उपरोक्त व्यक्ति रणधीर सिंह तथा सच्चिदानंद सिंह पेशेवर जालसाज है, जिनके ऊपर 2010 से दर्जनों मुकदमे खगड़िया जिला के अंतर्गत विभिन्न थानों में दर्ज है। दुसरे की जमीन बेच कर प्राप्त रकम से कानूनी तंत्र की धज्जियां उड़ा रहा है। और घूम रहा है बिना किसी डर भय के। न कानून का डर, न लोगो का भय। कानून को अपनी जेब में रख कर घूमना इसका पेशा है। ताजा मामला बीसनपुर जीछो के 5 एकड़ जमीन बेचने का सामने आ रहा है। एक 75वर्षीय औरत जो शादी नहीं की है, उसका फर्जी बेटा बंन कर दो फर्जी भू माफिया उनकी जमीन को खुलेआम बेच रहा है।सरकारी कर्मचारियों से मिलकर जन्म प्रमाण पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र वंशावली से लेकर जमीन के कागजात तक नकली बनवाकर वह गौ रक्षक धंधा करता है और लोगों को चूना लगाने का काम करता है। इसको लेकर सुरती कुमारी सभी पदाधिकारियों के चक्कर काट रही है।चाहे एएसपी हो, सीटीएएसपी हो ,वरीय पुलिस अधीक्षक हो, जिलाधिकारी हो या फिर डीआईजी। बस उन्हें सांत्वना मिल रहा है कि आपका काम हो जाएगा परंतु धरातल पर कुछ भी नहीं हो पा रहा। इन्हें यह भी डर है कि भूमाफिया इसकी हत्या ना करा दे, वह काफी डरी सहमी व भयभीत है। ज्ञात हो इसी तरह के एक अन्य मामले में जिसमे यही दोनो व्यक्ति अपने दादा त्रिवेणी सिंह/त्रिवेणी महतो की जगह रामकिशुन महतो का पोता बन जमीन की बिक्री कर दिया था जिसमे खगड़िया मुफ्फसिल थाना।र१ संख्या - 559/19 में सजा के तहत पिछले एक महीने से खगड़िया के केंद्रीय कारागार में सजा काट रहा था जिसमे कंपोर्माइज के बाद बेल पर रिहा होकर रिहा होकर अब विशनपुर जीछो की जमीन बेच रहा है जबकि सच्चिदानंद सिंह अभी भी खगड़िया के केंद्रीय कारागार में सजायाफ्ता है।

दो दिन पुर्व किसान के घर हुये ताबड़तोड़ फायरिंग में आरोपियों ने कहा उनके ही द्वारा कि गई फायरिंग झुठे केस में फसाने कि धमकी।

भागलपुर समाज जागरण (राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी)।

भागलपुर। सुलतानगंज थाना के गंगापुर में दो दिन पुर्व किसान के घर मे ताबड़तोड़ गोलीबारी मामले मे आरोपी विकास यादव उनके पत्नी सीता देवी,राकेश यादव ,घनश्याम मंडल,जाहुल कुमार ने बताया कि वर्षों से जमीन विवाद राकेश यादव से चल रहा हैं।जयकिशोर यादव व राकेश यादव दोनों मिलकर जमीन का फ्लोटिंग करते थे।जमीन अपने मनमर्जी से बेच देने पर जमीन का हिस्सा मे 22 लाख रुपये नहीं देने पर बार बार गोलीबारी करते हुये झुठे केस में फसाने कि साजिश रची जा रही हैं।जो विडियों में गोलीबारी कि घटना जयकिशोर यादव के पुत्र सोनु यादव द्वारा दि जा रही हैं।जय किशोर यादव कि पत्नी गिता देवी एंव भभोअ संगिता देवी ने जो बयान दिये हैं कि विकास यादव,राकेश यादव,घनश्याम मंडल जाहुल कुमार एंव अन्य दस सहयोगी के द्वारा गोलीबारी कि घटना को अंजाम दिये हैं।वह झुठा हैं।उसी के लोग गोलीबारी कि घटना का अंजाम दिये हैं।जब विकास यादव स्टेशन से मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर वापस आ रहे थे।तभी रणवीर यादव,जालो यादव,सोनु यादव,घारो यादव, रवि कुमार उर्फ छंगुरी यादव,दिलखुश कुमार ने महारानी स्थान के समिप घेर लिये और गोली चलाने पर तभी किसी तरह मोटरसाइकिल से भागते हुए घर वापस आने पर घर पर आकर गोलीबारी करने लगे। जो वीडियो में इसका सबुत साफ दिखाई दे रहा हैं।पुर्व में भी घर पर आकर ये सभी लोग गोलीबारी किये हैं।इस घटना कि जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को देने पर कोई कार्यवाही नहीं होने पर उन लोगों द्वारा गांव में बार बार गोलीबारी कि घटना का अंजाम दे रहे हैं।गांव के लोगों ने बताया कि 30 जुलाई को शाम 4 बजे से 6 बजे तक मे जयकिशोर यादव के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज मे सारी घटना कि सच्चाई सामने आ जाएगी कि गोलीबारी कि घटना को किसने अंजाम दिये हैं।इस घटना कि जानकारी स्थानीय पुलिस प्रशासन को दे दि गई हैं।जो पुलिस प्रशासन द्वारा घर पर आकर पुछताछ किये हैं।लेकिन कोई भी कार्यवाही अबतक नहीं होने पर बार बार आरोपियों द्वारा झुठे केस में फसाने कि धमकी दे रहे हैं।

लायंस क्लब ऑफ भागलपुर फेमिना की ओर से 4 एवं 5 जुलाई को होगा बहुद्देशीय मानसून मेला का आयोजन।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

कई समाज की महिला उद्यमियों द्वारा लगाया जाएगा इस मानसून मेला में अपने उत्पादों की प्रदर्शनी साथ ही करेंगी अपने बनाए सामानों की बिक्री।

भागलपुर। लायंस क्लब ऑफ भागलपुर फेमिना भागलपुर शहर की एक महत्वपूर्ण सेवा संस्थान है, जोकि भागलपुर में विगत कई वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में कई तरह के सेवा कार्य करती चली आ रही है। बताते चलें कि आगामी 4 जुलाई एवं 5 जुलाई को लायंस क्लब ऑफ भागलपुर फेमिना संस्थान के द्वारा बहुद्देशीय मानसून मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भागलपुर शहर के विभिन्न समाज की महिला उद्यमियों द्वारा बनाए अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। साथ ही साथ अपने उत्पादों की बिक्री भी करेंगी। मानसून फेस्ट में लडडू गोपाल ड्रेस, लक्मे कॉस्मेटिक, बेडशीट ,फैंसी राखी, गिफ्ट, बेकरी का सामान, फुटवियर, सूट दुपट्टा ,चटपटी चाट, मिठाई, मसालेदार मुड़ी, गोलगप्पे, आइसक्रीम का स्टोर लगेगा। यह मानसून फेस्ट भागलपुर के टिबरेबाल एसी भवन में 4 जुलाई व 5 जुलाई को आयोजित किया जा रहा है। दो दिवसीय यह कार्यक्रम थीम बेस्ड है, जिसमें 4 जुलाई (सोमवार) को ब्लू ड्रेस एवं 5 जुलाई (मंगलवार) को ग्रीन ड्रेस के थीम पर यह कार्यक्रम किया जाएगा।आज के प्रेस वार्ता में लायंस क्लब ऑफ भागलपुर फेमिना की प्रेसिडेंट लायन रश्मि अग्रवाल, सचिव लायन पल्लवी सिंघानिया, ट्रेजरर लायन रेनू बेजवानी , कोणवेनर के रूप में सारिका खेत्रीवाल, सारीका जैन, सीला जयसवाल, बबीता गुप्ता, मीना चौधरी के अलावे संस्थान की सभी सदस्या मौजूद थीं।

राष्ट्रीय उच्च पथ 80 बदहाल, लोगों को है तारणहार का इंतजार।

भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।

भागलपुर। राष्ट्रीय उच्च पथ 80 जो बिहार के मुंगेर ,भागलपुर ,कहलगांव होते हुए झारखंड के साहिबगंज से लेकर बंगाल के फरक्का तक है। लेकिन जो कहानी आज हम आपको बता रहे हैं वह भागलपुर सबौर से कहलगांव पीरपैंती तक की है। यह मार्ग पहले राजकीय उच्च पथ था जिसे 2001 में राष्ट्रीय उच्च पथ का दर्जा मिला। 310 किलोमीटर लंबी इस सड़क से बिहार के मुंगेर, भागलपुर, झारखंड के मिजाचौकी, साहिबगंज बंगाल के फरक्का समेत कई शहर व इलाके जुड़े हैं।

वर्तमान स्थिति की बात करें तो घोघा से कहलगाँव तक खूनी गड्ढे बन गए हैं जहां लगातार ट्रक और वाहन पलट रहे हैं। बारिश के बाद तो एनएच खेत बन चुका है। ट्रकों के फंसने और गुल्ले टूटने के बाद लगातार जाम से जूझना पड़ता है। इस रास्ते से 30 हजार वाहन हर रोज चलते हैं ,स्कूल बसें चलती है हर किसीको इसका दंश झेलना पड़ता है। हाल ही में इसी सड़क के गड्ढे में मछली भरी पिकअप वाहन पलट गई थी जिसके बाद तलाबनुमा गड्ढे में ग्रामीणों व बच्चों ने जमकर मछलियां पकड़ी।

हर रोज इस एनएच से सफर करने वाले कहलगाँव अनुमंडल निवासी नवीन कुमार हमसे बात करते हुए सरकार के प्रति आग बबूला दिखे उन्होंने कहा कि उम्मीद नहीं है कि यह अब बनेगा , सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है जांच हो तो पता चल जाएगा। सांसद दो साल में अब क्या कर लेंगे। बारिश के मौसम में इस रास्ते से जाना जान जोखिम डालने जैसा है।

एनएच 80 के किनारे घोघा में ही रहने वाले भागलपुर सांसद अजय मंडल जब चुनाव लड़ रहे थे तो उनका बयान था कि 90 दिनों में एनएच 80 दुरुस्त होगा उसके बाद फिर बनने के नाम पर पिचिंग हुआ जो महीने भर में फिर उसी अवस्था मे पहुँच गया। अब सांसद कह रहे है कि एनएच 80 का काम अगले माह शुरू हो जाएगा। बरसात में थोड़ी परेशानी होगी लेकिन बरसात के बाद काम तेजी से होगा और एनएच 80 ऐसा बन जाएगा कि 25 साल तक सोचना नहीं पड़ेगा। इसके बनने में एक हजार करोड़ के करीब लागत आएगी।

भागलपुर जिलाधिकारी सुब्रत सेन ने कहा कि एनएच 80 के लिए दो पैकेज में काम होना है, टेंडर हो चुका है,एजेंसी भी आ चुकी है। मेजर समस्या फॉरेस्ट क्लियरेंस को लेकर आ रही है, प्रोसेस चल रहा है। क्लियरेंस के बाद एजेंसी काम करेगी। सबौर के बाद से कहलगाँव तक गड्ढों को भरने की जरूरत है। कार्यपालक अभियंता से इसको लेकर बात की गई है। 10 दिन के अंदर सभी गड्ढे भर दिये जाएंगे।

समवेत भागलपुर के द्वारा "सुरक्षित बचपन- सुनहरा भविष्य" विषय पर हुआ सेमिनार का आयोजन।

भागलपुर :----समाज जागरण /निभाष मोदी ।

भागलपुर।सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था समवेत भागलपुर एवं बेगूसराय के 60 गांव में बाल अधिकार सुनिश्चितीकरण के लिए जागरूकता और एडवोकेसी का काम कर रही है। इसी कड़ी में आज सुरक्षित "बचपन सुनहरा भविष्य" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। आज के इस सेमिनार में विशिष्ठ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस सेमिनार में राष्ट्रीय स्तर पर बच्चों के सुरक्षा के लिए कार्यरत पीस एंड इक्वलिटी सेल लीगल एक्टिविस्ट की निदेशक अहमदाबाद गुजरात से आई प्रीति झा ने कई बिंदुओं पर मार्गदर्शन किया। साथ ही साथ बाल सहायता केंद्र रेलवे चाइल्ड लाइन भागलपुर की ओर से भी लोगों को जागरूक किया गया। सेमिनार में बाल शोषण पर रोकथाम पर चर्चा की गई, साथ ही यह बताया गया कि बच्चों को दोस्त बना कर रखें तभी वह सारी बातों को आपसे शेयर करेंगे और दुर्घटना होने से बचाव हो पाएगा।साथ ही साथ लोगों को सरकार पर आश्रित होकर नहीं रहना होगा बल्कि समाज में लिंग समानता पर आवाज उठानी होगी। बच्चों के लिए पोक्सो के तहत कई बिंदुओं पर भी वार्ता की गई, कार्यक्रम में समवेत भागलपुर की वर्षा के अलावे असीम कुमार दास, जय शंकर किशन मंडल, छाया पांडे, मनोरंजन के साथ साथ कई अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। साथ ही साथ आज के इस सुरक्षित बचपन सुनहरा भविष्य सेमिनार में शहर के कई गणमान्य समाजसेवी, शिक्षाविद उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का आयोजन चाइल्ड लाइन भागलपुर के द्वारा किया गया।

ग्रामीणों ने शराब सहित तस्कर को पकड़ा फोन के बाद भी नहीं आई पुलिस

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के डगरूआ थाना क्षेत्र के टोली पंचायत में ग्रामीण ने एक शराब तस्कर को शराब के साथ पकड़ा। वहीं ग्रामीणों द्वारा डगरुआ पुलिस को बार बार सूचना देने के बाद भी डगरुआ पुलिस समय पर नहीं पहुँची। जिसके बाद शराब तस्कर शराब छोड़कर फरार हो गया। वहीं टोली पंचायत के वर्तमान सरपंच एवं पूर्व मुखिया ने बताया कि टोली पंचायत में कई लोग देशी विदेशी शराब बेचने का कार्य करते है। इसको लेकर डगरुआ पुलिस को कई बार शिकायत की गई मगर किसी भी शराब बेचने वालों पर कोई कार्यवाई नही हुई। आज जब इसी पंचायत के वार्ड 2 निवासी सुनील कुमार जब शराब लेकर गांव आ रहा था तो ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। जिसके बाद थानाध्यक्ष को इसकी सूचना दी गई, तो उन्होंने छुट्टी पर रहने की बात

बताई। वहीं दूसरे कर्मी को भेजने की बात कहकर फोन काट दिया। कई घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस नहीं पहुँची। वही काफी देर तक शराब बिक्रेता को रोकने के बाद पुलिस नहीं आने पर वह फरार हो गया। पूर्व मुखिया ने बताया कि शराब तस्करी में कहीं ना कहीं पुलिस की मिलीभगत है, जिससे हर गांव में शराब धड़ल्ले से बिक रही हैं। जिससे हमारे समाज के बच्चे पर गलत असर पड़ रहा है। वहीं कई घण्टे बीत जाने के बाद पुलिस मौके पर पहुँच शराब को जब्त कर थाना ले गई। अब सवाल यह उठता है कि शराब पकड़ने का काम पुलिस की है मगर ग्रामीण जब शराब पकड़कर पुलिस को दे रही है तो इसमें भी पुलिस कार्यवाई से कतराती है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों द्वारा लगाए गए आरोप पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान खड़ा कर रही है।

औरंगाबाद में रमेश प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा मनाया गया रमेश प्रसाद सिंह का 103वी जयंती

अजय कुमार पाण्डेय औरंगाबादः (बिहार) रमेश प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट औरंगाबाद द्वारा स्वतंत्रता सेनानी पुर्व सांसद एवं वरीय अधिवक्ता, रमेश प्रसाद सिंह की 103वीं जयंती कन्हैयालाल जैन की अध्यक्षता में मनाई गई! सर्वप्रथम रमेश चौक अवस्थित रमेश बाबू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया! इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रमेश बाबू प्रसिद्ध वकील, समाजसेवी, राष्ट्रप्रेमी भी थे! बारूण क्षेत्र को सर्वप्रथम राजनीतिक नक्शा पर लाने का श्रेय उन्हीं को जाता है! आजादी के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे! सन् 1960 में सांसद में औरंगाबाद लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया था! जन्म 03जुलाई 1920 को हुआ था! उनका प्रारम्भिक शिक्षा गांव के स्कूल में ही हुई थी! सन् 1945 की विधि परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले के नाम भी रौशन किया था! जनसेवा भावना से लायंस क्लब की स्थापना की थी! जिले के कई शैक्षणिक संस्थानों के संस्थापक अध्यक्ष तथा सचिव भी रहे

थे! रमेश चौक औरंगाबाद हृदय स्थल के नाम से मशहूर है! ट्रस्ट द्वारा एक समारोह आयोजित कर यु0पी0एस0सी0 परीक्षा में सफलता पाने वाले सलैया, मदनपुर, औरंगाबाद के अंकित सिन्हा को बुके तथा मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया, और सुखद भविष्य की कामना किया गया! उपस्थित ट्रस्ट सचिव, प्रमोद कुमार सिंह, जिला विधिक संघ अध्यक्ष, रसिक बिहारी सिंह, सीतयोग चैयरमेन कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, पेंशनर समाज अध्यक्ष, जगन्नाथ बाबू, रेडक्रॉस अध्यक्ष, सतीश कुमार सिंह, जिला विधिक संघ महासचिव, नागेंद्र सिंह, चुलबुल सिंह, वरीय अधिवक्ता, अजय कुमार संतोष, मंजूरी सिंह, गुप्ता सिंह, महावीर जैन, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही, अरविंद सिंह, अरुण कुमार , गुप्ता सिंह, शिवनारायण सिंह, मिथलेश कुमार, कृष्णा सिंह,पवन कुमार, अशोक सिंह,जय किशोर सिंह, नरेंद्र सिंह, शशीभुषण सिंह, रामानुग्रह सिंह, रामानुज पाण्डेय, अंकित सिन्हा सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे!

जमीनी विवाद में एडीएम राजेश झा राजा ने कहा मेरे ऊपर लगाया गया इल्जाम बेबुनियाद।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर सिविल कोर्ट मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट में एडीएम राजेश झा राजा पर एक नालसी मुकदमा दायर किया गया है,भागलपुर इशाकचक निवासी परिवादी अमरेन्द्र तिवारी द्वारा सिविल कोर्ट के अधिवक्ता आलय बनर्जी के माध्यम से सीजीएम कोर्ट में एडीएम राजेश झा सहित पांच लोगों को नालसी मुकदमा संख्या 1095/22 सीजीएम कोर्ट में अभियुक्त बनाया गया है।जिसपर एडीएम ने बताया कि उनके ऊपर और अन्य पांच लोगों पर जो केस किया गया है वह पूरी तरीके से गलत है। मामला उनके कोर्ट में आया था जिसमें दोनों पक्षों को नोटिस दी गई थी और एक पक्ष कोर्ट में हाजिर हुए थे और सभी कागजातों की जांच कर फैसला दिया गया था। कहीं से भी कोई गलत नहीं हुआ है। उनका कहना है कि झूठा मुकदमा है बदनाम करने की साजिश है। जिसके लिए वह मानहानि का मुकदमा दर्ज करेंगे।

राजपुर गांव के पंचायत भवन में रह रही महिला ने शरीर में तेल छिड़ककर लगा ली आग, घटनास्थल पर ही हुई मौत।

भागलपुर :---समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

भागलपुर के मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र के बेलखुरिया पंचायत के राजपुर गांव के पंचायत भवन में रह रही महिला सुनीता कुमारी ने आग लगाकर देर रात आत्महत्या कर ली। मृतका गांव के ही पंचायत भवन में रहती थी। वही पति बाहर में काम करते हैं। सुनीता अपनी मां और अपने छह बच्चों के साथ पंचायत भवन में रहती थी। देर रात पंचायत भवन के एक कमरे में अंदर से दरवाजा बंद कर खुद को आग लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वही

गांव में खबर होने पर ग्रामीणों ने दरवाजा तोड़कर जब देखा तो सुनीता की मौत हो चुकी थी। मृतका की मां का कहना है कि वह मानसिक रूप से बीमार थी। जिसके कारण से उसने आत्महत्या की है। वहीं घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

सांख्यिकी स्वयंसेवकों से जाति जनगणना नहीं कराने से रोष

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया जिला के बनमनखी अनुमंडल मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन के समीप सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर के प्रांगण में सांख्यिकी स्वयंसेवकों की एक बैठक आयोजित किया गया. बैठक में उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के अध्यक्ष पंकज कुमार ने कहा कि जातिगत जनगणना कार्य में हम सभी प्रशिक्षित सांख्यिकी स्वयंसेवकों को छोड़कर सरकार ने शिक्षक, मनरेगा कर्मी, जीविका दीदी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से कार्य लेने का निर्णय लिया गया है. जिस निर्णय का हम सभी सांख्यिकी स्वयंसेवकों को योजनाबद्ध तरीके से जोरदार बिरोध करना होगा. तभी सरकार हमारी बात सुनेगी.

उन्होंने कहा कि किसी तरह का गणना कार्य हम सभी प्रशिक्षित सांख्यिकी स्वयंसेवकों का है. जिसमें सरकार द्वारा की जा रही हकमारी बर्दाश्त नही किया जाएगा. इस मामले को लेकर पुर्व में माननीय उच्च

न्यायालय द्वारा आदेश भी पारित किया गया है कि मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवक गणना कार्य हेतु प्रशिक्षित हैं साथ ही इस तरह का कोई कार्य आगे आता है तो मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवकों को प्राथमिकता दी जाएगी, तो फिर क्या कारण है कि सरकार इन सांख्यिकी स्वयंसेवकों को नजरंदाज कर रही है? अगर सरकार मान्यता प्राप्त सांख्यिकी स्वयंसेवकों से गणना कार्य नहीं कराती है तो विवश हो कर हम सभी सांख्यिकी स्वयंसेवकों को माननीय उच्च न्यायालय की शरण में जाना होगा.

इस अवसर पर पंकज कुमार, पवन यादव, गोपाल साह, दिलीप कुमार, मिथिलेश कुमार मेहता, नरेश कुमार, हेमन्त कुमार हिमकर,सुमन राज,गौतम कुमार, मुकेश कुमार, रूपेश कुमार झा, बिन्देसरी रमानी,अभिनीत कुमार, संतोष कुमार, छत्रपति राय, बच्चनदेव चौपाल, संजीत कुमार मुकेश झा, शम्भु कुमार, बिनोद कुमार सहित दर्जनों सांख्यिकी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

छात्र छात्राओं के बीच सेमिनार का आयोजन मौखिक ज्ञान पर बल

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

पूर्णिया कॉलेज के साइंस ब्लॉक में स्नाकोत्तर गणित विभाग द्वितीय सेमेस्टर पूर्णिया विश्विद्यालय पूर्णिया का सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार में डीन ऑफ साइंस डॉ अंजनी कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि थे।अंजनी मिश्रा ने कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को सेमिनार की उपयोगिता ओर उसकी प्रासंगिकता के ऊपर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं को लेखन का ज्ञान तो है मगर जब तक वे मौखिक रूप से अपने ज्ञान का प्रदर्शन नही करेंगे तब वे विद्वान नही हो सकते। सेमिनार में गणित विभाग पूर्णिया कॉलेज तथा पीजी विभाग के छात्र छात्राओं ने दिये गए टॉपिक पर अपना अपना संक्षिप्त व्याख्यान दिए।गणित विभागाध्यक्ष डॉ अश्विनि कुमार मिश्र ने सभी विद्यार्थियों को अपने संबोधन में उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। मंच संचालन गणित विभाग के ड़ॉ नवनीत कुमार कर रहे थे। दिए गए टॉपिक्स पर उन्होंने बारीकी से प्रकाश डाला, वही पूर्णिया कॉलेज के गणित

विभाग के शिक्षक डॉ संजय कुमार छात्र छात्राओं को दिए गए अंको का निर्धारण कर रहे थे। सेमिनार में सभी विद्यार्थियों से टॉपिक पर प्रश्न पूछे जा रहे थे।

ज्ञात हो कि 1 जुलाई से सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक बैन कर दिया गया है।आज 3 जुलाई को इंटरनेशनल प्लास्टिक बैन दिवस पर सभी पीजी विद्यार्थियों को प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में गणित विभाग चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र सह पूर्णिया कॉलेज छात्र नेता अभिषेक आनंद भी उपस्थित थे। उन्होंने भी सभी छात्र छात्रओं की व्यख्यान को सुना।सेमिनार की व्यवस्था गणित विभाग की वॉलिंटियर्स टीम द्वारा की गई थी।आयोजन मण्डली में मुकेश कुमार, अंकित कुमार, बिपुल कुमार, अंकित आनंद, बमबम कुमार, नवाजिश , सौम्या कुमारी, प्रियंका कुमारी, मिन्नी कुमारी,ब्यूटी कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, पूर्णिमा दास, प्रतिभा कुमारी, मुसर्रत साहिन, अवंतिका कुमारी, जितेंद्र कुमार, मोहन राज, खुशबू कुमारी उपस्थित थे।

दोनों पैर से विकलांग पीजी में पढ़ाई कर रहे 26 वर्षीय युवक ने कर ली अपनी जीवन लीला समाप्त।

भागलपुर :---समाज जागरण /निभाष मोदी ।

भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र के सुर्खीकल मोहल्ले के रहने वाले जनार्दन मंडल के घर में किराए पर रहने वाले पीजी की पढ़ाई कर रहे दिव्यांग छात्र संतोष कुमार ने पंखे से लटककर सुसाइड कर लिया। मकान मालिक और मोहल्ले वालों को जब घर से दुर्गंध आने लगा तब लोगों ने जाकर देखा तो अंदर से रूम बंद था, और युवक का शव पंखे से लटका हुआ था। मृतक युवक झारखंड के गोड्डा जिला का रहने वाला था, और यहां पिछले डेढ़ साल से रह कर पढ़ाई करता था। मकान मालिक का कहना था कि वह कब आता था और कब जाता था इसका उन लोगों को पता नहीं रहता था। वही इसका एक मामा जो एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है वह भी साथ में रहता था। लेकिन इसने सुसाइड क्यों किया उन लोगों को मालूम नहीं। वहीं घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है।

पुरसंडा में एक युवक की हत्या गांव में दहशत मौके पर पहुंची पुलिस।

समाज जागरण हलसी अमन कुमार

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरसंडा गांव में शनिवार की देर रात एक युवक की हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया। तथा जिसके जानकारी सुबह होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों को मिली जिससे तालाब के आसपास स्थानीय एवं आसपास के गांव की भारी भीड़ जमा हो गई थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दो दिन पूर्व बगल के गांव सांढ़माफ में भी एक बच्चे की आंखें फोड़ कर हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया गया था। स्थानीय ग्रामीण अभी इस सदमे से उबर भी नहीं पाए थे कि रविवार कि फिर से हुई हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं तथा दोनों बार शव को तालाब में ही फेंका गया है बीती रात घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव के ही मनोज महतो के 19 वर्षीय पुत्र अमन कुमार शनिवार की शाम तकरीबन तीन बजे से ही लापता था।जिसकी खोजबीन उनके परिजनों के द्वारा सभी स्थानों पर खोजबीन की गई लेकिन कहीं से कोई सुराग नहीं मिल पाया गांव के ही स्थानीय ग्रामीणों से मृतक अमन कुमार का शव गांव के ही एक निजी तालाब से स्थानीय ग्रामीणों ने बरामद की तथा इसकी जानकारी स्थानीय हलसी थाना की पुलिस को दी गई।

उक्त घटना की खबर पाते ही स्थानीय हलसी थाना अध्यक्ष अवधेश कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की तहकीकात करते हुए हलसी थाना के पुलिसकर्मियों से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने हेतु लखीसराय सदर अस्पताल भेज दिया है तथा इस हत्या को लेकर हल्सी पुलिस गंभीरता पूर्वक मामले की जांच कर रही है हल्सी पुलिस के



लिए 2 दिनों पूर्व हुई हत्या की गुत्थी भी सुलझ नहीं पाई थी कि फिर से एक हत्या को लेकर हल्सी पुलिस सवालों के घेरे में है लगातार दो हत्या से पुलिस के लिए पहेली बन गई है और लगातार दूसरी हत्या हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं घटना को लेकर मृतक के परिजनों में दहशत सा माहौल है । लगातार हुई दो हत्या से हलसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी ग्रामीण काफी खौफजदा है खैर इसका खुलासा तो पुलिस नहीं कर पाएगी अब देखना यह है यह थाना क्षेत्र अंतर्गत दो हत्याओं के रहस्य पर से पर्दा कब उठता है

जिला स्थापना दिवस पर देव वृक्ष पीपल का पौधारोपण

समाज जागरण लखीसराय

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा लखीसराय जिला के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर लखीसराय जिले के चानन प्रखंड क्षेत्र के बिछवे गांव में देव वृक्ष पीपल का पौधारोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक, पर्यावरण भारती के संस्थापक एवं अखिल भारतीय पेड़ प्रकल्प टोली सदस्य राम बिलास शान्डिल्य ने बताया कि 3 जुलाई 1994 को बिहार राज्य में लखीसराय एक नये जिला के रूप में अस्तित्व में आया था। इसके पहले यह मुंगेर जिला का एक अनुमंडल था। लखीसराय पाल वंश के समय एक प्रतिष्ठित धार्मिक केन्द्र था बौद्ध साहित्य में लखीसराय को अंगुतरी के नाम से जाना जाता था। इसका अर्थ है--जिला।

प्राचीन काल या महाभारत काल में लखीसराय अंग प्रदेश का सीमांत क्षेत्र था। पाल वंश के समय यह कुछ समय के लिए राजधानी भी रह चुका है। 2011 की जनगणना के अनुसार लखीसराय जिला की आबादी 10 लाख 912 थी।

लखीसराय शहर कियूल नदी किनारे बसा हुआ है। 1947 में भारत विभाजन के पश्चात सिक्ख बन्धु लखीसराय शहर में आये। कियूल नदी में मीठे जल होने के कारण रेलवे लाईन के दक्षिण में बस गए। आज पंजाबी मुहल्ला के नाम से विख्यात है। उनका एक पवित्र गुरूद्वारा भी वहाँ है।

लखीसराय बौद्ध साधु संतों का केन्द्र बिन्दु रहा है। आज लाल पहाड़ी पर खुदाई के दौरान बौद्ध कालीन अवशेष मिले हैं।

लखीसराय व्यावसायिक केन्द्र रहा है। राजस्थान से आकर स्व चिरंजीवी ड्रोलिया ने रंग, अबीर, गुलाल के कारखाने लगाये। आज भी यह उद्योग जीवित है।

लखीसराय जिला स्थापना दिवस पर देव वृक्ष पीपल का पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्मरणीय कार्य है। आम नागरिक बर्षा ऋतु में घरों के आसपास पौधारोपण कर पर्यावरण संकट को दूर करने में सहभागी बनें।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के पौधारोपण कार्यक्रम में राकेश कुमार महतो, अमरेंद्र कुमार, आयूष कुमार, मनीष कुमार, रौनक कुमार, शिवम कुमार, प्रीतम कुमार, छोटू कुमार इत्यादि ने भाग लिए।

साइकिल से बिहार भ्रमण पर निकली अपर्णा का जदयू नेताओ ने किया स्वागत

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

महिला सशक्तिकरण को बढावा देने के उद्देश्य साइकिल से बिहार यात्रा पर निकली अर्पणा सिन्हा का आज जदयू कार्यालय में दर्जनो जदयू नेताओ और समाजिक कार्यकर्ताओ के द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया।

साईकिल से अपर्णा का बिहार के 38 जिले में पूर्णिया 9 वां जिला है जिसका सफर तय करेगी। उन्होने ने बताया कि महिलाओ को स्वतंत्र और आत्मबल बनने की प्रथा ताकि वो स्वय निर्णय ले सके और साथ किसी पारिवारिक और सामाजिक प्रतिबंध के अपने जीवन को संभाल सके। इतना ही नहीं उन्होने सरल शब्दो में कहा कि महिलाओ को अपने स्वयं या व्यक्तिगत विकास की जिम्मेदारी लेने का अधिकार हो। इसी उद्देश्य से मै आप सभी के आशीर्वाद से पिछ्ले महिने के 26 जून से बिहार के 38 जिले के सफर पर निकली हूँ।

अपर्णा बिहार के नालंदा जिले बिहार शरीफ की रहने वाली है। साइकलिंग में अपर्णा कई मैडल हासिल कर चुकी है।

पूर्णिया पहुँचने पर जदयू के जिलाध्यक्ष श्री प्रसाद महतों ने जदयू कार्यालय पूर्णिया में आर्थिक सहयोग व अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। वही उपस्थित जदयू के दर्जनो वरिष्ठ नेताओ और कार्यकर्ताओ ने बुके और फूल माला देकर भव्य स्वागत किया ।

जमीनी विवाद में युवती हुई घायल

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत निस्ता गांव निवासी अनिल यादव की पुत्री पूजा कुमारी ने अपने ही परिवार के सदस्यों के ऊपर मारपीट कर सर फोड़े जाने को लेकर आरोप लगाया है जिसमें घायल पूजा कुमारी को सर में काफी गंभीर चोटें आई जिसको लेकर स्थानीय निजी क्लीनिक में इलाज कराए जाने के बाद मारपीट की घटना को लेकर सूर्यगढ़ा थाने में आवेदन देने की बात बताई गई है इस संदर्भ में घायल पूजा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया गया की जिसमें अपने पिता अनिल यादव एवं अपने भाई सकलदीप कुमार को भी मारपीट कर घायल करने का आरोप रतन यादव शिवम कुमार कन्हैया यादव ललन यादव पुना यादव जूना यादव कुमार नितीश शैलेश यादव रामबली कुमार नितीश कुमार वकील यादव अवध यादव पर लगाया पूजा कुमारी ने आरोप लगाते हुए बताया कि जान से मारने की नीयत से मेरे सर पर लाठी डंडे से से प्रहार कर मेरा सर फोड़ दिया एवं मेरा भाई एवं पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया जिसको लेकर घायल पूजा कुमारी एवं उसके भाई के द्वारा सूर्यगढ़ा थाने में आवेदन देने की बात बताई गई है

साइकिल सवार युवक हुआ जख्मी

सूर्यगढ़ा समाज जागरण

स्थानीय पटेलपुर पुल पर बाइक सवार और साइकिल सवार युवक की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई इसमें साइकिल सवार युवक को काफी गंभीर रुप से चोटें आई है तथा जिसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल युवक को सूर्यगढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर ले जाया गया जहां कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा युवक की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए बेगूसराय जिला रेफर किया गया जबकि उक्त घटना को लेकर बाइक सवार युवक घटनास्थल से फरार बताया जा रहा है घायल युवक की पहचान पीयूष कुमार पेशर शंभू प्रसाद के रूप में की गई है तथा बेगूसराय जिले के सरलाही गांव का रहने वाला बताया जा रहा है जोकि अपने घर सरलाही से सूर्यगढ़ा की ओर आ रहा था तभी बीच रास्ते में ही दुर्घटना का शिकार हो गया है

जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अधिवक्ताओं ने अंकित सिन्हा को किया सम्मानित।

दैनिक समाज जागरण केशव कुमार सिंह जिला रिपोर्टर औरंगाबाद।

जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह महासचिव नागेंद्र सिंह, स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने युपीएससी में 472वे स्थान लाकर जिले के मान सम्मान बढ़ाने वाले अंकित सिन्हा को बुके देकर माला पहनाकर स्वागत किया और शुभ कामनाएं दी,इस अवसर पर वरीय अधिवक्ता अजय कुमार संतोष, युवा अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही उपस्थित थे,जिला विधिक संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह ने कहा कि अंकित सिन्हा सलैया मदनपुर के निवासी हैं , मध्यम वर्ग से आते है, अपनी प्रतिस्पर्धा के पांचवे प्रयास में 2021 में सफलता अर्जित किया, जो आज के युवाओ को संदेश देता है कि असफलता से डरें नहीं, परिश्रम और लगन से मंजिल तय करें , अंकित सिन्हा ने कहा कि मैं 2016 मैं स्नातक कर नेट कर दो साल नोकरी कि में संतुष्ट नहीं था अब मुझे मंजिल मिल गई है

राजद ने किया सदस्यता अभियान की समीक्षा

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के विभूतिपुर राजद प्रखण्ड कमिटि की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर कल्याणपुर मे प्रखंड अध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव के अध्यक्षता मे संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए ललन यादव विधानसभा प्रभारी ने कहा कि 15 जुलाई तक सदस्यता अभियान चलाना है। वहीं प्रखंड प्रभारी राजेश्वर महतो ने कहा कि पंचायत वार संगठन को मजबूत किया जाए। बैठक को जिला पार्षद सदस्य ममता कुमारी ने प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार को लेकर आवाज उठाने की बात कही गयी। बैठक को रविंद्र यादव,राजन कुमार,मंटू राय,युगेश्वर सिंह,राज कुमार राम, कमल राम,उप मुखिया केराई के मनोज कुमार सिंह,सत्येंद्र यादव आदि लोगों ने संबोधित किया।

भारतीय भ्ष्टार्चार निर्मूल संघर्ष समिति के सुपौल प्रखंड अध्यक्ष पद का मनोनयन जिलाध्यक्ष के द्वारा किया गया।

दैनिक समाज जागरण/किशनपुर संवाददाता मो0रिजवान।

किशनपुर अखिल भारतीय भ्ष्टार्चार निर्मूल संघर्ष समिति के सुपौल प्रखंड अध्यक्ष पद का मनोनयन जिलाध्यक्ष के द्वारा किया गया। सनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित अखिल भारतीय भ्ष्टार्चार निर्मूल संघर्ष समिति के कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा सुपौल प्रखंड के लिए सुपौल निवासी कमल किशोर को सुपौल प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया गया। जहां श्री सिंह ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष के उज्वल भविष्य का कामना करते हुए कहा कि क्षेत्र में निष्ठा पूर्वक अपने कार्य को करेंगे। वहीं नव मनोनीत प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि जो दायित्व मुझे सौपा गया है। उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ करूंगा। तथा अपने प्रखंड को भ्ष्टार्चार मुक्त करवाने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर किशनपुर प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार ,शिवम कुमार, मो खालिद, आशीष सिंह, विनोद कुमार चौधरी, महेश गोस्वामी, दुर्गा सादा, लक्ष्मण साह सहित अन्य मौजूद थे।

उत्तरी और दक्षिणी कोर को जोड़ने वाला पुल का पुल अपने स्थान पर लाया गया लोगों में हर्ष की लहर।

पीरपैंती :---समाज जागरण /केदारनाथ पाण्डेय

मालदा डिवीजन के साहिबगंज भागलपुर रेल खंड के बीच उत्तरी और दक्षिणी पथ को जोड़ने वाला नया-नया कंट्रक्शन डिपार्टमेंट के सिविल इलेक्ट्रिकल और जनरल इंजीनियरों की पूरी टीम मुस्तैद थी। बंगाल से 40 मजदूर और झारखंड से 35 मजदूर लगातार सुबह 10:00 बजे से काम शुरू किया गया और शाम 6:00 बजे कंट्रक्शन को जोड़ा गया। आर ओ बी 91 को अपने निर्धारित स्थान पर लाया गया। जुलाई के प्रथम सप्ताह तक पैदल आवागमन चालू हो जाएगा। लोगों में खुशी की लहर है । मुखिया प्रतिनिधि रंजीत साह रेलवे डिपार्टमेंट रेलवे डिपार्टमेंट को बधाई दिया और कहा देर से ही सही लेकिन दुरुस्त काम हुआ। शिवलक तिवारी, मुन्ना चौधरी ,कैलाश डॉक्टर, बजरंगी साह, लक्ष्मण भगत, प्रकाश तांती,इत्यादि ने रेल विभाग को बधाई दी। रामानंद कतारुका, काशी कतारुका ,अशोक कतारुका, इत्यादि ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब आम जनता का दुख दूर हो जाएगा ।लोगों ने रेल प्रशासन से मांग की 14 जुलाई के पहले पैदल पथ चालू कर दिया जाए क्योंकि प्रसिद्ध मनोकामना स्थान मंदिर उत्तरी छोर पर ही है ।जो लोगों का आस्था का केंद्र है। पुल टूटने के बाद लोगों का भगवान से संबंध भी कट गया था लेकिन अब पुनः लोग उत्साहित है कि सावन के महीने में लोग आसानी से पूजा पाठ कर सकेंगे।

खेत मजदूर, बेरोजगार को धोखा दे रही है मोदी नीतीश -संजय अनुरागी ।

समाज जागरण लखीसराय

प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अमहरा के ग्राम अमहरा में काली स्थान के निकट चबूतरा पर भाकपा माले के जन संगठन अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा की बैठक की गई ।बैठक की अध्यक्षता कॉमरेड उमेश साव ने किया ।बैठक में ब्रह्मदेव पासवान, राम यादव लीवर यादव बीजो पासवान,राजेन्दर राम भगीरथ यादव महेन्द्र साव धर्मेन्द्र मॉझी कृष्ण मॉझी नकुल मॉझी रघुनन्दन मॉझी किशोरी मॉझी बिपो मॉझी शिवन मॉझी मनोज मॉझी साजो शर्मा चामो मंडल रामेशर मंडल अजीत साव गरीब साव प्रमोद मंडल सहित कई ग्रामीण मजदूर किसान नौजवानों ने भाग लिया ।बैठक को संबोधित करते हुए कॉमरेड संजय कुमार अनुरागी भाकपा माले के वरिष्ठ नेता सह अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ने कहा है कि आज पूरे देश नाजुक स्थिति के दौर से गुजर रही है ।एक ओर मोदी सरकार पूरे देश की सरकारी संपत्ति को बेच कर विदेशी कंपनी को मुनाफा देकर देश में कंपनी राज लाकर गरीबों बेरोजगारों के ऊपर हमला कर रोजगार को छीन रही है और एक ओर दलितों पिछड़ों नौजवानों अल्पसंख्यकों पर हमला कर सामंती साम्प्रदायिक फासीवाद ताकतों को मजबूत कर देश को हिन्दू मुस्लिम के नाम पर बॉटना चाहती है ।वहीं बिहार में नीतिश कुमार की सरकार गरीबों महादलितों बेरोजगारों को रोजगार देने में फेल हो गई है खेत मजदूर, मनरेगा मजदूरों को 100दिन भी काम नहीं दिया गया है न ही गरीबों महादलितों को बसने के लिए 5डिसमिल जमीन दी गई है ।श्रीअनुरागी ने कहा है कि अमहरा पंचायत के अमहरा गॉव के पास स्टेट बोरिंग के खराब हो जाने के कारण किसानों के कारण किसानों के बीच खेती करने में संकट पैदा हो गई है ।संबंधित पदाधिकारी को जानकारी देने के बावजूद भी पदाधिकारी बहरी बनी हुई है ।वहीं मनकट्ठा रेलवे स्टेशन के पर कई रेलगाड़ी नहीं रूकने के वजह से यात्रियों को संकट का सामना करना पड़ता है अनेकों गरीबों खोमचेवालों का रोजगार छीन लिया गया है ।अनुरागी ने कहा है कि लखीसराय के विधायक विजय कुमार सिन्हा विधान सभा के अध्यक्ष रहने के बावजूद आज लखीसराय प्रखंड हो या जिला के संबंधित पदाधिकारी सभी विकास कार्य को पिछड़ा बनाकर रखे हुए हैं ।संबंधित पदाधिकारी योजनाओं को कागज पर ऑडिट कर खानापूर्ति कर इति श्री कर देते हैं परंतु सरजमीन पर योजनाओं की जॉच नहीं करते हैं ।लखीसराय जिला में कमीशनखोरों और अफसर शाही का बोलबाला की वजह से योजनाओं में भारी पैमाने पर लूट जारी है ।अनुरागी ने कहा है कि अमहरा गॉव की जनता गरीब किसान नौजवानों खेत मजदूर सभा की सदस्यता ग्रहण कर कहा है कि ऐसे भ्रष्ट अफसर और गरीबों के अधिकार को लूटने वाला के खिलाफ हमलोग सभी एकताबद्ध होकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए मुकाबला करने के लिए तैयार हैं ।संजय कुमार अनुरागी ने कहा है कि आज जरूरत है मोदी नीतिश सरकार के खिलाफ सभी गरीबों किसानों छात्रों मजदूरों नौजवानों अल्पसंख्यकों की जन गोलवंदी ताकत ही मुकाबला कर मुँहतोड़ जवाब दे सकती है ।

पूर्व पंचायत समिति की लंबी बीमारी से निधन

समाज जागरण चानन

प्रखंड क्षेत्र के भलुई पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पंकज कुमार शर्मा की लंबी बीमारी के कारण पीएमसीएच पटना बीती रात्रि उनकी मौत हो गई जैसे ही उनकी मौत की खबर परिजनों को पता चला तो घरों में कोहराम मच गया रोने की आवाज सुनकर आसपास पड़ोस के लोग दौड़ते हुए उनके घर पर पहुंचे और परिवार को तसल्ली देने में लगे हुए थे जब सुबह हुई तो सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण तथा जनप्रतिनिधि उनके पार्थिव शरीर को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी इस द्दश्य को देखकर सभी की आंखें नम थी पंकज की मौत की खबर सोशल मीडिया पर उसी समय से वायरल होने लगे लोग उनके बारे में जानकारी जुटा रहे थे बताते चलें कि पंकज कुमार शर्मा 2015 में भलुई पंचायत से पंचायत समिति सदस्य चुने गए थे और 2020 तक भलुई पंचायत का सेवा दिए उनके स्वभाव से पंचायत वासी कायल थे जब भी किसी से मिलना जुलना होठों पर मुस्कान लेकर मिलते थे यही यादें सभी को रुला रहा था वही माता बन्नी देवी पत्नी मीना देवी बेटी सिमरन बुलबुल पूजा पुत्र शिवम कुमार सिकेश कुमार का रो रो कर बुरा हाल था वही पिता राजेंद्र शर्मा कुछ वर्ष पहले दरोगा के पद से रिटायर हुए थे वह सिर्फ इतना बोलते हैं की मरना मुझे चाहिए था लेकिन मेरे लाल कैसे दुनिया छोड़कर चले गए पंकज के निधन से पूर्व मुखिया उपेंद्र प्रसाद वर्मा वर्तमान मुखिया प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश यादव प्रदीप पासवान संग्रामपुर के मुखिया दीपक सिंह मलिया के मुखिया डब्लू पासवान कुंदर पंचायत के मुखिया प्रभादेवी सहित अन मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों में शिवनंदन बिंद निरंजन पासवान ईटान पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बेबी देवी सहित दर्जनों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहां की ऐसे स्वभाव के लोग बहुत कम मिलते हैं

भाकपा का शाखा सम्मेलन आयोजित

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के विभूतिपुर अंचल के चकहबीब शाखा का शाखा सम्मेलन शाहपुर मुशहरी में कॉमरेड रुदल सदा के दरवाजे पर कॉमरेड रामचंद्र महतो एवं कॉमरेड निर्मला देवी के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। सम्मेलन में शोक प्रस्ताव कॉमरेड जंग बहादुर के द्वारा पेश किया गया। वहीं कार्य रिपोर्ट कॉमरेड सुनील कुमार के द्वारा पेश किया गया। सम्मेलन में बहस में कॉमरेड रामदयाल महतो,कॉमरेड भोला सदा,महेंद्र महतो, सुनील कुमार,महेंद्र पासवान,धनंजय मिश्रा इत्यादि ने भाग लिया। सम्मेलन में राजनीति की रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा करते हुए राज्य परिषद सदस्य कॉमरेड गजेंद्र प्रसाद चौधरी ने मजदूरों के हक को वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा एक-एक कर समाप्त करने एवं आंदोलन से प्राप्त अधिकारों को लूटे जाने पर विस्तार से चर्चा किया। वहीं वर्तमान में अग्निवीर योजना की कमियों पर प्रकाश डाला। इस योजना को शिक्षित बेरोजगारों के लिए अभिशाप बताया और बेरोजगारों से आंदोलन के लिए आगे बढ़ने का अपील किया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से नए शाखा सचिव के रूप में फिर कॉमरेड जंग बहादुर महतो को एवं सहायक शाखा सचिव के रूप में कॉमरेड राम दयाल महतो को चुना गया। समापन भाषण कॉमरेड शंभू प्रसाद सिंह ने किया।

लूट कांड के तीन अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य भेजे गए जेल।

दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन। सुपौल जिला के किशनपुर थानाक्षेत्र मे लगातार हो रहे छिनतई को लेकर किशनपुर पुलिस ने तीन आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गुरुवार को भी किशनपुर गोल चौक पर एक महिला द्वारा बैंक से रुपया निकालकर घर जाने के क्रम में अंतरराज्यीय छिनतई गिरोह के सदस्य झोला में रखे रुपया छीनकर फरार हो गया। जहां किशनपुर पुलिस के ततपरता से तीन अभियुक्त को गिरफ्तार करने मे सफलता मिला। जिसे सिसौनी एटीएम के निकट रेकी करते हुए धर दबोच लिया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि इस बीच झपट्टा मार गिरोह के सदस्य के इलाके में सक्रिय रहने से बैंक से रुपया निकालकर जाने वालों का गाढ़ी कमाई लुटा जा रहा था। जहां पुलिस भी पूरी सक्रियता से इन गिरोहों के ऊपर नजर रख रही थी। इधर गुरुवार को भी किशनपुर गोल चौक पर नेमनमा निवासी मो0 यूनुस साफी के पत्नी काजल खातून एसबीआई किशनपुर से पचास हजार रुपए निकालकर घर जा रही थी। जहां घर जाने के क्रम इन गिरोह के सदस्यों ने झोला में रखे रुपया छीनकर भाग निकला। जहां उक्त महिला के आवेदन पर कांड संख्या 164/22 दर्ज कर छानबीन की जा रही थी। इसी क्रम में शनिवार को तीन व्यक्ति को सिसौनी एटीएम के निकट रेकी करते पकड़ा गया। सन्देह के आधार पर पकड़े गए तीनों व्यक्ति से सख्ती से पूछताछ करने पर अपना नाम बीजू प्रधान पिता गणेश प्रधान, विजय प्रधान पिता कुशो प्रधान ग्राम दशमिनिया एवं कुसुम दिलीप पिता विजय कुसुम ग्राम मुंडवाड़ा, थाना कलिंग नगर जसपुरा, जिला जाजपुर, उड़ीसा बताया। उन लोगों ने बताया कि हम लोगों ने हीं गुरुवार को किशनपुर गोल चौक से रुपया छीनकर भागे थे। जिस पर बताया छीने गए राशि खर्च कर लिए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि ये लोग कहने के नाम पर कपड़ा बेचने का काम करता है। लेकिन ये लोग विभिन्न बैंक, एटीएम पर नजर रख रुपए निकालकर जाने वालों से छीनकर फरार हो जाता है। ये लोग सदर थाना में भी इस तरह का घटना को अंजाम दे चुका है।

टाल फसल सुरक्षा समिति के सदस्यों ने वृक्षारोपण कर मनाया स्थापना दिवस

समाज जागरण सूर्यगढ़ा

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टाल फसल सुरक्षा समिति की बैठक रविवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनी पार दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित की गई टाल फसल सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक प्रत्येक सप्ताह के रविवार को आयोजित की जाती है जिसमें ताल सुरक्षा समिति के सभी सदस्य शामिल होते हैं तथा रविवार की हुई बैठक की अध्यक्षता कृष्णचंद्र महतो की अध्यक्षता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनीपार दुर्गा मंदिर परिसर में हुई। टाल फसल सुरक्षा समिति के महासचिव सह प्रभारी प्रधानाध्यापक संदेश पटेल उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोनीपार के नेतृत्व में समिति कार्यकारिणी सदस्यों ने मंदिर परिसर में रविवार को लखीसराय के जिला के 28 वां स्थापना दिवस को लेकर वृक्षारोपण कर मनाया गया उक्त मौके पर उपस्थित समिति के पदेन अध्यक्ष कृष्णचंद्र महतो उपाध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह संयुक्त कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सीता राम महतो एवं सुभाष वर्मा अभिभावक सदस्य कमलेश्वरी महतो देवनारायण प्रसाद पंचायत समिति सदस्य अवध किशोर वरुण रजक रोहित कुमार सुबोध कुमार दिवाकर रंजन अभय कुमार प्रवीण कुमार पंकज अरुण कुमार अनिल चौहान मनोहर वर्मा सत्यनारायण महतो भुवनेश्वर महतो परमानंद महतो रविभूषण सिन्हा राजेश कुमार रौशन सुरेन्द्र महतो विपिन महतो उमेश महतो दिनेश कुमार सन्नी पटेल सरमित कुमार किसान सदस्यों अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जिले में विभिन्न क्षेत्रों के विकास आदि कार्यों पर चर्चा की गई है। समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों ने टाल फसल के क्षेत्र में चर्चा करते हुए वार्षिक सदस्यता शुल्क संग्रह पर विशेष बल दिया गया।साथ ही साथ समिति के स्थापना दिवस 23 जुलाई मनाने का प्रस्ताव सदन में रखा गया।

जिला स्थापना दिवस पर सम्मानित किए गए अंगद कुमार

समाज जागरण लखीसराय

शहर के राजकीय पॉलिटेकनिक लखीसराय के ब्रांच मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र अंगद कुमार, सेशन 2018 - 21 में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक उपलब्धि हासिल की है जिसके फलस्वरूप लखीसराय जिला के 28 वां स्थापना दिवस के अवसर पर लखीसराय जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के द्वारा टॉपर अंगद कुमार को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस संदर्भ में टॉपर अंगद कुमार ने विशेष बातचीत के दौरान बताया कि मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा कंपटीशन सिर्फ लखीसराय जिला के बच्चों के बीच नहीं था बल्कि मेरा कंपटीशन पूरे बिहार के विभिन्न स्कूल और कॉलेज से दाखिल, राजकीय पॉलीटेकनिक लखीसराय के छात्रों के बीच था जिसमें ज्यादातर छात्र 12वीं और कुछ छात्र ग्रेजुएशन करके आए हुए थे लेकिन वर्ष 2018 में बिहार बोर्ड से 10वीं पास कर इस संस्थान में दाखिल हुआ था, हालांकि शुरूआती समय में मेरा प्रदर्शन उतनी अच्छी नहीं थी लेकिन धीरे-धीरे सारे चीजों को समझा और लगातार कड़ी मेहनत के बलबूते कॉलेज टॉपर बनने का सौभाग्य मिला एवं साथ ही उन्होंने अपनी टॉपर होने का श्रेय कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के रंजन और ब्रांच मैकेनिकल इंजीनियरिंग के एचओडी प्रो सूरज कुमार के साथ-साथ पूरे कॉलेज परिवार को दिया, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर इस लक्ष्य तक पहुंचाने का कार्य किए है। टॉपर अंगद कुमार लखीसराय शहर के इंग्लिश वार्ड संख्या तीन के बच्चू यादव के पुत्र है जिन्होंने वर्ष 2018 में पी वी हाई स्कूल लखीसराय से 10वीं पास कर राजकीय पॉलीटेकनिक लखीसराय में नामांकन लिया और अपनी मेहनत और संघर्ष के बलबूते कॉलेज टापर बना। जिला अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिए जाने को लेकर उनके परिजन एवं उनके सगे संबंधी एवं मित्र जनों में काफी हर्ष व्याप्त है

पूसा बाजार के दलित परिवार का घर व उसमें रखे सामान को अतिक्रमण से मुक्त कराए प्रशासन :- माले

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर- पूसा बाजार के दलित-गरीब परिवार का घर व उसमें रखे सामान को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग प्रखंड प्रशासन से भाकपा-माले ने बैठक कर की है। रविवार को प्रखंड के महमदपुर देवपार में भाकपा-माले की अतिक्रमण से पीड़ित परिवारों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने की। बैठक में पीड़ित दलित-गरीब परिवारों से विस्तार से भाकपा-माले नेताओं ने जानकारी ली। इस संबंध में अतिक्रमण से पीड़ितों ने बताया कि वे लोग सपरिवार लगभग चार वर्ष से दिल्ली में रहकर मजदूरी करते थे। इस बीच यहाँ के लोगों से जानकारी मिली कि उनका घर व उसमें रखे सामान को बगल के पूंजीपति परिवार ने अतिक्रमण कर कब्जा जमा लिया है। दिल्ली से यहाँ आकर देखा तो बात शत प्रतिशत सत्य निकली।अतिक्रमणकारियों के द्वारा यहाँ घर में रहने भी नहीं दिया जा रहा है। मेरे ही घर से हम लोगों को निकाल दिया गया और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में पूसा थाना में आवेदन भी दिया गया है। आवेदन में मुन्ना पासवान ने विमल चौधरी,शिमल चौधरी,श्रीमल चौधरी, निरमल चौधरी को आरोपित किया है।आवेदन में मुन्ना पासवान ने घर व उसमें रखा लाखों रुपये का सामान अतिक्रमणकारी के द्वारा लूटने का जिक्र किया है। कहा है कि मेरे पिता स्व. पल्टू पासवान के नाम से बासगीत पर्चा द्वारा मिला हुआ है। 1984 ई० से मालगुजारी रसीद समेत बासगीत पर्चा की छायाप्रति भी उन्होंने थाने में आवेदन के साथ दिया है। वहीं भाकपा-माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा है कि पीड़ित परिवार के घर को अतिक्रमण से मुक्त प्रखंड प्रशासन यथाशीघ्र कराए। अन्यथा भाकपा-माले आंदोलन को बाध्य होगी। बैठक में माले नेता रविन्द्र सिंह,राजाराम सिंह समेत साधा देवी, राधा देवी,शांति देवी, ऊषा देवी,इन्नर देवी आदि मौजूद थीं।

बिजली संकट के खिलाफ किया एनएच 28 कोल्ड स्टोरेज चौक जाम

दैनिक समाज जागरण समस्तीपुर,संजय कुमार सिंह

समस्तीपुर-जिले के ताजपुर में जारी भीषण बिजली संकट के खिलाफ स्थानीय लोगों ने रविवार को एनएच-28 कोल्ड स्टोरेज चौक सांकेतिक रूप से जाम कर दिया। इससे सड़क के चारों ओर गाड़ियों का तांता लग गया। मौके पर जमाकताओं ने अपने-अपने हाथों में मांगों से संबंधित नारे लिखे तख्तियां,ताजपुर जेई का पूतला आदि लहरा रहे थे। जाम को वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों ने सहयोग दिया।मौके पर संजीत कुमार तिवारी,विकास कुमार, अनचिंत कुमार,गोलू कुमार,गौतम कुमार, अभिषेक कुमार,राहुल कुमार,दीवाकर कुमार आदि ने समाजसेवी अनिकेत कुमार अंशु एवं भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सड़क जाम आंदोलन चलाया। वहीं ताजपुर जेई का पूतला फूंककर विरोध जताते हुए नियमित विधुत आपूर्ति नहीं होने पर अनिश्चितकालीन विधुत ग्रीड घेराव एवं सड़क जाम आंदोलन चलाने की घोषणा की गई।

मौके पर अनिकेत कुमार अंशु एवं सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि करीब एक सप्ताह से बिजली संकट के कारण लोगों के घरों में नलजल का पानी आपूर्ति बाधित था।भीषण गर्मी में पंखा नहीं चलने के कारण लोग ठीक से सो नहीं पाते थे। मानसून की पहली वारिस में ही कर्बला पोखर,थाना चौक का ट्रांसफार्मर ओवरलोड के कारण जल गया था। मोतीपुर एनाएच किनारे 11 हजार वोल्टेज का जर्जर तार टूट कर गिर गया था। मोतीपुर विश्वकर्मा चौक,गांधी चौक समेत नभड के कारण हमेशा खराब होता रहता है। कई ट्रांसफार्मर का कहीं बुश तो कहीं फ्यूज,हैंडल एवं स्वीच आदि खराब है। शिकायत को दूर करने में जेई दिलचस्पी नहीं रखते। अगर हरेक प्रकार की गड़बड़ी सुधार कर नियमित बिजली आपूर्ति नहीं की जाती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

महान स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी एवं परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का जयंती मनाया गया।

दैनिक समाज जागरण हाजीपुर बैशाली

हाजीपुर(वैशाली)अति पिछड़ा मुस्लिम संगठन महुआ के तत्वावधान में शक्ति उत्सव हॉल पंच मुखी चौक निकट कोल्ड स्टोर में बड़े धूमधाम से महान स्वतंत्रता सेनानी बाबा ए कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी एवं 1965 के भारत पाक जंग के नायक परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का जन्म दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सभी लोगों ने इन दोनो महापुरूषों को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजली अर्पित किया।कार्यक्रम की शुरूआत कारी जावेद अख्तर फैजी के तिलावत ए कुरान से हुई।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्मान शाह एवं संचालन एजाज आदिल शाहपुरी ने की।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर इन्जीनियर शैलेन्द्र मंडल,राष्टीय अध्यक्ष शहीद रामफल फल विचार मंच,मुख्य वक्ता डाल प्रोफेसर हबीबुल्लाह अंसारी ए एन सिन्हा समाज शोध संस्थान पटना,विशिष्ट अतिथि डॉक्टर मोहम्मद शमीम अंसारी,एमडी आसमा अस्पताल महुआ,डॉक्टर सत्यनारायण शर्मा अध्यक्ष लोहार कल्याण समिति,अशोक राम अध्यक्ष भारतीय रविदास नव निर्माण मंच,वक्ता डॉक्टर नूर हसन आजाद संयोजक,हेशामुद्दीन अंसारी अति पिछड़ा मुस्लिम संगठन बिहार,प्रोफेसर वायजुल हक,डॉक्टर मोहम्मद कलीम अशरफ,पातेपुर प्रखंड के राजद अध्यक्ष मकबूल अहमद शहबाजपुरी,डॉक्टर जाकिर मंसूरी,मास्टर अजीमुद्दीन अंसारी,मास्टर अब्दुल कादिर,मास्टर तजम्मुल हुसैन,राजू वारसी अध्यक्ष इंसाफ मंच वैशाली,अनिल पासवान पातेपुर,गुलाम मुस्तफा नाड़ी खुर्द,बच्चा बाबू पैक्स अध्यक्ष महुआ,मास्टर मोनीरूद्दीन अंसारी,विनोद चौधरी,मोती प्रसाद लोहार मंच आदि ने संबोधित किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्जीनियर शैलेन्द्र मंडल ने कहा कि भारत के मूल निवासी हम अति पिछड़ा ही है।इतिहास गवाह है कि भारत और पाकिस्तान की बात चल रही थी उस वक्त आपात घड़ी मे बाबा ए कौम अब्दुल कय्यूम अंसारी के नेतृत्व में चालीस हजार अति पिछड़ा मुस्लिम और अति पिछड़ा हिन्दु वर्ग ने जाकर मुस्लिम लीग के खिलाफ वोट कर वतन परस्ती का सबूत पेश करते हुए भारत के पक्ष में वोट किया और सात सीटों पर जीत हासिल हुई।इसी क्रम में सन 1965 मे भारतीय पाकिस्तान की लड़ाई प्रारंभ हो गई और अमेरिका का पेटेंट टैंक के द्वारा साजिश रच कर इन दोनो देश के प्रति खून खराबा कराने की कोशिश की और इस साजिश को भारत का सपूत उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का निवासी परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद ने अमेरिकी सात पेटेंट टैंक को नेस्तनाबूद कर भारत की शान को बरकरार किया और अमेरिका के घमंड को चकनाचूर करते हुए आखिरी टैंक को उड़ाते हुए शहादत का जाम पी लिया।इन्होंने इनके कुबार्नी को सलाम पेश करते हुए अति पिछड़े समाज से कहा कि आप इसी वीरता के साथ देश की रक्षा करने वाले बने तथा उन्होंने कहा कि भारत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान से चलता है और इस संविधान में संवैधानिक आर्टिकल द्वारा हर वर्ग को आरक्षण दिया गया है।हम अति पिछड़ा समाज बाबा साहब के आरक्षण को समझें और पूर्व मे जिस तरह अति पिछड़ा मुस्लिम और अति पिछड़ा हिन्दू ने शान बढाई आज वही समय आ गया है जो हम लोग आपसी भाई चारे को समाज में फैलाएं और चिन्तन करें कि हम राजनीतिक गलियारे के प्रथम पंक्ति में कैसे आएंगे।वहीं मुख्य वक्ता डॉक्टर प्रोफेसर हबीबुल्लाह अंसारी ने कहा कि वर्तमान सरकार पर आलोचनात्मक शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि एक साजिश के तहत अति पिछड़ा समाज के छात्र एवं छात्रा ओं को आर्थिक,मानसिक रूप से विकलांग बनाया जा रहा है वो इसलिए कि इन वर्ग के कोई भी बच्चा भविष्य में इंजिनियर,डाक्टर,आइएएस,आईपीएस न बन सकें इसलिए अपने बच्चों को आधी रोटी खाकर भी जरूर पढ़ाएं ताकि इस भारत के संविधान को समझें और अपने अधिकार के लिए समय समय पर अपनी आवाज को बुलंद कर सके।क्योंकि भारत में वही जिन्दा रह सकता जो भारत के संविधान को समझेगा और इस संविधान को बचाएगा क्योंकि आज संविधान को खत्म की करने साजिश हो रही है।वहीं हेशामुद्दीन अंसारी अति पिछड़ा मुस्लिम संगठन बिहार ने कहा कि हमारे समाज को अच्छा कपड़ा,अच्छा मकान,अच्छा दुकान और अच्छा दस्तर खान हो गया लेकिन अफसोस की बात है कि राजनीतिक चेतना अभी तक इस समाज को नहीं मिली जिसके जिम्मेदार हमारा समाज ही है।इस भारत देश मे एक प्रतिशत वाले,दो प्रतिशत वाले,तीन प्रतिशत वाले,चार प्रतिशत वाले इत्यादि यहां के हिस्सेदार बने हैं लेकिन अफसोस की बात है कि चालीस प्रतिशत अति पिछड़ा पूरे भारत देश की आबादी में अकेला है फिर भी हमें बंटाईदार के तरह बने हुए है इसीलिए जब जगा तब सवेरा।आप इस सभा मे संकल्प लें कि इस समाज का पिछड़ेपन को दूर करते हुए एकजुट होकर हम सब भी हिस्सेदार बने।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्जीनियर शैलेन्द्र मंडल के हाथों पत्रकार डॉक्टर मोहम्मद कलीम अशरफ,मोहम्मद शाहनवाज अता,एजाज आदिल शाहपुरी को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का समापन अध्यक्षता कर रहे उस्मान शाह के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुरूष महिलाओं ने शिरकत की।

22 may 2022:Layout 1 7/4/2022 1:38 AM Page 12

आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की घटना, जसीडीह थाना में मामला दर्ज।

दैनिक समाज जागरण जसीडीह (मिथलेश कुमार)

जसीडीह थाना क्षेत्र के लीलूडीह गांव में आपसी विवाद को लेकर मारपीट व जान से मारने की धमकी की घटना को लेकर पीड़िता ने थाना को रविवार को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही करने की मांग की। पीड़िता रीना देवी ने आरोप लगाया है कि गांव के दो व्यक्ति जंगल से लकड़ी काट रहा था इसी दौरान एक वनकर्मी मौके पर पहुंचकर दोनों को जंगल से भगा दिया। दोनों घर पहुंच कर गाली गलौज करने लगा। जिस का विरोध करने पर तलवार लेकर घर में घुसकर जान से मारने की कोशिश कर रहा है । पुलिस ने शिकायत लेकर मामले की जांच में जुट गई।

पोक्शो एक्ट के फरार अभियुक्त पत्रकार अभिषेक सिंह के घर मे ढोलक बजाकर, चिपकाया इशतेहार

ढ़ोल बजाकर इशतेहार चिपकाती थाना प्रभारी, विकाश पासवान

दैनिक समाज जागरण विक्रम कुमार सिंह

कान्हाचट्टी :-राजपुर थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव निवासी पत्रकार अभिषेक सिंह के फरार रहने से राजपुर पुलिस उसके घर पर ईशतेहार चिपकाकर हिदायत दी हैं. राजपुर पुलिस ने कहा की राजपुर थाना के कांड संख्या 29/22 दिनांक 8/04/22 धारा 341,323,354,354(इ),376,511,क ढ. उ एंड 8पॉकसो एक्ट का अभियुक्त के निर्गत इशतेहार को विधिवत पूर्वक डुगडुगी बजाकर चिपकाया है और जल्द ही सरेंडर करने को कहा हैं.

कैसियर के दूसरे बैंक में हस्तांतरण होने पर ग्रामीणों ने सम्मानित कर दी विदाई

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका

शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के बेनागाड़िया के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के केसियर कामेश्वर साह का इस बैंक से दूसरे बैंक में हस्तांतरण हो गया है, वह 2021 से बेनागाड़िया के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में कार्यरत थे, इस मौके पर बेनागाड़िया के खाताधारकों ने केसियर को सम्मानित किया है क्योंकि ग्रामीणों का कहना है कि वह बहुत ही शांत स्वभाव, मिलनसार और मददगार व्यक्ति हैं वह हमेसा बैंक आये हुए व्यक्ति से अच्छे से बातें करते है और समस्या का समाधान करते है, मौके पर शाखा प्रबंधक रितु कुमार , पियुन विश्वनाथ , समाजसेवी सह व्यवसायी जितेन कुमार दास आदि बैंक कर्मचारी मौके पर मौजूद थे

पटना में अतिक्रमण हटाने पुलिस पर हमला हुआ है।

दैनिक समाज जागरण

इसमें कई पुलिस वाले बुरी तरह जख्मी हुए हैं। सिटी एसपी अमरीश राहुल भी इस हमले में घायल हुए हैं। पुलिस राजीव नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। इसके लिए 17 जेसीबी को लगाया गया है। 2000 से अधिक पुलिस बल की तैनाती की गई है।

स्थानीय लोगों के विरोध के बाद भी पुलिस की कार्रवाई नहीं रुक रही है। पुलिस मकानों को ध्वस्त कर रही है। लोग अपने घरों की छत से दूसरे घरों को टूटते हुए देखे रहे हैं। मौके पर पटना डीएम भी पहुंच चुके हैं।राजीव नगर थाना क्षेत्र के नेपाली नगर में 70 घरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा रोष है। पुलिस को कहना है जब हम अतिक्रमण हटाने आएं तो स्थानीय लोगों ने हम पर हमला कर दिया गया। लोगों के अपने घरों की छत से हम पर पत्थर फेंकें। इस दौरान हमारे कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। हालत को काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। नेपाली नगर में स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण है। बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई है।

देवघर : आज 03.07.22 रविवार को सुबह 11 बजे होटल अंजली के सभागार में युवा जिलाअध्यक्ष अतुल सिंह जी के नेतृत्व में एक बैठक किया

दैनिक समाज जागरण झारखण्ड

गया,जिसमें 12 तारीख को मोदी के स्वागत समारोह की तैयारी को लेकर

चर्चा किया गया, इस बैठक में सभी मंडल के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थिति थै, संथाल परगना परवारी सौरव कश्यब, देवघर जिला के मीडिया परवरी एवम सभी परखंड और जिला के मंडल और महामंत्री मौजूद थे, 12 तारीख को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के लिए बीजेपी के युवा जिला अध्यक्ष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें के सभी जिलों के मंडल और महामंत्री को बताया गया की सब अपने अपने कार्य मे रहना होगा,

से अररिया आने के क्रम में नरपतगंज पेट्रोल पंप के पास अररिया के पूर्व सांसद सरफराज आलम के गाड़ी पर जानलेवा हमला

दैनिक समाज जागरण अररिया संवादाता इस्तेखार आलम पटना

हमला किया गया वहीं पूर्व सांसद सरफराज आलम ने बताया कि मेरे गाड़ी पर भयानक आवाज किया गया और गाड़ी के बोनट पर एवं शीशे को भी पूरी तरह से चूर हो गया और मैं तेजी से किसी तरह जान बचाकर नरपतगंज थाना भाग कर आया और मेरा जान बज गया मैंने कई बार सिक्योरिटी गार्ड का मांग किया पर मुझे अभी तक सिक्योरिटी गार्ड नहीं दिया गया मुझे तो सीमांचल के जनता का प्यार और दुआ था मैं बाल बाल बज गया पूर्व सांसद सरफराज आलम ने कहा मैं सीमांचल के जनता का शुक्रगुजार हू उन्होंने कहा यह तो जांच का विषय है प्रशासन इनकी जांच करें जल से जल दोषियों पर कार्रवाई करें क्योंकि सीमांचल में अपराध बढ़ते जा रहे हैं

सदर अस्पताल में मरीजों को दवा की कमी न हो, दवा का रहता है पर्याप्त स्टॉक

सदर अस्पताल में सर्दी, खांसी से लेकर कोरोना तक की दवा मौजूद टीबी और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी की भी दवा यहां पर उपलब्ध

दैनिक समाज जागरण
छपरा (रुचि सिंह सेंगर)

सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को दवा मिल सके, इसलिए स्टॉक में पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध रहती है। दरअसल, सरकारी अस्पतालों में आमलोगों को लिए तमाम सुविधाएं हैं। जांच-इलाज से लेकर दवा तक मुफ्त में लोगों को मुहैया करवाई जा रही है। अभी बारिश का मौसम चल रहा है। इसलिए सर्दी-खांसी से लेकर टीबी और मलेरिया की दवा भी यहां पर उपलब्ध है। वहीं कोरोना के मरीज भी जिले में मिलने लगे हैं। इसलिए कोरोना की दवा भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अगर अस्पताल में मरीज को दवा नहीं मिले तो उसे खासा परेशानी हो सकती है, लेकिन सदर अस्पताल में सामान्य बीमारियों से संबंधित लगभग सभी तरह की दवा उपलब्ध है। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि फार्मासिस्ट को दवा की उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगातार कहा जाता है। ऐसी स्थिति नहीं बने कि मरीजों को अस्पताल में दवा नहीं मिल सके। इसे लेकर हमलोग लगातार आकलन करते रहते हैं।

अस्पताल प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद कहते है हमलोग दवा की उपबल्धता पर नजर रखते हैं। मरीज को दवा लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसे लेकर तैयारी करते हैं। अभी जैसे बारिश का मौसम चल रहा है तो सर्दी-खांसी के मरीज ज्यादा आ सकते हैं। इसलिए इन दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रहे, इस तरह से

हमलोग इंतजाम करते हैं। साथ ही मलेरिया, टीबी, दुर्घटना में घायल जो इलाज कराने आते हैं, उनलोगों के लिए भी सदर अस्पताल में दवा का पर्याप्त स्टॉक रहता है। यहां आमतौर पर अधिकतर सामान्य लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। उन्हें अगर दवा नहीं मिलेगी तो बाहर से खरीदने पर आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इसलिए दवा खत्म होने से पहले ही हमलोग मंगाकर रखते हैं।

कोरोना को लेकर विशेष सतर्कता:

पिछले सवा दो साल से कोरोना को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तीन लहर आई और चली गई, इस दौरान कभी भी मरीजों को दवा की कमी नहीं होने दी गई। त्रिपुरारि कहते हैं कि अभी कोरोना के मरीज फिर से मिलने लगे हैं। इसे लेकर पर्याप्त स्टॉक है। ऐसा नहीं है कि अभी मरीज मिल रहे हैं तो अभी ही दवा की उपलब्धता है। कुछ समय पहले तक जब कोरोना के मरीज नहीं मिल रहे थे, उस समय भी इसकी दवा का पर्याप्त स्टॉक मौजूद था।

प्रतिदिन सैकड़ों मरीज लेते हैं दवा:

डीपीएम अरविन्द कुमार कहते है कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज जांच औड़ इलाज कराने के बाद दवा लेने के लिए आते हैं। किसी दिन भी मरीजों की संख्या अधिक रहती है, उस दिन उसी हिसाब से तैयारी की जाती है। अहसास रहता है कि किस दिन अधिक मरीज रहेंगे, उस दिन उसी अनुसार तैयारी करते हैं। हालांकि आमदिनों में भी अगर मरीज ज्यादा आ जाए तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं होगी।

शिकारीपाड़ा मे मां बिपत्तारिणी की पूजा हर्षोल्लास के साथ हुई संपन्न

दैनिक समाज जागरण शिकारीपाड़ा/दुमका

आज शिकारीपाड़ा के सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण में मा बिपत्तारिणी की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ की गई पुरोहित के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ पूजा किया गया एवं पूजा करने आए वर्ती महिलाओं को पुरोहित द्वारा पूजा से संबंधित सारी कथा सुनाई , एवं वर्ती महिलाओं ने माता के चरणों में पुष्पांजलि अर्पण किए, प्रसाद के रूप में मां बिपत्तारिणी को दूब घास के साथ अनानास व आम सहित मौसमी फल चढ़ाए गए, और वर्ती सभी सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाई, इसके बाद परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण करने से पहले 13 गांठ वाला धागा बांह में बांधा। मान्यता है कि मां विपततारिणी के प्रसन्न रहने से घर में सुख-शांति रहती है। मां विपततारिणी की पूजा का विधान रथयात्रा के बाद पड़ने वाले मंगलवार या शनिवार को होता है, महुल पहाड़ी मे हर्ष उल्लास के साथ माबिपद्तारिणी की पूजा हुई संपन्न

वही शिकारीपाड़ा के महुलपहाड़ी मे सार्वजनिक पोखरिया मोहुलपाहाड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में मां बिपद्तारिणी की पूजा अर्चना हर्षोल्लास के साथ की गई, पुरोहित माखन ठाकुर ने पूजा करने आये महिलायो को पूजा से संबंधित सारी कथाएं सुनाई सभी लोग कथा ध्यान पूर्वक सुने, मौके पर समाजसेवी पूजा समिति अध्यक्ष सह सचिव सुचांद दास सदस्य दिलीप मंडल, उज्वल मंडल, बिरेन मंडल, बबलू मंडल , परेश मंडल , आदि ग्रामीण मौजूद थे

तावडू पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ उठाया ठोस कदम, अपराधियों को लोग शरण ना दें वरना अंजाम बुरा होगा: अरविंद कुमार

दैनिक समाज जागरण नूंह जुबैर खान

तावडू, 3 जुलाई :- पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों के तबादले कर दिए गए हैं। और सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। कि किसी भी सूरत में अवैध खनन चोरी लूटपाट ऑनलाइन ठगी टकलू बाजी जैसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सदर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने खोरी चौकी प्रभारी बलबीर सिंह व अन्य जवानों के साथ एक मीटिंग की मीटिंग में बताया गया कि क्षेत्र में नशा, शराब तस्करी, चोरी अवैध खनन लूटपाट जैसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई की जाए। अरविंद कुमार ने मीटिंग के दौरान यह भी बताया कि यदि थाने या चौकी में कोई भी पीड़ित अपनी शिकायत लेकर आता है तो उस पर गहनता से जांच करें और निष्पक्ष रुप से कार्रवाई करें। आमजन से दोस्ताना व्यवहार रखें आमजन के प्रति पुलिस की मित्रता अच्छे व बुरे लोगों की पहचान कराती है। इसी कड़ी में पुलिस जवानों को आदेश दिए कि रात के समय में पुलिस नागौर से गुजरने वाले वाहनों को चेक किया जाए। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि जिस तरीके से सोशल मीडिया द्वारा लूटपाट, चोरी डकैती, ऑनलाइन ठगी जैसी घटनाएं हमारे सामने आ रही है। उन्हीं को ध्यान में रखते हुए हमारा कर्तव्य बनता है कि जनता को हम जागरूक करें और ऑनलाइन ठगी टैटू बाजो के बहकावे में आकर जानवर माल का नुकसान ना करें। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि आमजन व कस्बे के बुद्धिजीवी और शिकायत कताओं के लिए थाने के द्वार हमेशा खुले रहेंगे, और अपराधियों को छुपने के लिए कहीं पर जमीन नहीं मिलेगी। क्षेत्र में किसी भी तरह का अपराध परदास नहीं किया जाएगा।

मुस्लिम का भेष बदलकर नूंह के घासेड़ा गांव पहुंचे यूपी के भिखारी निकले हिंदू , इलाके में मचा हड़कंप

दैनिक समाज जागरण नूंह जुबैर खान

नूंह आपको बता दें कि मैं मेवात जिले में सुबह तड़के उस समय हड़कंप मच गया जब चार भिखारी अपना मुस्लिम तरीके का लिबास बदलकर घासेड़ा गांव में भीख मांगने के लिए पहुंच गए । जब गांव में भीख मांग रहे थे तो किसी व्यक्ति ने शक करते हुए उनकी पहचान के लिए आइडेंटी कार्ड मांग लिए । उसके बाद उनका पूरा राज खुल गया । जिसमें चारों की पहचान हिंदू समाज से हुई । सभी चारों बुजुर्ग हैं जिनमे दो ब्लाइंड है जिन्हें दिखाई नहीं देता । घसेड़ा गांव के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों को अपने कब्जे में ले लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी । बताया जा रहा है कि मेवात में भीख मांगने के लिए यूपी से बीती रात को एक ट्रक में सफर करके मेवात आए थे । इनके पास करीब सो डेड सो रुपए थे जिन्हें ट्रक वाले ने किराया ले लिया । फिलहाल पुलिस ने इन चारों की तलाशी ली गई तो आइडेंटी कार्ड के अलावा 20 ड्ट30 की नकदी मिली जिन्होंने भीख से कमाए बताए जा रहे हैं । बताया जा रहा है कि मेवात में दानदाताओं की कोई कमी नहीं है यहां पर एक भिखारी को कम से कम एक घर से ड्ट10 आसानी से मिल जाते हैं । इसलिए यह लोग मेवात में भीख मांग कर अपना गुजारा करते हैं । और पेट की भूख मिटाते है । बताया जा रहा है कि इनका शुरू से ही मुस्लिम रिवाज में ही भीख मांगने तरीका है , लेकिन हैरत की बात तो यह है कि इस तरह की घटना से पूरे मेवात इलाके में हड़कंप मच गया है । मेवात क्षेत्र में अलग-अलग चचाओं का बाजार गर्म है फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है । अगर कुछ इंसानियत बची है तो धर्म जाति को छोड़कर पहले इंसान की कद्र करें । इंसान बचा

खामोशी के साथ मेहनत करें ताकि सफलता खुद शोर मचा दे: डॉ पूनम सिंह

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। बिहार कला एवं सांस्कृतिक परिषद की ओर से ग्लोरी ऑफ बिहार अवार्ड का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अपने अपने क्षेत्र के प्रबुद्ध एवम शिक्षाविद लोगों को ग्लोरी ऑफ बिहार सम्मान से सम्मानित किया गया था। वहीं बता दें कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान संकाय की विभागाध्यक्ष डॉक्टर प्रोफेसर पूनम सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में ग्लोरी ऑफ बिहार के सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसको लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय में चल रहे पीएचडी कोर्स वर्क के छात्र छात्राओं के बीच काफी खुशी का माहौल है। जिसको लेकर शनिवार के दिन प्रोफेसर डॉ आशा रानी एवं सभी छात्र छात्राओं के द्वारा डॉक्टर पूनम सिंह को शॉल और पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया।

वहीं मनोविज्ञान संकाय की प्रोफेसर डॉ आशा रानी ने छात्रों के बीच अपनी बात रखी और अपने संबोधन में कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह को बिहार कला सांस्कृतिक परिषद के द्वारा इन्हें शिक्षा के क्षेत्र में ग्लोरी ऑफ बिहार का अवार्ड दिया गया है। जो जयप्रकाश विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इसलिए सभी छात्र छात्राओं को इनसे प्रेरणा लेना चाहिए और जीवन मे हमेशा बिना किसी सहारा का अपनी मेहनत आगे बढ़ने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। जिससे कामयाबी जरूर मिलती है।

वहीं आज के इस आयोजन में डॉ पूनम सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार पाना बहुत ही अच्छा लगता है। लेकिन उसके लिए आप जिस किसी भी क्षेत्र में है। उस क्षेत्र में लगन के साथ कड़ी मेहनत की अवश्यकता पड़ती है तब जाकर कामयाबी मिलती है। वैसे भी इंसान को खामोशी के साथ मेहनत करना चाहिए ताकि सफलता खुद शोर मचा दे।

वही आज के इस आयोजन में शोधार्थी अपर्णा कुमारी,पूजा सिंह,रितु कुमारी,सरिता कुमारी,फिरोज अंसारी,मनोरंजन पाठक अली इमाम,विजय कुमार,आकाश कुमार,लक्ष्मण सिंह,पूजा कुमारी,ब्रजभूषण यादव,प्रियंका कुमारी,मनीषा कुमारी,सहित दर्जनों शोधार्थी मौजूद रहे।

15 दिनों से बंद पड़े चापाकल का समाजसेवी की पहल से हुआ मरम्मत

मिस्त्री को बुलवा कर खुद कार्यस्थल पर पहुंच कर कहा जनहित में कार्य करता रहा हूं और करता रहूंगा सियाराम

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता/ अनिल कुमार

मोहनपुरः प्रखंड के बांक पंचायत के परीक्षण महाविद्यालय के अंतर्गत पिछले 15 दिनों से चापाकल खराब हो जाने के कारण यहां के स्थानीय छात्र छात्राओं पेयजल की समस्या से जूझ रहे थे। साथ ही आमजन को पानी पीने के लिए प्रतिदिन मोहताज होना पड़ता था। जिसे लोग दरबदर भटक कर अपनी किसी तरह प्यास बुझाने को मजबूर थे। दूसरी ओर पंडित टोला में भी चापाकल खराब हो जाने के कारण ग्रामीण प्यास बुझाने को लेकर लगातार मरम्मत की मांग की पर किसी ने पहल नहीं दिखाएं । उधर

इस बात को जानकारिया स्थानीय ग्रामीणों ने प्रखंड महासचिव सियाराम मंडल युवा राजद को दी गई। जानकारी मिलते ही उन्होंने पूर्व मंत्री सुरेश पासवान को दी। जिसके पहल पर खराब पड़ी दो चापाकल की मरम्मत कराकर पानी उपलब्ध कराएं जिससे मोहल्ले वासियों और पानी से परेशानी से बहुत हद तक निजात मिल गई। जिसे ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया है। सियाराम जी ने कहा कि समाज के प्रति हमेशा जनहित में कार्य कर रहा हूंऔर आगे भी करता रहूंगा।

दूत कार्यबल 194 वाहिनी के वृक्षारोपण अभियान की एक अनूठी पहल

दैनिक समाज जागरण नूंह जुबैर खान

तावडू,3 जुलाई:- केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के विशेष बल दूत कार्य बल 194 वी वाहिनी के कमांडेंट श्री राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में श्री मनोरंजन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं बटालियन के अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों के प्रयासों से एक जुलाई 2022 से एक विशेष पौधारोपण अभियान की शुरूआत की जा रही है। जो 15 जुलाई 2022 तक लगातार चलेगा। बटालियन के अधिकारियों के पहले प्रयास में ही 1 जुलाई को वाहिनी के इंद्री गांव में स्थित कैम्प्स में 3000 पौधे लगाए गए। ए/194 वाहिनी के कंपनी कमांडर श्री नरसी सिंह लोधी(सहा० कमां०) श्री महेंद्र कुमार यादव (सहा० कमां०) निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश, निरीक्षक छविराम यादव, निरीक्षक रणसिंह, निरीक्षक योगेंद्र कुमार बसीठा तथा कंपनी के अन्य जवानों ने वन महोत्सव के इस अभियान को सफल बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया। इस अभियान के तहत वाहिनी के द्वारा अभी तक 7000 गड्ढे पौधे लगाने के लिए खोदे जा चुके हैं। तथा नुह जिला प्रशासन तथा जिला नूह के वन अधिकारियों के सहयोग से 6000 पौधे वाहिनी को प्रदान किए जा चुके हैं। जिनमें मुख्य मौसमी, पपीता, अमरूद, नींबू, सुहाजना, बदाम,पापड़ी,जामुन,आंवला,हेज, चंपा,नीम, शीशम, लखन, गुलमोहर आदि पेड़ वन अधिकारियों के सहयोग से उपलब्ध करवाए गए। जिनका पौधरोपण अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान रहा है। बता दें कि 1 जुलाई से 15 जुलाई तक चलने वाले इस वृक्षारोपण अभियान के लिए वाहिनी के श्री महेंद्र कुमार यादव (सहा०कमां०) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो पौधशालाओं से पौधों के प्राप्ति से लेकर उनकी गुड़ाई पौधारोपण स्थलों का चुनाव पौधों की सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी पहले से तय की गई है। वाहिनी के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी वाहिनी के द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा चुका है। नोडल अधिकारी श्री महेंद्र कुमार यादव (सहा० कमां०) ने बताया कि प्रदूषण का स्तर इतना बढ़ गया

है। इससे बचने का एकमात्र उपाय हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। ग्लोबल वार्मिंग के इस समय में सभी लोगों को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। पौधारोपण बहुत जरूरी है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। अधिक से अधिक पौधे लगाने से बड़ी कोई और प्रकृति व मानवता की सेवा नहीं हो सकती। वर्तमान में किए गए वृक्षारोपण का लाभ आने वाले समय में दिखेगा साथ ही आसपास के लोगों को भी वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया गया। तथा कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की गई।

तावडू पुलिस के हाथों लगी एक और बड़ी कामयाबी चोरी की बाइक सहित एक चोर गिरफ्तार मामला दर्ज।

दैनिक समाज जागरण नूंह जुबैर खान

तावडू, 3 जुलाई :- तावडू पुलिस के हाथ लगी एक और बड़ी कामयाबी, बताते चलें कि जिस दिन से शहर थाने के प्रभारी का तबादला हुआ है तब से नवनियुक्त थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने जिम्मेदारी संभाली है तब से लेकर अपराधियों के हौसले पस्त हो गए हैं या फिर यूं कहें कि अपराधियों का क्षेत्र में जीना दुश्वार कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक बता दें कि तावडू पुलिस द्वारा नाकाबंदी कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिस्को लेकर तावडू पुलिस के हाथों कामयाबी ही कामयाबी हाथ लग रही है गौरतलब है कि नाकाबंदी कर नोमान पुत्र वहीद निवासी बागोर जिला अलवर को तावडू पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान चोरी की बाइक के साथ धर दबोचा। शहर थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह ने बताया की शातिर बदमाश चाहे कितना भी होशियार क्यों ना बने उसको एक ना एक दिन कानून की धरपकड़ मैं आना ही है। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि जिस वक्त नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी अचानक से चोरी की बाइक से अपराधी नोमान पुत्र वहीद आ रहा था। इस ने पुलिस को देख कर पुलिस से भागने की कोि-

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के साथ अधिकारियों की टीम ने सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का किया अहले सुबह पैदल निरीक्षण....

दैनिक समाज जागरण झारखण्ड

राजकीय श्रावणी मेला, 2022 को लेकर उपायुक्त सह दंडाधिकारी श्री मंजूनाथ भजंत्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुभाष चंद्र जाट द्वारा आगामी श्रावणी मेला के मद्देनजर बाबा बैद्यनाथधाम आने वाले देवतुल्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक व दुरूस्त इंतजाम को लेकर अहले सुबह (05 बजे) मेला क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान सर्वप्रथम दुम्मा कांवरिया पथ से व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए देवपुरा, बांक, सरासनी एवं दर्दमारा गेट तक व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर की जाने वाली तैयारियों की बारीकी से जांच करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंता को शेष बचे कार्यों को ससमय दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए कांवरिया पथ में श्रद्धालुओं की सुविधा अनुरूप कार्यों को दुरुस्त करने का आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ हीं ने पूरे कांवरिया रूटलाईन में बालू बिछाव पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया एवं मेहिन बालू का हीं प्रयोग पूरे रूटलाईन में करने का निदेश दिया संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को दिया, ताकि पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा कठिनाईयों का सामना न करना पड़े।

इसके अलावे पैदल निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने कांवरिया पथ में बनाये जाने वाले प्रशासनिक शिविर, ओपी, स्वास्थ्य केन्द्र, विद्युत व्यवस्था, सूचना-सह-सहायता केन्द्र, होल्डिंग प्वाइंट, शौचालय, स्नानागर, इंद्र वर्षा के अलावा कांवरिया पथ के किनारे एवं गाँव के बाहर पथों की विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया। आगे उपायुक्त ने कहा कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई हेतु अलग-अलग टीम बनायें, जो कि अपने-अपने क्षेत्र में चैबिसों घंटे कार्यरत रहेंगें। साथ ही उन्होंने कांवरिया पथ में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था, शौचालयों की साफ-सफाई के अलावा नलों से निकलने वाले पानी पथों पर जहां-तहां न बहे इस हेतु उपायुक्त द्वारा कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे गर्मी को देखते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, देवघर एवं नगर निगम के अधिकारियों को निदेशित किया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ चौबीसों घंटे मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया, ताकि कांवरिया पथ एवं रूटलाईन में पेयजल आपूर्ति की समस्या किसी भी सूरत में उत्पन्न न हो।

■ उपायुक्त ने कांवरिया पथ में सुरक्षित और व्यवस्थित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश....

इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल के अधिकारियों को निदेशित किया कि रूटलाईन के साथ-साथ सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था को दुरूस्त करते हुए पूरे कांवरिया पथ में मैटल लाईट लगाई जाय, जिससे कांवरिया पथ पूरी तरह से प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित रहे और श्रद्धालुओं को आवागमन करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। साथ हीं बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे इस हेतु बैक अप प्लान के साथ-साथ अन्य संबंधित व्यवस्थाओं को भी पूरी तरह दुरूस्त कर रखें। इसके अलावे आध्यात्मिक भवन के कार्यो का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने शेष बचे कार्यो को पूर्ण करते हुए परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। आगे उन्होंने रूटलाईन के बीच में पड़ने वाले पुल के दोनों और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा रुटलाइन के आस-पास नीचे झुकी हुई सभी तार को जल्द से जल्द ठीक करने का निदेश दिया। साथ ही कांवरिया पथ के बीच में सूखे पेड़ व डालियों को हटाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इसके अलावे उपायुक्त ने बाघमारा बस स्टैंड के कार्यो का निरीक्षण करते हुए मौके पर उपस्थित एजेंसी के अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया।

■ श्रद्धालुओं के आवश्यकता अनुरूप क्यू कॉम्प्लेक्स की सुविधा को करें जल्द पूर्णः- उपायुक्त....

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने क्यू-कम्पैक्स, मनसिंघी, इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल रूम, तिवारी चौक, बी एड कॉलेज, जलसार पार्क, आदि जगहों पर चल रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए शेष बचे कार्यो ससमय पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु देश-विदेश से बाबा बैद्यनाथधाम पहुँचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इस का विशेष रूप से ध्यान रखने की आवश्यकता है। इसके अलावे निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि मेला के दौरान श्रद्धालुओं के लिए अपने-अपने विभाग द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं को आपसी समन्वय के साथ और भी बेहतर बनाते हुए कार्यों को ससमय निष्पादित करें।

इस दौरान पैदल निरीक्षण के क्रम में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचंद, प्रशासक देवघर नगर निगम श्री शैलेंद्र कुमार लाल, अनुमंडल पदाधिकारी श्री अभिजीत सिन्हा, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), जिला खनन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवघर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मोहनपुर, अंचल अधिकारी देवघर, अंचल अधिकारी, मोहनपुर कार्यपालक दण्डाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल देवघर, कार्यपालक अभियन्ता विद्युत संचरण प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता , ग्रामीण कार्य प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता , भवन निर्माण निगम, देवघर, कार्यपालक अभियन्ता, पथ प्रमंडल , देवघर, जिला योजना पदाधिकारी - सह - सचिव लॉजिंग हाउस कमिटि, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, डी.सी. सेल के प्रतिनियुक्त अधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।